Established 1865
# पायनियर
रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-112
रायपुर, गुरुवार 11 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

# आत्मसमर्पित नक्सलियों पर दर्ज प्रकरणों को वापस लेगी राज्य सरकार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सिविल लाईन स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिसमें मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों के निराकरण/ वापसी संबंधी प्रक्रिया को अनुमोदित किया है। मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा एवं परीक्षण के लिए, जिन्हें न्यायालय से वापस लिया जाना है, मंत्रिपरिषद उप समिति के गठन को स्वीकृति दी है। यह समिति परीक्षण उपरांत प्रकरणों को मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगी। यह निर्णय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के प्रावधानों के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों के अच्छे आचरण तथा नक्सलवाद उन्मूलन में दिए गए योगदान को ध्यान में रखकर उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरणों के निराकरण पर विचार का प्रावधान है। आत्मसमर्पित नक्सलियों के प्रकरण वापसी की प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। यह समिति आत्मसमर्पित नक्सली के अपराधिक प्रकरणों की वापसी के लिए रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेगी। पुलिस मुख्यालय अभिमत सहित प्रस्ताव भेजेगा। शासन द्वारा विधि विभाग का अभिमत प्राप्त कर मामलों को मंत्रिपरिषद उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उपसमिति द्वारा अनुशंसित प्रकरणों को अंतिम अनुमोदन हेतु मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा। केंद्रीय अधिनियम अथवा केंद्र सरकार से संबंधित प्रकरणों के लिए भारत सरकार से आवश्यक अनुज्ञा प्राप्त की जाएगी। अन्य प्रकरणों को न्यायालय में लोक अभियोजन अधिकारी के माध्यम से वापसी की प्रक्रिया हेतु जिला दण्डाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के विभिन्न कानूनों को समयानुकूल और नागरिकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से 14 अधिनियमों में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। उल्लेखनीय है कि कई अधिनियमों में उल्लंघन पर जुर्माना या कारावास के प्रावधान होने से न्यायिक प्रक्रिया लंबी हो जाती है, जिससे आम नागरिक और व्यवसाय दोनों अनावश्यक रूप से प्रभावित होते हैं। ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए इन प्रावधानों का सरलीकरण आवश्यक है। इससे पहले, राज्य सरकार द्वारा 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में संशोधन करते हुए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2025 अधिसूचित किया गया है। अब 11 विभागों के 14 अधिनियमों में 116 प्रावधानों को भी सरल और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह विधेयक लाया जाएगा। इस विधेयक में छोटे उल्लंघनों के लिए प्रशासकीय शास्ति का प्रावधान रखा गया है, जिससे मामलों का त्वरित निपटारा होगा, न्यायालयों का बोझ कम होगा और नागरिकों को तेजी से राहत मिल सकेगी। साथ ही, कई अधिनियमों में दंड राशि लंबे समय से अपरिवर्तित होने के कारण प्रभावी कार्यवाही बाधित होती थी, इस विधेयक से वह कमी भी दूर होगी।

## विवक न्यूज़

### स्पाइसजेट ने की 100 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा




**नयी दिल्ली।** इंडिगो संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने विंटर शिड्यूल के दौरान रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। स्पाइसजेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि महत्वपूर्ण मार्गों पर बढ़ती मांग के मद्देनजर उसकी योजना रोजाना 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की है। नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद ये उड़ानें शुरू की जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि इंडिगो संकट के बीच नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो को विंडर शिड्यूल की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद उसे रोजाना 210 से अधिक उड़ानें कम करनी होंगी। उनकी जगह दूसरी एयरलाइंस को मौका दिया जायेगा।

### कड़ाके की ठंडः 17 जिलों में शीतलहर अलर्ट जारी

**रायपुर।** प्रदेश में ठंड ने इस हफ्ते अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक प्रदेश में हाड़ कंपा देने वाली ठंड जारी रहेगी। कई जिलों में शीतलहर की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक सरगुजा संभाग में तापमान लगातार गिर रहा है। विशेषकर अंबिकापुर और मैनपाट में स्थिति बर्फ जमने जैसी स्थिति दिखी गयी है, जहां न्यूनतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। रायपुर के माना एयरपोर्ट में भी रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है, जिससे देर रात चलने वाली बर्फीली हवा लोगों को कंपकंपा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि आने वाले दिनों में रात में ठंड और बढ़ेगी। अगर पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश तक नहीं पहुंचा, तो दिसंबर का दूसरा सप्ताह तापमान में और गिरावट आ सकती है।

### वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली दूसरे स्थान पर



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार कोहली की रैंकिंग में दो स्थान का सुधार हुआ और वह रैंकिंग में अब केवल रोहित शर्मा से पीछे हैं। रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक शतक और एक अर्धशतक लगाने के बाद पहली बार एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे और वह अभी भी शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफतीन मैचों की सीरीज में कुल 146 रन बनाए। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 302 रन बनाए थे और उन्हें प्लेयर ऑफद सीरीज भी चुना गया था।

## हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार : राष्ट्रपति मुर्मू




पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुर्मू ने यह बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है। मुर्मू ने कहा, 'हमने दुनिया को याद दिलाया है कि मानवाधिकारों को विकास से अलग नहीं किया जा सकता। साथ ही, भारत ने हमेशा इस शाश्वत सत्य का पालन किया है: न्याय के बिना शांति नहीं है और शांति के बिना न्याय नहीं है।' मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि अंत्योदय के दर्शन के अनुरूप, अंतिम व्यक्ति सहित सभी के लिए मानवाधिकार सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में राष्ट्र की विकास यात्रा में प्रत्येक नागरिक को सक्रिय भागीदार होना चाहिए। तभी विकास को सही मायने में समावेशी कहा जा सकता है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, न्यायपालिका और नागरिक समाज के साथ मिलकर संवैधानिक विवेक के सतर्क प्रहरी के रूप में काम करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के लोगों, साथ ही महिलाओं और बच्चों से जुड़े कई मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मानावधिकार आयोग ने इस साल अपने स्थापना दिवस समारोह के दौरान जेल में बंद कैदियों के मानवाधिकारों के विषय पर विस्तार से चर्चा की।

## प्रभु श्रीराम के आदर्श हमेशा ऐसे ही हमारा मार्गदर्शन करते रहें : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' की सूची में शामिल किये जाने का स्वागत करते हुए प्रभु श्रीराम से लोगों का मार्गदर्शन करने की कामना की है। पीएम मोदी ने इस फैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, देश और दुनिया के लोगों में गजब का उत्साह है। दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों के बेहद करीब है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची का हिस्सा बनने के बाद दीपावली को दुनियाभर में और अधिक लोकप्रियता मिलेगी। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रभु श्रीराम के आदर्श हमेशा ऐसे ही हमारा मार्गदर्शन करते रहें। उल्लेखनीय है कि यहां स्थित लाल किला में हुयी संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की बैठक में बुधवार को इस पर्व को संस्था की 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची' में शामिल करने का फैसला लिया है।

## मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयोग चयन समिति से हटाने की वजह बताएं : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार बताये कि उसने चुनाव आयोग के चयन समिति से किस कारण मुख्य न्यायाधीश को हटाने का निर्णय लिया है। राहुल गांधी कहा कि चुनाव आयोग के चयन निष्पक्ष चयन के लिए गठित समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य न्यायाधीश होते हैं लेकिन सरकार ने समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को रखने का फैसला किया है। यह निर्णय किस कारण से लिया गया इसकी वजह सरकार को बतानी चाहिए। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'भारत की जनता ये तीन बहुत ज़रूरी और सीधे सवाल पूछ रही है। पहला सवाल है कि उच्चतम न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्त के चयन के पैनल से क्यों हटाया गया। पिछले आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग को लगभग पूरी कानूनी इम्युनिटी क्यों दी।

## 82 लाख रुपये के इनामी 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता पखांजूर
www.dailypioneer.com



गढ़चिरौली जिले में नक्सलवाद को एक और बड़ा झटका लगा है। यहाँ 11 नक्सलियों ने स्वयं सरेंडर किया, जिससे इलाके में सुरक्षा बलों और प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 82 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन की लगातार कार्रवाई और सूचना तंत्र की मदद से ये नक्सली अपने हथियारों के साथ सरेंडर हुए। सरेंडर करने के बाद नक्सलियों ने अपने सभी हथियार भी सुरक्षा बलों के हवाले कर दिए। सरेंडर किए गए नक्सलियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच तथा रिहेबिलिटेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस घटना ने गढ़चिरौली और आसपास के क्षेत्रों में नक्सलवाद को कमजोर करने में मदद की है और सुरक्षा बलों के प्रयासों को सफल साबित किया है। यह कदम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास को बढ़ावा देने की दिशा में भी अहम माना जा रहा है। वहीं, कांकेर से बड़ी खबर सामने आई है, जहां नक्सल मोर्चे पर पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जिले में 4 नक्सली, जिन पर कुल 23 लाख रुपये का इनाम घोषित था, कुछ ही देर में पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण करेंगे। यह घटना इलाके में नक्सलवाद को कमजोर करने और सुरक्षा बलों की मेहनत को रंग लाने वाली मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में कंपनी नंबर 10 का सदस्य भी शामिल है, जो लंबे समय से नक्सल गतिविधियों में सक्रिय था। सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार की जा रही कार्रवाई के परिणामस्वरूप इस सफलता को हासिल किया।

## वीडियो में छेड़छाड़ एवं एडिट कर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ भाजपा ने की शिकायत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संबोधन के वीडियो में छेड़छाड़ एवं एडिट कर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल एसपी कार्यालय पहुँचा। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मुख्यमंत्री साय 02 दिसम्बर को जिलास्तरीय वार्षिक सामाजिक सम्मेलन एवं सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने बोईरदादर रायगढ़ गए थे जहाँ मुख्यमंत्री ने जनता एवं किसानों को संबोधित करते हुए कहा था कि आने वाले समय में यदि आदिवासी समाज के बेटा बेटी अपना कोई उद्योग धंधा शुरू करते हैं तो उन्हें एक रुपए एकड़ में जमीन मुहैया कराई जाएगी। लेकिन रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की निवासी मनीषा गोंड़ द्वारा अपने फेसबुक आई.डी. के जरिये मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से अपने गलत तथ्यों को जोड़कर तथा भाषण को तोड़-मरोड़कर, एडिट कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल किया गया है, जिससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि इसी प्रकार भूपेश है तो भरोसा है नाम के फेसबुक पेज से भी उक्त वीडियो को छेड़छाड़ कर, एडिट कर वायरल किया गया है। उक्त दोनों वीडियो के वायरल होने से छत्तीसगढ़ की जनता, किसान और आदिवासी समाज काफी रुष्ट है और उनकी भावनाओं को ठेस पहुँची है। मुख्यमंत्री साय की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से वायरल किये गये एडिट वीडियो के पीछे प्रदेश की विपक्षी राजनीतिक पार्टियों की साजिश हो सकती है, जिसकी जाँच कर मामले की तह तक जाना आवश्यक है। मनीषा गोंड़ और भूपेश है तो भरोसा है पेज के आई.डी. होल्डर के द्वारा किया गया दुष्कृत्य जघन्य अपराध है।

## बस्तर ओलंपिक : गृहमंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग 11 से 13 दिसंबर तक बस्तर ओलम्पिक 2025 का संभाग स्तरीय आयोजन करने जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। पारंपरिक खेलों, जनजातीय संस्कृति और युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित यह आयोजन प्रदेश के खेल कैलेंडर का एक महत्त्वपूर्ण है। बस्तर ओलम्पिक 2025 में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी पारंपरिक एवं आधुनिक खेल विधाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। यह उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र के युवाओं को नक्सल प्रभाव से दूर कर शासन के मुख्यधारा में लाने और खेल के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति और भय मुक्त वातावरण तैयार करने की कल्पना से राज्य शासन ने बस्तर ओलंपिक का आयोजन प्रारंभ किया था। इस वर्ष के आयोजन की विशेषता यह है कि देश की महान बॉक्सर मैरी कॉम बस्तर ओलंपिक 2025 के उद्घाटन समारोह में 11 दिसंबर को अपनी उपस्थिति से खिलाडियों का उत्साहवर्धन करेंगी। इसी प्रकार भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया बस्तर ओलंपिक के समारोह में 13 दिसम्बर को खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने उपस्थित रहेंगी।

## कोल स्कैमः नवनीत तिवारी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कोयला घोटाला मामले में मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी के रिश्तेदार नवनीत तिवारी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्य न्यायाधीश सुर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने उन्हें जमानत प्रदान कर दी है। नवनीत तिवारी पिछले चार महीने से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। नवनीत तिवारी, मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद चर्चित कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के रिश्ते के भाई हैं। ईडी और ईओडब्ल्यू की जांच में नवनीत को अवैध कोल लेवी सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य बताया गया है। आरोप है कि वह रायगढ़ जिले में कोल व्यवसायियों और ट्रांसपोर्टरों से करोड़ों रुपये की अवैध वसूली करता था और यह रकम नियमित रूप से रायपुर पहुंचाई जाती थी। जांच एजेंसियों ने यह भी दावा किया है कि नवनीत ने सूर्यकांत तिवारी की बेनामी संपत्तियों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईडी ने नवनीत को 2022 में इस हाई-प्रोफाइल केस में आरोपी बनाया था। इसके बाद वह लगातार फरार रहा। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शशांक मिश्रा ने तर्क रखते हुए बताया कि नवनीत की गिरफ्तारी परिस्थितिजन्य तथ्यों पर आधारित है, और वह जांच में सहयोग के लिए तैयार है। इन दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

## वंदे मातरम् पर राज्यसभा में दूसरे दिन की बहस : सत्ता पक्ष पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने का आरोप

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा में विपक्ष ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित चर्चा के दूसरे दिन भाजपा पर इस बहस के जरिये इतिहास को तोड़-मरोड़ कर राजनीति करने का आरोप लगाया जबकि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरणा देने वाले इस गीत को राष्ट्र गीत के रूप में अपनाते समय कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते इसके कई अंतरों को छोड़ दिया था। भाजपा के नरहरि अमीन ने कहा कि स्वदेशी और वंदे मातरम् हमारे स्वाधीनता सेनानियों की रणनीति और प्रेरणा के स्रोत थे। कांग्रेस के जयराम रमेश ने वंदे मातरम् को छोटा करने में पं. जवाहरलाल नेहरू की भूमिका को लेकर लगाये जाने वाले आक्षेपों को खारिज किया। उन्होंने 1937 से 1940 के बीच डॉ. राजेंद्र प्रसाद, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, आचार्य जे.बी. कृपलानी और सी राजगोपालाचारी और सुभाषचंद्र बोस जैसे कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं के बीच बंकिमचंद्र चटोपाध्याय द्वारा लिखे गये इस गीत पर पत्रों के आदान-प्रदान का जिक्र किया और कहा कि 28 अक्टूबर 1937 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में कांग्रेस की कार्य समिति ने इस गीत के दो अंतरों को अपनाये और गाये जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 101 करोड़ से अधिक के 119 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान आत्मगौरव, संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजो को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 101 करोड़ 44 लाख 53 हजार रूपए के 119 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जिसमें 25 करोड़ 89 लाख 48 हजार रूपए के 31 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 75 करोड़ 55 लाख 5 हजार रूपए के 88 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। उन्होंने सोनाखान में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना अंतर्गत बस सेवा प्रारम्भ करने, सोनाखान में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु 75 लाख, सियान सदन निर्माण हेतु 50 लाख, मड़ई मेला स्थल में शौचालय निर्माण हेतु 20 लाख देने, सोनाखान में इको टुरिज्म विकास एवं सड़क निर्माण हेतु राशि बजट में शामिल कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में 10 हितग्राहियों को पीएम आवास ग्रामीण की चॉबी सौंपी गई। इसके साथ ही हम होंगे कामयाब अंतर्गत 37 युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं आदिवासी समाज के 5 प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज सोनाखान के पावन भूमि में शहिद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री के नाते दूसरी बार यहां आने का अवसर मिला है। राज्य की तरफ से उन्हें नमन है। उन्होंने कहा कि वे एक वीर सपूत थे, अंग्रेजी सरकार से हाथ नहीं मिलाया। गरीबों के अधिकार और न्याय के लिए लड़ाई लड़ी। अकाल के समय उन्होंने गरीबों को अनाज बांट दिया। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह को फांसी दे दी। शहीद वीर नारायण सिंह स्वाभिमान, अन्याय का प्रतिकार, संघर्ष और आत्मगौरव के लिये लड़ते रहे। हमें उनकी आदर्शो पर चलकर गरीबों का साथ देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली घोषणा लगभग पूरी हो गई है।आज भी 101 करोड़ से अधिक के लोकार्पण-भूमिपूजन हो रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाया जा रहा है। हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। नियुक्ति पत्र मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को 2 साल होने वाला है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हमारी सरकार ने एक साल में मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वायदे पूरा कर दी है।

## एसआईआर की समय सीमा 3 माह बढ़ाई जाए : दीपक बैज



**रायपुर।** कांग्रेस ने एसआईआर की समय सीमा तीन माह बढ़ाने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अंतिम दिन है। अभी तक भौतिक रूप से 50 फीसदी मतदाताओं का प्रपत्र भरकर जमा नहीं हुआ है ऐसे में सभी का एसआईआर कैसे हो पायेगा? आयोग सिर्फ कागजी दावे करता है कि 99.98 प्रतिशत लोगों का फार्म जमा हो चुका है जबकि अभी भी बहुत लोगों तक फार्म नहीं पहुंचा है और जमा भी नहीं हुआ है। आयोग कहता है 99.98 प्रतिशत डिजिटलीकरण का काम पूरा हो गया है, जबकि 22 लाख लोगों तक बीएलओ पहुंच नहीं पाये है। सभी का एसआईआर हो सके इसलिए भी समय सीमा बढ़ाया जाना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंप कर छत्तीसगढ़ में एसआईआर की अवधि को तीन माह बढ़ाये जाने की मांग किया था।

## भाजपा ने संभाग प्रभारियों की नई टीम घोषित की संगठनात्मक जिम्मेदारियों का व्यापक पुनर्विन्यास

**रायपुर।** भाजपा ने प्रदेश में संगठनात्मक ढांचे को और मजबूती देने के उददेश्य से संभाग प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की एक नई सूची जारी कर नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी द्वारा जारी सूची में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का पुनर्वितरण किया गया है, वहीं पूर्व विधायक नवीन मारकंडे को प्रदेश पार्टी मुख्यालय का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नवीन व्यवस्था के तहत यशवंत जैन को बस्तर संभाग का प्रभारी बनाया गया है, जबकि उनके सहयोग के लिए हरपाल सिंह भामरा को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रायपुर संभाग की कमान अखिलेश सोनी को दी गई है और राजीव सिंह को सह-प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बिलासपुर संभाग की जिम्मेदारी जगदीश रामू रोहरा को सौंपी गई है, जबकि अभिषेक शुक्ला को उनके सह-प्रभारी के रूप में जोड़ा गया है। दुर्ग संभाग की जिम्मेदारी जगन्नाथ पाणिग्रही को दी गई है। वहीं सरगुजा संभाग का दायित्व अब अवधेश सिंह चंदेल देखेंगे। पार्टी का कहना है कि यह नया दायित्व वितरण आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# ड्रोन तकनीक से किसान पा रहे हैं सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की नई ताकत: राम कृपाल यादव

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का संकल्प है कि खेती को आधुनिक, वैज्ञानिक और टिकाऊ बनाया जाए, जिससे किसान भाई-बहनों का परिश्रम अधिक लाभ में बदल सके। कृषि मंत्री यादव ने बयान जारी कर कहा कि बिहार का किसान सिर्फ खेत नहीं जोत रहा, बल्कि तकनीक की ताकत से भविष्य की खेती गढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि रोपण, सिंचाई, कटाई और ग्रेडिंग जैसे कार्यों में मशीनों के बढ़ते उपयोग ने न केवल उत्पादकता बढ़ाई है, बल्कि किसानों को मेहनत का सही प्रतिफल भी दिलाया है। आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक अनुसंधान का लाभ खेतों तक पहुँचने से बिहार की कृषि नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रही है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प है कि हमारे किसानों के हाथ मज़बूत हों, उनकी मेहनत सुरक्षित रहे और उनकी फसलें बीमारियों से बची रहें इसी सोच के साथ ड्रोन तकनीक को खेतों तक पहुँचाया जा रहा है। यादव ने कहा कि ड्रोन आधारित छिड़काव से निर्धारित मात्रा में पौध संरक्षण रसायनों और उर्वरकों का सटीक, समान और सुरक्षित छिड़काव होता है। इससे पानी, समय और श्रम की बचत होती है तथा फसलें स्वस्थ एवं नुकसान से दूर रहती हैं। कृषि मंत्री यादव ने कहा कि ड्रोन तकनीक किसानों को कृषि को व्यवसायिक एवं परिशुद्धता के साथ संचालित करने की शक्ति दे रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा कृषि ड्रोन से कीटनाशी एवं तरल उर्वरक छिड़काव योजना राज्य के 38 जिलों में तेज़ी से लागू की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य की कृषि एवं किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के लिए चार कृषि रोड मैप बनाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप राज्य का काफी विकास हुआ है। वर्तमान में चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 56,050 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन से छिड़काव का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे तकनीक का लाभ सीधे खेतों तक पहुंच रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि योजना के अनुसार किसानों को निर्धारित छिड़काव शुल्क का 50 प्रतिशत अथवा 210 प्रति एकड़ तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक किसान अधिकतम 15 एकड़ एवं दो बार ड्रोन छिड़काव का लाभ ले सकता है। निविदा के माध्यम से चयनित चार अनुभवी ड्रोन सेवा प्रदाता किसानों की सेवा के लिए मैदान में तैनात हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार में ड्रोन तकनीक का विस्तार किसानों की समृद्धि, खेती की सुरक्षा और कृषि के आधुनिकीकरण का नया अध्याय लिखेगा।

# राजस्थान केवल एक डेस्टिनेशन नहीं निवेश का पावर हाउस भी: शेखावत

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान केवल एक डेस्टिनेशन नहीं बल्कि निवेश का पावर हाउस भी है और पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं के मददेनजर आने वाले वर्षों में यह भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में उभरेगा। शेखावत यहां जेईसीसी में प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर आयोजित सेक्टोरल सेशन को संबोधित करते हुए कहा किराजस्थान दुनिया के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां अनुभवों की सर्वाधिक विविधता मिलती है, साथ ही निवेश की स्थिरता भी मिलती है। किले, महल, लोककला, उत्सव, रेगिस्तान, वन, वेलनेस, अध्यात्म और रंग-बिरंगे हैंडीक्राफ्ट मिलकर इसे एक ग्लोबली स्केलेबल टूरिज्म इकोनमी बनाते हैं। यहां आने वाले पर्यटकों के लिए राजस्थान केवल स्थल नहीं, एक भावनात्मक अनुभव है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश लॉन्ग-टर्म रिटर्न की गारंटी देता है। विविधता, बहु-रेवेन्यू चैनल और बढ़ती वैश्विक पहचान इसे पर्यटन उद्योग का सबसे मजबूत केंद्र बना रहे हैं। राज्य की नयी पर्यटन नीति को देश में सबसे बेहतर माना गया है और यह निवेशकों के लिए विशेष आकर्षण पैदा करती है, इसीलिए निवेशकों को बिना हिचक के यहां निवेश की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़े रहेंगे। शेखावत ने प्रवासी राजस्थानियों को राज्य की प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार बताते हुए कहा आप केवल प्रवासी नहीं, राजस्थान के सांस्कृतिक एंबेसडर हैं। आपके पास न केवल वैश्विक अनुभव है, अपितु वैश्विक नेटवर्क भी है, जो पर्यटन निवेश के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां राजस्थानी बसे हैं, वहां उन्होंने राजस्थान की संस्कृति, मेहनत और उद्यमशीलता को पहचान दिलाई है, इसलिए आपका यही जुड़ाव यहां के पर्यटन क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का पर्यटन क्षेत्र आने वाले दस वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ने वाला है। केंद्र सरकार 2047 तक पर्यटन अर्थव्यवस्था को थ्री ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

# शराब घोटाला मामले में चौथे दिन भी आईएएस अमित कुमार से एसीबी की पूछताछ जारी


एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com




झारखंड में चर्चित शराब घोटाले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भी आईएएस अधिकारी अमित कुमार से लगातार चौथे दिन पूछताछ की। अमित कुमार पूर्व में उत्पाद आयुक्त और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के प्रबंध निदेशक रहे हैं। वर्तमान में वे वाणिज्यकर विभाग में आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। लगातार तीसरे दिन उनसे पूछताछ की गई थी, लेकिन उनके जवाबों से जांच टीम संतुष्ट नहीं हो सकी। इसी कारण बुधवार को फिर से उन्हें तलब किया गया। अधिकारियों का कहना है कि कई महत्वपूर्ण सवालों के स्पष्ट उत्तर अब तक नहीं मिल पाए हैं, विशेषकर उन निर्णयों को लेकर जो मई 2022 में लागू की गई नई उत्पाद नीति के दौरान लिए गए थे। जांच का मुख्य फोकस इस बात पर है कि छत्तीसगढ़ की ब्लैकलिस्टेड प्लेसमेंट एजेंसियों और शराब कारोबार से जुड़े व्यक्तियों को झारखंड में काम करने की अनुमति कैसे मिली। इन एजेंसियों पर पहले से ही अनियमितताओं के आरोप लगे थे, बावजूद इसके उन्हें राज्य के शराब कारोबार में शामिल किया गया। बाद में इन्हीं कंपनियों पर घोटाले में संलिप्त होने के गंभीर आरोप सामने आए। एसीबी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन कंपनियों को शामिल करने की प्रक्रिया में क्या नियमों का उल्लंघन हुआ और फैसले किस स्तर पर लिए गए। जांच अधिकारियों के अनुसार, अमित कुमार इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संतोषजनक उत्तर नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारण पूछताछ का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में एसीबी अन्य अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों से भी पूछताछ कर सकती है।

# दूसरे यौन उत्पीड़न मामले में ममकूटथिल को मिली अग्रिम जमानत

एजेंसी ◄ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com




तिरुवनंतपुरम सत्र अदालत ने कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकूटथिल को दूसरे यौन उत्पीड़न मामले में अग्रिम ज़मानत दे दी। ताज़ा मामला बेंगलुरु की एक 23 साल की महिला ने दर्ज कराया है, जिसने आरोप लगाया है कि ममकूटथिल उसे केरल के एक होम-स्टे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी ने इस घटना को रिकॉर्ड किया और वीडियो का इस्तेमाल करके उसे धमकी दी। शिकायत शुरू में कांग्रेस पार्टी की राज्य इकाई को ईमेल की गयी थी, जिसके बाद इसे पुलिस को भेजा गया। इसके बाद मामला दर्ज कर इसे क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया। क्राइम ब्रांच फिलहाल मामले की जांच कर रही है। ममकूटथिल ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका में तर्क दिया कि कथित घटना के लगभग दो साल बाद शिकायत दर्ज की गयी थी, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है। याचिका में यह भी कहा गया कि आरोप राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। न्यायालय ने दलीलें सुनने के बाद कड़ी शर्तों के साथ अग्रिम जमानत दे दी। विधायक को हर सोमवार को जांच अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश न करने की चेतावनी दी। यह आदेश ऐसे समय आया है जब ममकूटथिल यौन उत्पीड़न और जबरन गर्भपात के आरोपों से जुड़े एक और मामले में फंसे हुए हैं। उस मामले में उनकी जमानत याचिका निचली अदालत ने खारिज कर दी थी, हालांकि केरल उच्च न्यायालय ने उन्हें 15 दिसंबर तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी है। इस ताजा घटनाक्रम ने राज्य में राजनीतिक बहस इसलिये भी तेज कर दी है क्योंकि एक मौजूदा विधायक के खिलाफ दो अलग-अलग यौन उत्पीड़न के मामले लंबित हैं।

# मुख्यमंत्री की कुर्सी की सौदेबाजी पर चुप क्यों हैं बाजवा, रंधावा: धालीवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कांग्रेस नेताओं सांसद प्रताप सिंह बाजवा और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा पर कांग्रेस से निलंबित नेता नवजोत कौर सिद्धू के लगाये गये 500 करोड़ रुपये के गंभीर आरोपों पर उनकी चुप्पी को लेकर तीखा हमला बोला है। धालीवाल ने सवाल किया कि जो नेता हर मुद्दे पर मुखर रहते थे, वे अब इतने बड़े भ्रष्टाचार के आरोप पर पूरी तरह खामोश क्यों हैं? उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता प्रताप बाजवा सिद्धू के बयान के बाद से पूरी तरह खामोश हैं। कांग्रेस नेताओं की यह चुप्पी साफ बताती है कि जो आरोप सिद्धू और बाद में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने लगाये, वे सही हैं। उन्होंने मांग की कि बाजवा पंजाब की जनता के सामने इन गंभीर आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। उनकी चुप्पी को जनता अब अपराध की स्वीकृति मान रही है। उन्होंने कहा कि प्रताप बाजवा पर तो तरनतारन की सीट बेचने के भी आरोप लगे हैं। हो सकता है, इसीलिए वह इन गंभीर आरोपों पर जवाब नहीं दे रहे।

# प्रोजेक्ट हिफाजत: पंजाबियों को बेवकूफ बनाने के लिए भगवंत मान का एक और धोखा: चुघ

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान को पंजाब की महिलाओं को जवाब देना चाहिए कि नौ महीने पहले उनकी ही सरकार द्वारा घोषित 'प्रोजेक्ट हिफाजत' बुनियादी सुरक्षा भी सुनिश्चित करने में विफल क्यों रहा है। चुघ ने कहा कि सिर्फ दो दिन पहले अमृतसर में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की दुखद घटना से यह स्पष्ट होता है, कि पंजाब में महिलाओं के खिलाफ अपराध बेरोकटोक जारी है। उन्होने कहा कि मान सरकार नए प्रोजेक्ट शुरू करती रहती है और नए वादे करती रहती है, फिर भी जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने कहा कि तथाकथित ड्रग युद्ध 'युद्ध नशियां विरुद्ध' की तरह, 'प्रोजेक्ट हिफाजत' बिना किसी स्पष्ट परिणाम के एक और प्रचार-प्रसार वाली घोषणा में बदल रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टर और प्रेस कॉन्फ्रेंस असल कानून-व्यवस्था सुधारों की जगह नहीं ले सकते, जिनकी पंजाब को तुरंत ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि अधूरे कामों का जश्न मनाने के बजाय, सरकार को महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का सामना करना चाहिए। पूरे राज्य में परिवार डर में जी रहे हैं, फिर भी प्रशासन घोषणाओं में व्यस्त है।

# मोटर साइकिल से गिरने से महिला की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के भुसावर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल से गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बयाना




निवासी गंगादेवी अपने पति के साथ मोटर साइकिल पर रिश्तेदारी में हुई एक मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए भुसावर के इटामड़ा गांव जा रही थीं। राजकीय राजमार्ग 45 पर बारौली मोड़ के पास एक गति अवरोधक पर वह मोटर साइकिल से उछल कर सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने बताया कि उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भुसावर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# हजारीबाग के लॉज में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, क्षेत्र में सनसनी

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहाँ 16 वर्षीय छात्र अंकित कुमार, पिता अजीत कुमार राय, निवासी ग्राम चौरा, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह (झारखंड) ने लॉज में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



अंकित कुमार हजारीबाग में एक लॉज में रहकर आईएससी की पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार की सुबह जब साथी छात्र और लॉज संचालक ने कमरे का दरवाज़ा नहीं खुलते देखा, तो शक होने पर सूचना दी। दरवाज़ा खोलने पर अंदर छात्र का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही कोर्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतारकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# ओडिशा में बच्चों के ओरल स्वास्थ्य पर आधारित तीन-दिवसीय सम्मेलन का समापन

एजेंसी ◄ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

भारतीय पेडोडोंटिक्स और निवारक दंत चिकित्सा समाज (आईएसपीपीडी) का तीन-दिवसीय 46वां राष्ट्रीय सम्मेलन बच्चों के ओरल स्वास्थ्य, रोकथाम आधारित दंत चिकित्सा, 'न्यूनतम इनवेसिव' तकनीक और 'इंटरडिसिप्लिनरी केयर' में नवीनतम नवाचार पर फोकस के साथ खत्म हुआ। बच्चों की दंत चिकित्सा के विज्ञान को बढ़ावा देने के लिये आयोजित किये गये इस सम्मेलन में 1650 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 840 शोधपत्र और करीब 400 पोस्टर प्रस्तुत किये गये। ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात के जाने-माने अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया, जबकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय मेडिकल शोध परिषद (आईसीएमआर) और पीजीआई, चंडीगढ़ के विशेषज्ञों ने मुख्य भाषण दिये। कॉन्फ्रेंस से पहले 15 हैंड्स-ऑन वर्कशॉप भी आयोजित की गयीं।

# राज्यपाल बागडे ने प्रगति पथ प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने यहां प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर आयोजित 'प्रगति पथ' प्रदर्शनी का उदघाटन किया। बागडे ने कार्यम स्थल जेईसीसी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रदेश के बदलते औद्योगिक परिदृश्य, जल सुरक्षा एवं सततता, एक जिला-एक उत्पाद, स्वस्थ राजस्थान-खुशहाल राजस्थान, शिक्षित भारत-डिजिटल भारत, राजस्थान रिफाइनरी, खनन क्षेत्र, इन्फ्रा एवं कनेक्टिविटी तथा हमारी विरासत-हमारी पहचान की थीम पर पैनल एवं वीडियो प्रदर्शित किए गए। मुख्यमंत्री ने इस प्रदर्शनी में दर्शायी गई प्रदेश की विकास यात्रा की जानकारियों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान गोयल एवं यादव ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति की सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद थे।

# कोटद्वार में शुरू हुआ राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह

एजेंसी ◄ पौड़ी
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड बांस एवं रेशा प्रशिक्षण केंद्र पनियाली में राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के अंतर्गत 20 प्रशिक्षणार्थियों का दो माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्र सरकार द्वारा उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद को सीएचसीडीएस (व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना) के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है, जिसका संचालन जिला उद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूरी भूषण द्वारा दीप प्रवलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया 'वोकल फॉर लोकल' का नारा ऐसे ही कार्यक्रमों के माध्यम से साकार हो रहा है। इस प्रशिक्षण से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाला विकसित भारत कुटीर एवं लघु उद्योगों के सशक्तिकरण से ही संभव होगा। उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के सहायक निदेशक नलिन राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए है। इसका मुख्य उददेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय बांस एवं रिंगाल से 30 से अधिक प्रकार के उत्पाद तैयार किए जाएंगे। साथ ही तैयार उत्पादों की मार्केटिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे प्रशिक्षणार्थी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में तीन सौ रुपए प्रतिदिन आने-जाने का भत्ता भी दिया जाएगा। पौड़ी गढवाल जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार की प्रबंधक उपासना सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा जो बांस एवं रिंगाल आधारित कार्य करना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से लोग कुटीर उद्योग से लेकर बड़े उद्योग तक स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पश्चात चयनित प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में सहभागिता का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

# झारखंड भवन में ठहरने के नियमों पर सदन में बवाल, बाबूलाल मरांडी ने उठाए गंभीर सवाल

**रांची।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन में झारखंड भवन में ठहरने से संबंधित नियमों पर सवाल उठाया। मरांडी ने सदन में ठहरने से संबंधित नियमों को गलत ठहराते हुए कहा कि कैबिनेट निगरानी विभाग का यह निर्णय कि केवल विधायकों के सगे संबंधी ही वहां ठहर सकते हैं, अनुचित है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. रामेश्वर उरांव ने आलोक दूबे और लाल किशोर नाथ शाहदेव को ठहराने के लिए संबंधी दिखाकर अनुशंसा की। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय, निगरानी विभाग की ओर से एक सर्कुलर जारी हुआ है कि झारखण्ड भवन में अब विधायक के सगे संबंधी ही सिर्फ ठहर पायेंगे, दूसरा कोई नहीं। अब सवाल उठता है कि झारखण्ड भवन में कौन ठहरेगा, इसका निर्णय कौन करेगा? अधिकारी-विभाग क्या जनप्रतिनिधि अपने इलाके के लोग जो किसी कारणवश दिल्ली गये हैं और उनके पास कोई विकल्प नहीं हैं, तो क्या जन-प्रतिनिधि वैसे लोगों को झारखण्ड भवन में रहने का सिफारिश भी नहीं कर सकते। उनकी बात नहीं सुनी जायेगी। झारखण्ड भवन अफसरों के बीवी-बच्चों व साले-सालियों के रहने के लिए तो नहीं ही बना है। दिल्ली में ही ऊर्जा विभाग का विश्रामगृह चल रहा है। जिसका प्रत्येक महीना पांच लाख रुपये भुगतान हो रहा है। जहां चार-पांच की संख्या में गाड़ियां और आठ-आठ स्टॉफ रखे गये हैं।

# बिहार चुनाव के दौरान विपक्ष ने पलायन, बेरोजगारी, गरीबी के झूठे आंकड़ों से जनता को भ्रमित किया: निहोरा यादव

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता डॉ. निहोरा प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव अभियान के दौरान विपक्ष ने प्रदेश में पलायन, बेरोजगारी, गरीबी और उद्योग से सम्बंधित आंकड़े तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किये और जनता को भ्रमित करने एक प्रयास किया। यादव ने एक सोशल मीडिया पर संवाद के दौरान कहा कि जातीय सर्वेक्षण के आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार बिहार से लगभग 54 लाख लोग राज्य के बाहर रहते हैं, जिनमें से करीब 45 लाख लोग बाहर रोजी रोटी की तलाश में गये हैं। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव के दौरन विपक्ष ने झूठा दावा किया कि प्रदेश से दो करोड़ नौ लाख लोग पलायन कर गये हैं और जनता को भ्रमित करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत उन नामों को भी अपने आंकड़े में शामिल कर लिया, जिनमें बड़ी संख्या में ऐसे लोग थे, जो बिहार में ही रहकर काम करते हैं। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बेरोजगारी के मामले में भी विपक्ष ने भ्रामक बयानबाजी की, जबकि सच्चाई यह है कि बिहार में लगातार रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने अपने वादे से आगे बढ़ कर प्रदर्शन किया और प्रदेश की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने पिछले पांच वर्षों में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 40 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान रोजगार के कुल 50 लाख से अधिक अवसर आने से बेरोजगारी दर में साफतौर से गिरावट आई है। यादव ने प्रदेश में गरीबी को लेकर विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति के सूचकांकों के मुताबिक बिहार में गरीबी में भारी कमी आई है। वर्ष 2005 में जहाँ गरीबी 54.40 प्रतिशत थी, वहीं लगातार किए गए विकास कार्यों के परिणामस्वरूप यह घटकर 33.76 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा मुख्यमंत्री कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व की वजह से हुआ है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि उद्योगधंधों के विकास को लेकर भी विपक्ष का आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में महज 46 बड़े उद्योग थे, वहीं 2025 तक इनकी संख्या बढ़कर 94 हो चुकी है। औद्योगिक इकाइयाँ 1,674 से बढ़कर 3,500 से अधिक हो गई हैं।

# स्कूलों का एकमात्र लक्ष्य भविष्य की चुनौतियों के लिए अनोखे व्यक्तित्व तैयार करना होना चाहिए: सिन्हा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि स्कूलों का एकमात्र लक्ष्य भविष्य की



चुनौतियों के लिए अनोखे व्यक्तित्व तैयार करना होना चाहिए। सिन्हा ने लॉरेंस पब्लिक स्कूल के 40वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने स्कूल की विरासत, स्थायी मूल्यों और समग्र शिक्षा तथा आधुनिक नेताओं को गढ़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने मूल मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए इस स्कूल से निकले पूर्व छात्र सफलतापूर्वक गर्व के साथ राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, दुनिया में अत्याधुनिक तकनीकों से प्रेरित परिवर्तनकारी बदलाव आ रहे हैं और स्कूलों को नयी तकनीकों का उपयोग करके रचनात्मकता, जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए।

# श्रीनगर मेडिकल कॉलेज बना विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैयारी का बड़ा केंद्र

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में श्रीनगर का राजकीय मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस डाक्टर देने के साथ ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी प्रदेश की जनता की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तैयार कर रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज अब स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार करने की एक प्रमुख प्रयोगशाला के रूप में कार्य कर रहा है। मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ एमबीबीएस पीजी एमडी और एमएस और डीएनबी डिप्लोमा कोर्स पूरा कर लगभग 65 स्पेशलिस्ट डाक्टर मेडिकल कॉलेज ने तैयार किए हैं। जो प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में 52 सीटों पर पीजी और डीएनबी डिप्लोमा कोर्स संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में वैसे तो 2014 में पीजी कोर्स एक विभाग एनाटॉमी में शुरू हो गया था लेकिन अन्य विभागों में वर्ष 2021 से 11 विभागों में उक्त पीजी कोर्स शुरू हुआ। जिसमें 52 डाक्टर एमबीबीएस पीजी एमडी और एमएस और डीएनबी डिप्लोमा कोर्स कर रहे हैं। जिसमें एमडी, एम एस के 24 तथा डीएनबी के 38 सीटें हैं। डॉ सयाना ने कहा कि वर्ष 2021 से 2023 तक 65 से अधिक डाक्टर अपना कोर्स पूरा कर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बन चुके हैं। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशन में कॉलेज के सभी विभागों में सुविधाओं का विस्तार किया गया। बेहतर शैक्षणिक माहौल और चिकित्सा सुविधाओं के चलते एनएमसी निरीक्षण में कॉलेज मानकों पर खरा उतरा, जिसके बाद पीजी सीटों को स्वीकृति मिली।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का दूसरा चरण शुरू, 180 नए गांव जुड़े बस सुविधा से

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि छत्तीसगढ़ का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अलग न रहे। यह योजना न केवल परिवहन सुविधा बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीणों को शहरों और सेवा संस्थानों से जोड़ते हुए सामाजिक एवं आर्थिक समानता को भी मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह योजना एक मील का पत्थर सिद्ध हो रही है, जिससे लोगों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री साय ने योजना से लाभान्वित होने वाले 180 गांवों के सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेहतर यातायात सुविधाएँ अब उनके जीवन को पहले से अधिक सुगम बनाएंगी और तरक्की के नए मार्ग खोलेंगी। परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि जिन दुर्गम और वनांचल क्षेत्रों तक कभी यातायात की सुविधा नहीं पहुंची थी, वहाँ भी अब बस सेवाएँ प्रारंभ हो रही हैं। यह योजना विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा के जनजातीय बहुल इलाकों के लिए एक वरदान के रूप में उभर रही है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत 04 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई थी, जिसके अंतर्गत 250 गांवों को बस सेवाओं से जोड़ा गया था। अब द्वितीय चरण की शुरुआत के साथ इस संख्या में और वृद्धि हुई है तथा 180 गांव और जुड़ गए हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 12 दिसम्बर को कवर्धा में मुख्यमंत्री साय करेंगे मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन

कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मज़बूती देने और युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में मेडिकल कॉलेज कबीरधाम की स्थापना होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान ग्राम घोटिया में मेडिकल कॉलेज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित शिला का शिलान्यास एवं भूमिपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए ग्राम घोठिया में 40 एकड़ भूमि का आबंटन किया है। परियोजना के लिए 306 करोड़ रूपए से अधिक की मंजूरी प्रदान की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कितनी गंभीर और प्रतिबद्ध है। यह कॉलेज अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होगा और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद कबीरधाम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। लोगों को आधुनिक, उन्नत और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल-2 की छात्राओं ने समझा ग्राहक व्यवहार और व्यापार वृद्धि का गणित

**जगदलपुर।** आज के डिजिटल युग में व्यावसायिक निर्णयों में डेटा के बढ़ते महत्व को रेखांकित करने के लिए, सेजस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02, जगदलपुर में बुधवार 10 दिसंबर को रिटेल ट्रेड के छात्रों हेतु एक विशेष अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य विषय मार्केटिंग में बिजनेस डेटा का महत्व था। इस गेस्ट लेक्चर का प्राथमिक उद्देश्य छात्राओं को यह समझाना था कि वर्तमान समय में बिजनेस के हर छोटे-बड़े निर्णय डेटा पर आधारित होते हैं और यह डेटा किस प्रकार बिजनेस स्ट्रैटजी, मार्केटिंग प्रयासों, ग्राहक व्यवहार की समझ और भविष्य की ग्रोथ प्लानिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता के रूप में मार्केटिंग डेटा एनालिस्ट सौरभ भट्टाचार्य को आमंत्रित किया गया था। भट्टाचार्य ने अपने व्यापक अनुभव को साझा करते हुए छात्राओं को विस्तार से समझाया कि व्यावसायिक डेटा कैसे एकत्र किया जाता है, इसकी सुरक्षा क्यों महत्वपूर्ण है, और भविष्य के निर्णय लेने के लिए डेटा का विश्लेषण करना कितना आवश्यक है।

# एनएमडीसी किरन्दुल में वार्षिक खान सुरक्षा समारोह का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बीआईओएम किरंदुल कॉप्लेक्स में 04 से 09 दिसंबर तक खान सुरक्षा महानिदेशालय, बिलासपुर क्षेत्र के तत्वावधान में वार्षिक सुरक्षा समारोह-2025 मनाया गया। रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सुरक्षा ध्वज फहराकर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। डीजीएमएस द्वारा गठित निरीक्षण दल ने किरंदुल परियोजना की खदान, संयंत्रों, प्रशिक्षण सुविधा और ओएचएस सुविधा का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा के उच्च मानक बनाए रखने के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की। वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों, छात्रों और गृहिणियों के लिए विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डीएवी स्कूल, किरंदुल के सभागार में मंगलवार की संध्या आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, साथ ही छात्रों और कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा नाटक का मंचन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक, बी.आई.ओ. एम., किरंदुल कॉम्प्लेक्स ने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा मानक में और सुधार के लिए सुरक्षा संस्कृति पर जोर दिया जाए। श्रमिक प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और कार्यस्थल पर सुरक्षा के उच्च स्तर बनाए रखने के लिए किए जा रहे उपायों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान के.पी. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन)/ खान प्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, वरि. अधिकारीगण, श्रमिक प्रतिनिधि, वर्कमेन इंस्पेक्टर, सुरक्षा समिति के सदस्य, कर्मचारी व स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रितेश मिश्रा, उप महाप्रबंधक (खनन) ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशि.व सुरक्षा) ने किया।

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत चारामा परियोजना के महिला कलस्टर संगठन ग्राम हल्बा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लिंग आधारित हिंसा कारण एवं दुष्प्रभाव तथा इसे समाप्त करने में हमारी भूमिका बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध विशेष अधिकारों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेन्टर, सखी निवास, शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, घरेलू हिंसा, सी बॉक्स पोर्टल, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जागरूकता रैली के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लागाते हुए प्रचार-प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, महंत टांडिया, महिला सशक्तिरण केन्द्र (हब) से जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ, चाइल्ड लाइन समन्वयक, चैतन्य संस्था से जेण्डर समन्वयक, पुलिस चौकी थाना प्रभारी व टीम हल्बा एवं बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस को ज्ञान और न्याय के समन्वय के रूप में मनाते हुए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल तिलसिवों में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य युवा पीढ़ी को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी देना था। पूरा कार्यक्रम अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विनीता वार्नर के सक्रिय मार्गदर्शन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल टोपनो ने विद्यार्थियों के समक्ष जटिल कानूनी प्रावधानों को अत्यंत सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। न्यायाधीश टोपनो ने अपने संबोधन मानवाधिकार दिवस मनाने के उद्देश्य को बताते हुए कहा लोग अपने अधिकारों की ज्यादा बात करते है, किन्तु हमें अपने अधिकारों के साथ साथ मूल कर्तव्यों को भी जानना आवश्यक है। न्यायाधीश टोपनो ने आज विद्यार्थियों को उनके कानूनी ढाँचे के महत्वपूर्ण स्तंभों से परिचित कराया उन्हे भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों जैसे समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार और राष्ट्र के प्रति उनके मौलिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। आगे उन्होंने डिजिटल युग की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए सूचना एवं प्रौद्योगिकी आई.टी. अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने जोर दिया। उन्होने विद्यार्थियों को सिक्योरिटी फीचर्स ऑन करने तथा अनजान व्यक्ति के साथ ऑनलाइन जुडने और तुरंत बातचीत (चौट) करने से बचने की सलाह दी क्योंकि यह साइबर खतरों का कारण बन सकता है। आगे उन्होने इसके अतिरिक्त उन्होने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनिय, मोटर व्हीकल एक्ट, टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, नि शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह तथा शिक्षा और विभिन्न कैरियर विकल्पों पर भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिससे वे अपने भविष्य को सही दिशा दे सकें। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य वीदिशा सर्मा, पैरालीगल वोलेंटियर्स सद्दाम हुसैन, कु. तिजेशवरी, आशा गोंड, चिरंजीव लाल, सत्य नारायण, उमेश एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त इस विशेष दिवस के औसर पर विभिन्न स्थानों-शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सूरजपुर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नवाटोला शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तिवरागुडी एवं ग्राम परसापारा में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन सम्पन्न हुआ। उक्त आयोजन में पैरालीगल वालेंटियर्स रोहित राजवाड़े, अक्षयवर लाल गुप्ता, कृष्णकांत कुशवाहा सामिल रहे।

## ग्राम पंचायत चारगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 12 को

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 12 दिसम्बर शुक्रवार को कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चारगांव में जनसमस्या निवारण शिविर शिविर लगाई जाएगी, जिसमें ग्राम पंचायत चारगांव, छोटेबोदेली, पोरोण्डी, सिकसोड़, सुलंगी, तुरसानी और बदरंगी इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका समाधान भी शिविर में किया जाएगा। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# जिला विधिक सेवा कार्यालय के द्वारा पटेल पारा स्कूल में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com




विधिक सेवा प्राधिकरण जिला दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पटेल पारा किरंदुल में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। साथ ही विद्यालयीन छात्र छात्रों को इस दिन महत्व समझाया गया पीएलव्ही रीता चौहान ने बताया यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हर इंसान को समान अधिकार,सम्मान और आज़ादी मिलनी चाहिए। मानवाधिकार क्या होते हैं? मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो जन्म से हर व्यक्ति को मिलते हैं, जैसे जीने का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, अपनी बात कहने का अधिकार। ये अधिकार किसी भी व्यक्ति से छीने नहीं जा सकते। ये भी जानकारी दिया गया।

**मानवाधिकार सबके लिए यही है दुनिया की असली जीत:** समानता का सूरज लाएँ, मानवाधिकार सबको दिलाएं, गुड टच बेड टच की जानकारी प्रदान किया गया। पी एल व्ही बचेली थाना से रीता चौहान, भाँसी थाना से सुभम यादव, किरंदुल थाना से नंदकिशोर और किरंदुल स्कूल से दुर्गावती नाहक शिक्षक एल बी और छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली हजारों ग्रामीण परिवारों की तस्वीर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पूरे प्रदेश में जरूरतमंद और निम्नवर्गीय परिवारों के सपनों को वास्तविक रूप दे रही है। राज्य के विभिन्न जिलों की तरह बलरामपुर जिले से भी इस योजना के सफल क्रियान्वयन की प्रेरक कहानियाँ सामने आ रही हैं। जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम चंदौरा निवासी शोभित बेक उन लाभार्थियों में शामिल हैं, जिनका जीवन इस योजना के चलते पूरी तरह बदल गया। पहले वे अपने परिवार के साथ मिट्टी के कच्चे घर में रहते थे और सीमित आय के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए असंभव था। कृषि और मजदूरी के सहारे चलने वाली आजीविका के बीच सुरक्षित मकान का सपना अधूरा ही दिखता था। वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 1 लाख 20 हजार रुपये की स्वीकृत राशि मिलने से उनका सपना साकार हुआ। प्राप्त अनुदान और महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से मिली मजदूरी सहायता से उन्होंने अपने परिवार के लिए मजबूत, सुरक्षित और सुविधाजनक पक्का घर तैयार किया। शोभित बेक का परिवार अब बिना किसी चिंता के सुरक्षित घर में जीवन यापन कर रहा है। वे भावुक होकर कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने मेरा जीवन बदल दिया। अब हमें न बारिश का डर है, न ही किसी असुरक्षा का। यह घर हमारी खुशियों की नई शुरुआत है। राज्यभर में इस योजना ने शोभित बेक जैसे हजारों जरूरतमंद परिवारों के सपनों को पंख दिए हैं। जहां कभी कच्चे मकानों में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब पक्के घर मिलने से ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

## मंत्री राजेश अग्रवाल ने लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना

**रायपुर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने रायपुर के एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मंत्री अग्रवाल ने विधायक के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस मुलाकात के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी मौजूद थे। उन्होंने विधायक प्रबोध मिंज के स्वास्थ्य सुधार की प्रक्रिया पर डॉक्टरों से चर्चा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होकर विधानसभा में लौटने की कामना की है।

**प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

# सीएम विष्णुदेव साय ने जयस्तंभ चौक में किया शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग और संघर्ष का स्मरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जननायक अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक पहुँचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन त्याग, साहस और न्याय की अनुपम मिसाल है। अंग्रेजी शासन के अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शहीद वीर नारायण सिंह ने जिस अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया, वह छत्तीसगढ़ की गौरवमयी विरासत का स्वर्णिम अध्याय है। मातृभूमि की रक्षा और समाज के वंचित वर्गों के प्रति उनकी निष्ठा हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोनाखान के ज़मींदार परिवार में जन्म लेने के बाद भी शहीद वीर नारायण सिंह का हृदय सदैव आदिवासियों, किसानों और गरीब परिवारों के दुःख-संघर्ष से जुड़ा रहा। वर्ष 1856 के विकट अकाल में जब आमजन भूख से व्याकुल थे, तब उन्होंने मानवता को सर्वोपरि मानते हुए अनाज गोदाम का अनाज ज़रूरतमंदों में बाँटकर करुणा, त्याग और साहस का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कदम केवल विद्रोह नहीं था, बल्कि सामाजिक अन्याय, शोषण और असमानताओं के विरुद्ध एक ऐतिहासिक उद्घोष था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और जनप्रतिरोध की जीवंत प्रेरणा हैं। गरीबों, किसानों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका जीवन-संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को सदैव न्याय, मानवता और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्शों और उनके सपनों के अनुरूप छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरन्दर मिश्रा, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सीएम विष्णु देव साय को गुरु घासीदास जयंती महोत्सव का मिला निमंत्रण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सतनाम कल्याण समिति, बंधवा के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री साय को गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती के अवसर पर मुंगेली जिले के लालपुर धाम में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय विशाल मेला–18, 19 एवं 20 दिसंबर– में सम्मिलित होने का निमंत्रण प्रदान किया। मुख्यमंत्री साय ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जीवन-दर्शन, सत्य, अहिंसा, समानता और सदभाव के मूल्य हमें सामाजिक समरसता और मानवकल्याण की दिशा में निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि लालपुर धाम का यह मेला छत्तीसगढ़ की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, जहां हर वर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर गुरु बाबा के उपदेशों को आत्मसात करते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल भी उपस्थित थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री लक्ष्मी प्रसाद पटेल पुत्र स्वर्गीय श्री भगवानी प्रसाद और उनकी पत्नी श्रीमती 'रामकुमारी पटेल निवासी वार्ड क्रमांक 1, डैम भाठापारा, जांजगीर-चांपा, कोटमी सोनार, छत्तीसगढ़-49552, ने अपनी पुत्री सुश्री पूजा पटेल को तत्काल प्रभाव से अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल / वंचित कर दिया है और उससे अपने सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। अब से मेरे मुवक्किल उसके किसी भी कृत्य के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।
Pramod Kumar Sharma (Advocate) Ch.No. C-165A, Joseph Block, Tis Hazari Court, Delhi-110054, MOB. NO. 9958882295

# महापौर रोहरा बने बिलासपुर संभाग के प्रभारी, कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा छत्तीसगढ प्रदेश महामंत्री (संगठन) द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मुख्यालय, संभाग एवं सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति में नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा को बिलासपुर संभाग का प्रभारी बनाया गया है, उनकी इस नियुक्ति से जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है, इस अवसर पर धमतरी जिले में उन्हे बधाईयों का दौर चल पड़ा है इससे पूर्व भाजपा के नेताओं के आशीर्वाद से भाजपा प्रदेश महामंत्री का दायित्व भी सौंपा गया था जिसे उन्होने बखूबी अंजाम दिया। रोहरा के राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1998 में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में की थी उसके बाद से लगातार वे पार्टी को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, सर्वप्रथम उन्हे 2005 से 2014 तक भाजपा जिला कोषध्यक्ष तत्पश्चात 2014 से 2019 तक जिला भाजपा के अध्यक्ष पद से फिर प्रदेश महामंत्री एवं वर्तमान मे महापौर के साथ-साथ उन्हे बिलासपुर जैसे बड़े संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है रोहरा ने उनकी इस नियुक्ति के लिए पार्टी के नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो एक छोटे से कार्यकर्ता को उसकी योग्यता के अनुसार दायित्व सौंपा जाता है बिलासपुर संभाग का प्रभारी नियुक्त किये जाने पर उन्होने कहा कि मेरी नियुक्ति हर कार्यकर्ता की नियुक्ति है



क्योंकि कार्यकर्ता के सहयोग के बिना कोई कार्य संभव नहीं है। उनकी सक्रियता से जिले में भाजपा को हजारों की संख्या में नये सदस्यों को लाया गया और उन्हे भाजपा के नेताओ के आशीर्वाद से नगरनिगम के पिछले चुनाव में प्रत्याशी घोषित किया गया जिसमें उन्होने अप्रत्याशित जीत दर्ज की और पार्टी का परचम लहराया।

जिला भाजपा अध्यक्ष कार्यकाल में इन्होने पार्टी की सेवा में जो अपने हुनर से उसे पिरोते हुए जिले में भाजपा के कार्यकर्ताओं की एक फौज खड़े की है जिससे प्रदेश के नेताओं ने इन्हे प्रोत्साहित करना प्रारंभ किया बीते विधानसभा चुनाव में इन्होने जो व्यवस्थाएं चुनाव प्रचार के दौरान आने वाले नेताओं के लिए सभा के रूप में की थी उससे उनकी व्यवस्था की चहुंओर प्रशंसा होने लगी और उनकी यह कार्यशैली केन्द्र से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेताओं में चर्चित रही जिसके कारण इन्हे नेताओं ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया प्रदेशा भाजपा महामंत्री बनने के बाद इन्होने उक्त दायित्व को भी बखूबी अंजाम दिया पिछले चुनाव में खड़े किया पार्टी के आशा के अनुरूप इन्होने चुनाव जीतकर भाजपा का परचम लहराया। महापौर बनने के बाद इन्होने न सिर्फ पार्टी की सेवा कि अपितु शहर के नागरिकों की सेवा की और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। महापौर बनने के बाद उन्होने शहर के विकास हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री को अपनी योजनाओं से अवगत कराते हुए उसकी स्वीकृति प्राप्त की और शहर के विकास के लिए करोड़ों रूपये का फंड भी प्राप्त किया। उनके पार्टी प्रेम और उनकी कार्यशैली से अब इन्हे बिलासपुर संभाग का प्रभार दिया गया है वे वहां अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए पार्टी को मजबूत करने और भाजपा में हजारों लोगों को लाने के लिए वहां कार्य करेंगे। जैसे ही जिला धमतरी में उन्हे बिलासपुर प्रभार दिये जाने की जानकारी प्राप्त हुई तो जिलेवासियों ने उन्हे बधाईयां दीं संभवतः वे बिलासपुर पहुंचकर पार्टी के नेताओं के आदेश का पालन करते हुए यह प्रभार संभालेंगे और बिलासपुर संभाग में दौरा कर पार्टी को और मजबूत करने का कार्य करेंगे। उल्लेखनीय रहे कि वर्ष 1998 में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से जुड़ने वाले रोहरा पार्टी के रूप में जो भी जिम्मेदारी दी गई उसका अक्षरशः पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने में अपना बहुमूल्य योगदान देते रहे। यही कारण है कि पार्टी हाईकमान ने इनकी काबिलियत को देखते हुए अनेक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे।

# पीएमजेजेबीवाई क्लेम का त्वरित निपटान नॉमिनी को मिला 2 लाख रुपये का भुगतान

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक गरियाबंद शाखा के खाता धारक स्वर्गीय मती रोहिणी बाई पटेल जी का पीएमजेजेबीवाई बीमा था। उनकी अकस्मात मृत्यु होने के बाद इनके पुत्र सदानंद पटेल द्वारा पीएमजेजेबीवाई का क्लेम 8 सितम्बर 2025 को किया गया। जिस पर शाखा प्रबंधक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 सितम्बर 2025 को क्लेम की राशि 2.00 लाख रूपये को नॉमिनी को हस्तांतरित कर दिया गया। जिससे नॉमिनी को अपने अन्य खर्चों के लिए समय से राशि मिल गई। इस पर उन्होंने आभार व्यक्त किया हैं।

इस दौरान आईपीपीबी के शाखा प्रबंधक विवेक सोनी, एग्जीक्यूटिव भूपेंद्र साहू एवं एग्जीक्यूटिव सौरभ तायडे उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक द्वारा जिले के सभी निवासियों को अपने नजदीकी डाकघर में जाकर भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण बीमा योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इसमें सालाना मात्र 436 में 2 लाख का जीवन बीमा कवर मिल जाता है।

# वनांचल क्षेत्र नगरी में आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन का रिकॉर्ड

## कमार जनजाति के बच्चों सहित 2200 से अधिक बच्चों का हुआ स्वर्ण प्राशन



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले के वनांचल नगरी ब्लॉक के ग्राम सांकरा में आयुर्वेद, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्वर्ण प्राशन, स्वास्थ्य जांच और बाल संदर्भ कैम्प का आयोजन किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम में कमार जनजाति के बच्चों सहित कुल 2213 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। वहीं 609 हितग्राहियों को आयुर्वेद चिकित्सा और 201 हितग्राहियों को होम्योपैथिक उपचार से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 810 हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाईयां वितरित की गईं। इनमें 267 महिलाएं, 242 पुरूष, 145 बालक और 156 बालिकाएं शामिल हैं। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संदर्भ योजना के तहत कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई गई तथा बच्चों के पालकों को पूरक पोषण आहार और स्वास्थ्य जांच के लिए परामर्श आदि दी गई। जिले के अन्य केंद्रों में भी 1507 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुर्वेद में वर्णित मुख्य 16 संस्कारों में स्वर्ण प्राशन को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। जैसे आधुनिक चिकित्सा में वैक्सीन द्वारा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जाती है, ठीक उसी प्रकार आयुर्वेद में वैदिक काल से ही स्वर्ण प्राशन संस्कार को बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन प्रक्रिया के रूप में अपनाया जाता रहा है। कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि आयुष विभाग, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग ने समन्वय के साथ उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों के लिए शासन द्वारा आवश्यक आर्थिक सहयोग की भी बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि आयुर्वेद को देश की प्रथम चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थापित किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा गुजरात में ग्लोबल सेंटर ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी से सामूहिक प्रयासों द्वारा आयुर्वेद को जन.जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कुपोषण मुक्त नगरी अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आयुष विभाग ने महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर व्यापक तैयारी की। साथ ही जिले के 36 आयुष संस्थानों में प्रत्येक पुष्य नक्षत्र से स्वर्ण प्राशन प्रारंभ करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर सभी अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराने की अपील की भी की गई। जिला आयुष अधिकारी अवध पचौरी ने बताया कि आचार्य कश्यप सहित अन्य आयुर्वेदाचार्यों ने जिन द्रव्यों का उल्लेख किया है, वे बच्चों की पोषण क्षमता बढ़ाने, कुपोषण दूर करने तथा मन-मस्तिष्क के विकास के लिए उपयोगी माने गए हैं। स्वर्ण प्राशन के द्रवण में स्वर्ण भस्म, शुद्ध शहद, गाय का घी, अश्वगंधा, वचा, शंखपुष्पी और ब्राह्मी प्रमुख तत्व हैं। इस अवसर पर डॉ रवीन्द्र वर्मा सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी के बच्चे तथा स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# इन दिनों इलाकों में चल रही शीतलहर, गर्म कपड़ों व अलाव का ले रहें सहारा

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अंचल में इन दिनों तेज शीतलहर चल रही है और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ गई है। सुबह कोहरा छाने लगा है और दिन में सर्द हवाओं के साथ शाम से ही शीतलहर तेज हो जाती है। जिससे लोगों को कंपकंपाने वाली सर्दी का सामना करना पड रहा है। सर्दी के बचाव के लिए लोग गर्म कपडों के अलावा अलाव का भी सहारा ले रहे हैं। हांलाकि सर्दी का यह दौर जहां आम नागरिकों के लिए परेशानी भरा साबित हो रहा है, वहीं फसलों के लिए लाभदायक है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट के साथ सर्द हवाएं भी चल रही हैं और कंपकंपाने वाली सर्दी पडने लगी है। इन दिनों इलाके का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियश तक पहुंच रहा है। जबकि अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री तक बना। हुआ है। तापमान में गिरावट के चलते सुबह से ही इलाके में कोहरा छाने लगता है और दिन में सर्द हवाओं के कारण दोपहर की धूप भी पूरी राहत नहीं दे पा रही है। शाम होते ही शीतलहर की तीव्रता बढ जाती है और लोगों को शाम से ही स्वेटर, जरकिन, मफलर, टोप आदि पहनकर निकलना पड रहा है। वहीं सर्दी के चलते नागरिक सर्दी जुकाम, बुखार से भी परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर अच्छी सर्दी के चलते फसलों को काफी राहत मिल रही है। वहीं तेज सर्दी को देखते हुए नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। ताकि सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होने वाले लोगों को सर्दी से राहत मिल सके। वहीं इन दिनों रबी सीजन की बुबाई के बाद फसलों में पहली सिंचाई का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में अच्छी सर्दी से फसलों की वृद्धि के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। कृषि विशेषज्ञ की माने तो सर्दी में रबी सीजन की फसलों की वृद्धि अच्छी होती है। अभी चना, मसूर, गेहूं की फसल शुरूआती अवस्था में हैं। ऐसे में सर्दी का यह दौर उनके लिए लाभदायक ही साबित हो रहा है। किसानों को अपनी फसलों में पहली सिंचाई शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि पहली सिंचाई में गेहूं में यूरिया का कम छिडकाव करें और दलहनी फसलों में तो यूरिया का छिडकाव बिलकुल भी न करें। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 दिसंबर तक इलाके का न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री तक ही बना रहेगा। जिससे सर्दी का असर ऐसा ही रहेगा। इसके बाद तापमान में थोडा उछाल आएगा।

# जनदर्शन में कलेक्टर उइके ने 37 आवेदकों की सुनी समस्याएं

## कलेक्टर उइके ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर उइके ने आज जनदर्शन में 37 लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम धौराकोट के दशरथ नागेश ने विद्युत कनेक्शन लगवाने, ग्राम पिपरछेड़ी की ओमेश्वरी सेवक ने असंगठित कर्मकार मूल्य सहायता योजना का पैसा दिलाने, ग्राम दादरगाँव के रामजी विश्वकर्मा ने वनाधिकार पट्टा प्रदान कराने, ग्राम बाजड़ी की बालमती सोनवानी ने जमा राशि वापस दिलाने, ग्राम नांगझर के बुधुराम तेली ने पशु शेड का पैसा दिलाने, गरियाबंद की चैतीबाई यादव ने अनुदान राशि प्रदान कराने, ग्राम घोटपानी के मदन लाल मरकाम ने वन पट्टा में भौतिक सत्यापन कराने, ग्राम धौराकोट के किशोर कुमार ने उचित जांच कराने, ग्राम छुईहा के पुखराज सिन्हा ने पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान करने, ग्राम गाड़ाघाट के भागीराम ने बिजली बिल में सुधार करवाने के लिए आवेदन सौंपा। इस पर कलेक्टर उइके ने उपस्थित अधिकारियों को अपने समक्ष बुलाकर आवेदकों के मांग एवं समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस



अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने मुरुम, रेत-गिट्टी का अंबार

## ट्रेडर्सों का कब्जा आम जनता परेशान



पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

**नागरिकों की मांगें**

एसडीएम कार्यालय के सामने लगे रेत-गिटटी के अंबार को तुरंत हटाया जाए। अवैध कब्जा करने वाले ट्रेडर्स पर कार्रवाई की जाए धूल नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जाए कार्यालय क्षेत्र में साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था बहाल की जाए

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के ठीक सामने मुरुम, रेत और गिटटी का अंबार लग जाना नगर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। बिल्डिंग मटेरियल ट्रेडर्स द्वारा सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम कब्जा कर निर्माण सामग्री डाल देना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि कार्यालय आने वाले नागरिकों और कर्मचारियों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। सड़क से आवागमन बाधित होता है। ट्रक-ट्रॉली और रेत-गिटटी के ढेरों के कारण कार्यालय पहुँचने में राहगीरों को कठिनाई होती है। धूल उड़ने से लोग परेशान हैं! जब स्डरूकार्यालय के सामने ही अवैध कब्जा और गंदगी पर नियंत्रण नहीं हो रहा, तो फिर अनुविभागीय अधिकारी की निगरानी और जिम्मेदारी पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। नागरिकों ने साफकहा है कि अनुविभागीय अधिकारी को इस मामले में सख्त कदम उठाना चाहिए था, लेकिन अब तक कार्रवाई न होने से अनुविभागीय अधिकारी भी सवालों के घेरे में आ गए हैं।

# दावा रहित जमा राशियों के लिए 12 दिसम्बर को जिला स्तरीय मेगा शिविर

**गरियाबंद।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 तक किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से गरियाबंद जिले को चयनित किया गया है। गरियाबंद जिले में कुल 29 हजार 91 खातों में 6 करोड़ रूपयें से अधिक की राशि जमा है। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किया जाना है और अधिक से अधिक आवेदनों का निपटान किया जाना है।

# नित्य योग का रजत जयंती 12 दिसंबर को

**महासमुंद।** शहर में योग का निरंतर 25 वर्ष पूर्ण होने पर योगभवन महासमुंद में 25 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर शुक्रवार को स्वामी शिवानन्द योगभवन कचहरी चौक में सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन एवं 12 बजे से भोजन प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

# अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बैकुंठ द्वारा सीजी बोर्ड के स्कूल बैकुंठ के छात्र-छात्राओं को किया गया जन जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड स्कूल बैकुंठ में अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन सीएसआर बैकुंठ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र बहेसर के समुचित तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजन हुआ। उपयुक्त कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के जितेंद्र तनवर डी.एच (एच.आर) नितेश शर्मा एस.एच (एच.आर) सोनाली गवारगुर सीएसआर प्रमुख के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संचालित सीएसआर से दीपेंद्र कुमार मिश्रा एवं सहायक के रूप में निरूपा कश्यप के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल से अनिल दुबे, एस.वाय. कुरेशी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे जागरूकता कार्यक्रम में 203 छात्र छात्राओं की उपस्थित थे जिन्हें एचआईवी एड्स एवं नशा से होने वाले नुकसान एवं निदान की जानकारी दी गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता द्वारा छात्र-छात्राओं से जागरूकता प्रदान की गई जिसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा आयुष्मान केंद्र बहेसर से अनिल नेताम एस सी एल एस गीतांजलि देवांगन एचआईवी काउंसलर किशोर मनहरे दंत चिकित्सक सहायक, डॉ श्रीकांत वर्मा आदि लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान एवं कार्यक्रम के बाद स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं में बहुत प्रफुल्लित दिखाई दिए साथ ही प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, अतः इन सभी कार्यक्रम पूर्णतः सफलता के साथ संपन्न हुआ।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों से छुईपाली, पालीडीह सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति, 3293.24 लाख मंजूर

## व्यापारी, किसान, विद्यार्थी एवं आमजन को आवागमन में समय और लागत में मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विकास खंड के छुईपाली से पालीडीह तक सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलना संपूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व, उत्साह और विकास की नई संभावनाओं से भरा ऐतिहासिक क्षण है। यह उपलब्धि सांसद रूपकुमारी चौधरी जी के सतत प्रयास, मजबूत नेतृत्व और क्षेत्र के जनहित के प्रति समर्पित प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस सड़क निर्माण के लिए 3293.24 लाख (बत्तीस करोड़ तिरानवे लाख चौबीस हजार) की राशि स्वीकृत की गई है, जो क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस परियोजना की स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, का हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट किया जाता है, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना को मंजूरी प्रदान कर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण किया। सड़क निर्माण के दूरगामी लाभ, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन अत्यधिक सुगम होगा, व्यापारी, किसान,



विद्यार्थी, व्यवसायी एवं आमजन को आवागमन में समय और लागत में उल्लेखनीय लाभ मिलेगा, रोजगार, व्यापार एवं परिवहन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच तेज़ एवं सरल होगी। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल शिशुपाल तक यात्रियों एवं पर्यटकों का आवागमन सुरक्षित, सहज व सुविधाजनक होगा, जिससे स्थानीय पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह सड़क आगामी समय में स्थानीय विकास, अर्थव्यवस्था, पर्यटन, सामाजिक सुविधाओं और क्षेत्र के सम्पूर्ण प्रगति को नई दिशा प्रदान करते हुए मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# प्रेस क्लब का संगठन विस्तार-विजय केसरवानी और शैलेष नितिन त्रिवेदी बने संरक्षक

## सतीशचन्द्र श्रीवास्तव बने विधिक सलाहकार, राजनीतिक और विधिक क्षेत्र की तीन बड़ी हस्तियाँ बनीं क्लब की नई ताकत

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रेस क्लब भवन बलौदाबाजार में आयोजित विशेष बैठक पत्रकारिता जगत के लिए ऐतिहासिक क्षण साबित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन विस्तार का महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भाजपा नेता एवं भारत स्काउट गाइड परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी तथा प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस शैलेष नितिन त्रिवेदी को प्रेस क्लब बलौदाबाजार का संरक्षक नियुक्त किया गया। इसी क्रम में जिले के सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव को क्लब का विधिक सलाहकार बनाया गया। बैठक के उपरांत दोनों संरक्षकों एवं विधिक सलाहकार का प्रेस क्लब भवन में स्वागत किया गया। उनके




आगमन पर क्लब परिसर सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात् अध्यक्ष नरेश गनशानी सहित समस्त पदाधिकारियों ने बुके, पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। संरक्षक एवं सलाहकार पद की जिम्मेदारी स्वीकार करने पर तीनों विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया और प्रेस क्लब परिवार ने हार्दिक स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए एक मील का पत्थर बताया। इस दौरान भाजपा नेता विजय केसरवानी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है और पत्रकारों के कंधों पर जनसरोकारों का अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि संरक्षक के रूप में मैं सदैव प्रेस क्लब के साथ खड़ा रहूँगा। पत्रकारिता का सम्मान और उसकी गरिमा बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सहयोग और साथ दूंगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शैलेष नितिन त्रिवेदी ने अपने वक्तव्य में भावुकता प्रकट करते हुए कहा कि उनकी वर्तमान राजनीतिक पहचान में पत्रकारिता का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार पीड़ित जनता की सच्ची आवाज हैं। मैं प्रेस क्लब के हर कदम पर साथ खड़ा रहूँगा और जनहित की लड़ाई में सहयोग करता रहूँगा। वही विधिक सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारिता समाज, प्रशासन और आम जनता के बीच की सबसे आवश्यक कड़ी है। जनता समाचारों पर भरोसा करती है और यह विश्वास हमेशा कायम रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधिक सलाहकार के रूप में मैं प्रेस क्लब को हर सम्भव कानूनी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

**बलौदाबाजार प्रेस क्लब-जनहित की आवाज, अब और अधिक सशक्त**

अपने गठन से लेकर अब तक बलौदाबाजार प्रेस क्लब नगर और क्षेत्र के जनहित मुददों को मजबूती से उठाता रहा है। पीड़ितों की आवाज बनकर समाज में न्याय की लड़ाई को गति देने वाली इस संस्था को अब दो अनुभवी संरक्षक तथा एक प्रखर विधिक सलाहकार का मार्गदर्शन प्राप्त होना इसकी शक्ति को और दुगुना कर देगा। संगठन ने कहा कि इस नई टीम से क्लब की कार्यकुशलता, जनसरोकारों पर पकड़ और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन पहले से अधिक प्रभावशाली होगा। इस गरिमामयी अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, उपाध्यक्ष दिलीप महेश्वरी, सचिव दलजीत चावला, सहसचिव विजय शंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, सदस्य राघवेंद्र सिंह, लकेश बघेल, देवेंद्र साहू, श्रवण ध्रुव, राजकुमार वालेचा, सुदेश साहू, पुष्पकांत मेजर, आभाष शर्मा, मोहित मरकाम, देवेश साहू, प्रीत लाल कुर्रे,इलियास खान, निर्मल सिंह चौहान, धर्मेंद्र मांडलें गोविंद रात्रे सहित सभी क्लब सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल प्रेस क्लब बल्कि पूरे बलौदाबाजार पत्रकारिता जगत के लिए गौरव का दिन बन गया जहाँ अनुभव, नेतृत्व और पत्रकारिता के प्रति निष्ठा का संतुलन एक ही मंच पर साकार हुआ।

# झारसुगुड़ा से दबोचा गया अंतरराज्यीय गांजा तस्कर, जोबी पुलिस की बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस चैकी जोबी द्वारा गांजा तस्करी के एक अंतरराज्यीय फरार आरोपी को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दबिश देकर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की गई है। आरोपी लवलेश उर्फ रविन्द्र पटेल उर्फ लवकेश पांडे, निवासी उत्तर प्रदेश, एक संगठित अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ था। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी एएसआई लक्ष्मी नारायण राठौर के नेतृत्व में की गई कार्रवाई पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2025 में जोबी चौकी पुलिस ने ग्राम कुर्रु में रहने वाली महिला अनीता बाई अगरिया के घर दबिश देकर 62 पैकेट में रखा कुल 64 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया था। पूछताछ में अनीता अगरिया ने खुलासा किया था कि उड़िसा से गांजा लाकर उसके घर में डंप किया जाता था और फिर ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। इस गिरोह में रायगढ़ की सरस्वती साहू, उसका भाई मनोज उर्फ छोटू साहू और उत्तर प्रदेश का लवकेश पांडे शामिल थे। कार्रवाई के दौरान सरस्वती साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि मनोज साहू और लवकेश पांडे फरार थे। मुखबीर से सूचना पर कल जोबी पुलिस ने झारसुगुड़ा में दबिश देकर लवकेश पांडे को पकड़ लिया। आरोपी के पास से तस्करी में प्रयुक्त दो टच मोबाइल, सिम कार्ड और नगद 3 हजार रुपये जब्त किए गए हैं। आरोपी को धारा 20(इ),29 एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण राठौर के साथ आरक्षक राजेंद्र राठिया, प्रदीप तिवारी और केशव राठिया की अहम भूमिका रही। जोबी पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर लगातार सख्त निगरानी और कार्रवाई जारी है।

# एनटीपीसी लारा ने सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी अस्पताल व पब्लिक प्लेस में किया डस्टबिन वितरित



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

समुदाय की साफऔर सफाई को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए एनटीपीसी लारा ने एक असरदार सफाई पहल शुरू की। इसमें सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ियों, लोकल हॉस्पिटल और खास पब्लिक जगहों पर डस्टबिन बांटे गए। यह सीएसआर एक्टिविटी एनटीपीसीके साफ और ज्यादा जिम्मेदार रहने वाले माहौल को बढ़ावा देने के गहरे कमिटमेंट को दिखाती है। यह इवेंट केशव चंद्र सिंघा रॉय, जीएम की प्रेरणा देने वाली मौजूदगी में हुआ। उनकी लीडरशिप ने मिलकर काम करने का माहौल बनाया। प्रोग्राम में स्कूल टीचर, आंगनबाड़ी वर्कर, हॉस्पिटल स्टाफ और कम्युनिटी के लोगों ने हिस्सा लिया, सभी ने मिलकर सफाई और सही वेस्ट मैनेजमेंट की अपील की। सिंघा रॉय ने सभी से सफाई का एंबेसडर बनने की अपील करते हुए कम्युनिटी को याद दिलाई कि छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने देश के मिशन स्वच्छ भारत, विकसित भारत के साथ एनटीपीसी लारा के जुड़ाव को दोहराया और दिए गए डस्टबिन के लगातार एवं सोच-समझकर इस्तेमाल की अहमियत पर जोर दिया। यह पहल न केवल स्थानीय सफाई सुविधाओं को बेहतर बनाती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबल कम्युनिटी डेवलपमेंट में एक ड्राइविंग फोर्स के रूप में एनटीपीसी लारा की भूमिका को भी मजबूत करती है।

# युवा कांग्रेस रायगढ़ ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

## मातृ शक्ति सम्मान दिवस के रूप में सफाई कर्मचारियों को कंबल देकर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण ने जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के नेतृत्व में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन सफाई कर्मचारियों का सम्मान कर कंबल बांटकर प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया मोनिका मंडारे प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और राकेश पांडेय के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया। नारी सशक्तिकरण व सम्मान की प्रतीक, कांग्रेस वर्किंग कमिटी की चेयरपर्सन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन को जिला युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण ने मातृ शक्ति सम्मान दिवस के रूप में मनाया। सशक्त नारी के रूप में कार्य कर रही महिला शक्ति, सशक्तिकरण की प्रतीक महिलाए जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी है घरघोड़ा क्षेत्र की सफाई कर्मचारियो का कंबल देकर उनको प्रोत्साहित कर सोनिया गांधी की लंबी उम्र का कामना किया। कांग्रेस नेता शिव शर्मा, किरोड़ी तायल, सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि सोनिया गांधी वर्तमान केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूरी ताकत से संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी प्रेरणा से ही आज कांग्रेस पूरे देश में भाजपा के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। सोनिया गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से संसद तक जनहित के मुददों पर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। वही जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा की ने सोनिया गांधी को लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कांग्रेस ने उनके नेतृत्व में पारित हुई ऐतिहासिक यू.पी.ए. कानूनों का विशेष उल्लेख किया, जिसमें ग्रामीण रोजगार गारंटी, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। उनके साहस और धैर्य को सम्मान है, विशेष रूप से उनके निजी जीवन में झेली गई चुनौतियों को देखते हुए महत्वपूर्ण था, जिसमें उनके पति राजीव गांधी और सास इंदिरा गांधी की हत्या जैसी घटनाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम में उस्मान बेग के साथ शिव शर्मा, किरोड़ी तायल, सुरेन्द्र चैधरी, लीलाधर साहू, दया शंकर बेहरा, हेम सिह राठिया, गणेश राम राठिया, नारायण शर्मा, शिवम् गुप्ता समेत भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता, महिलाये बुजुर्ग आम जनता युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष के निवास में पहुंचे डिप्टी सीएम साव

■ डॉ नीरेंद्र साहू के परिजनों से की सौजन्य मुलाकात, डिप्टी सीएम अरुण साव का डोंगरगांव नगर आगमन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



छग के उपमुख्यमंत्री, नगरीय निकाय व पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव का गत दिनों डोंगरगांव नगर आगमन हुआ। राजनांदगाँव जिले के एक दिवसीय प्रवास में पहुंचे डिप्टी सीएम साव ने नगर के विवेकानंद वार्ड 13 में स्थित छग प्रदेश साहू संघ प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के निवास में पहुंचकर साहू परिवार से पारिवारिक सौजन्य भेंट मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री, नगरीय निकाय व पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव जिला मुख्यालय में आयोजित साहू समाज के एक दिवसीय युवक युवती परिचय सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे। पश्चात विभिन्न कार्यक्रमों में भी सम्मिलित हुए। उपरांत उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छग प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू एवं जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू के निवास डोंगरगांव नगर पहुंचकर पारिवारिक भेंट मुलाकात की। इस मौके पर साहू परिवार ने उपमुख्यमंत्री का पुष्पमाला से स्वागत अभिनंदन किया। इस दरम्यान पारिवारिक एवं सामाजिक चर्चा हुई। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिपंअध्यक्ष किरण वैष्णव, स्थानीय नेतागण दिनेश गांधी व लक्ष्मीनारायण गुप्ता, अंजू त्रिपाठी, गीता साहू, रविन्द्र वैष्णव, दीना पटेल, हेमंत चोपड़ा, गुलशन हिरवानी, रामकिशन महेश्वरी, हीरेन्द्र साहू, घासी साहू, तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, सुरेंद्र साहू, जीवन साव, पार्षद पुरुषोत्तम साहू व उमेश साहू सहित भाजपाई, पार्षदगण एवं साहू समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

# आयुक्त सुमित अग्रवाल का औचक निरीक्षण अतिक्रमण हटाने और सफाई में लापरवाही पर नाराजगी

**सुबह 7.15 बजे आयुक्त का फील्ड विज़िट वार्ड 26, 27, 28 में सफाई व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड क्रमांक 26, 27 और 28 का भ्रमण कर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सड़क की स्थिति और अव्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सबसे पहले वार्डों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे फैली झाड़ियां और अनावश्यक हरियाली आवागमन में बाधा उत्पन्न करती है, इसलिए इन्हें तत्काल काटकर हटाया जाए। उन्होंने सड़क क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण को हटवाने के लिए भी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। आयुक्त ने कहा कि मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जे एवं वस्तुओं की अव्यवस्थित ढेरियों के कारण यातायात प्रभावित होता है, इसलिए इसे तत्काल साफ कर सुव्यवस्थित किया जाए। इसके साथ ही सड़क और नालियों में जमा वेस्ट मटेरियल को शीघ्र हटाने, तथा नालियों व सड़कों की निरंतर सफाई का पालन सुनिश्चित करने को कहा। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई और जल निकासी व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त अग्रवाल का यह फील्ड निरीक्षण क्षेत्र में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जिंदल पावर की जनसुनवाई में हंगामाः मंच से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अपशब्द, भाजपा नेताओं ने की कड़ी आपत्ति

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिंदल पावर लिमिटेड के कोल ब्लॉक उत्खनन परियोजना को लेकर तमनार ब्लॉक के ग्राम दौराभांठा में दो दिन पहले आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ा विवाद खड़ा हो गया। जनसुनवाई का विरोध कर रहे ग्रामीणों में से एक व्यक्ति ने मंच पर बैठे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चैधरी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के लिए अपशब्द बोल दिए। घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस मामले को लेकर जिले के कई भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मंच पर इस तरह की अभद्र भाषा अस्वीकार्य है और दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि वे बीते दो महीनों से कोल ब्लॉक के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। 13 से अधिक गांवों के लोग परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। विरोध के बीच आयोजित इस जनसुनवाई में स्थानीय निवासियों ने परियोजना को पूर्णतः निरस्त करने की मांग भी दोहराई। जिला प्रशासन ने घटना की जांच कराने की बात कही है, वहीं आंदोलनकारी ग्रामीण आगे भी शांतिपूर्ण विरोध जारी रखने की बात कर रहे हैं।

# योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचालकों के मध्य रंजिश प्रकरण, होटल संचालको के मध्य विवाद मामले में कार्रवाई



■ मारपीट प्रकरण में दोनो पक्षों से आरोपी गिरफ्तार, योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचालकों के मध्य रंजिश प्रकरण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में पखवाड़े भर पुर्व गत माह 20 नवंबर की रात्रि श्रीरामद्वार चौक समीप विवाद एवं मारपीट प्रकरण में आखिरकार पुलिस ने कार्रवाई की है। प्रकरण में दोनों पक्षों योगेश दोसा एवं गौतम होटल के मारपीट के अधिकतर आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस मारपीट के मामले में नागपुर से कुछ लोग शामिल थे, जिनकी नागरिकों द्वारा गुर्गे समझकर पिटाई कर दी गई थी। पुलिस द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक 20 नवंबर की रात्रि में नगर के गौतम होटल के पास दो पक्षो में विवाद व मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची थी। मेनरोड स्थित योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचलको द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद एवं मारपीट होने की। पुष्टि हुई थी। मारपीट की घटना में प्रार्थी भान बाई यादव पति भानु यादव, 50 वर्ष, वार्ड 11 सिनेमा लाईन डोंगरगांव की रिपोर्ट पर अपराध क्र 361/25 बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2), 333 दर्ज की गई थी। इसी प्रकार प्रार्थी योगेश देवांगन पिता त्रिलोचन देवांगन, 33 वर्ष, निवासी वार्ड 02 जेन्टस क्लब मैदान के पास डोगरगांव के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्रमांक 363/2025 धारा 296 115(2), 191(2), 49, 109 बीएनएस एवं का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने उक्त प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी दिलीप सिसोदिया के दिशानिर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा टीम गठीत कर अपराध विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।

# शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मिलेगी गति एक जेसीबी और 50 हाथ ठेला का किया लोकार्पण

■ महापौर व एम.आई.सी. सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना की

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम प्रशासन द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम परिसर में एक जेसीबी मशीन एवं 50 नए हाथ ठेलों का लोकार्पण किया गया। इस मौके महापौर जीवर्धन चैहान, एम.आई.सी. सुरेश गोयल, अशोक यादव, पूनम सोलंकी, मुक्तिनाथ बबुआ, आनंद भगत एवं अधिकारी कर्मचारियों ने जेसीबी और हाथ ठेला की विधिवत पूजा अर्चना की। महापौर चौहान ने कहा कि निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए संसाधनों का विस्तार लगातार किया जा रहा है। इसमें जेसीबी मशीन के जुड़ने से नालियों की सफाई, समय पर कचरा उठाव तथा निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी आएगी। वहीं 50 हाथ ठेलों के मिलने से वार्डों और शहर के मुख्य मार्ग की प्रतिदिवस की सफाई एवं कचरा उठाने के कार्य करने वाले कर्मचारियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि हाथ ठेलों को सभी 48 वार्डों में आवश्यकता अनुसार वितरित किया गया है। इससे कचरा संग्रहण और सड़क सफाई कार्य में गति आएगी।

## शासन के निर्देश का पालन नहीं, खेतो में जलाया जा रहा है पैरा

**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तुलसी से खुडमुड़ी रोड पर एक खेत में पैरा पर आग लगाई गई है, जिसकी लपटें रोड तक भयानक रूप से दिखाई दे रही हैं। रात में खेतों में पैरा जलाने से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखकर चिंता होती है, लेकिन विभाग के अधिकारी और विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से मौन हैं। इस तरह की घटना से बेजुबान जीव-जंतुओं की जान जा रही होगी, जिसका अनुमान लगाना भी मुश्किल है। साथ ही, गौ माता के लिए पैरा नहीं बच रहा, जिससे कई जगह गायें भूख से तड़प रही हैं। शासन के निर्देशों के बावजूद पैरा दान न करके खेतों में जलाया जा रहा है, और स्थानीय प्रशासन इस विषय में चुप है।



# पाटन राज कुर्मी समाज के द्वारा अधिकारी कर्मचारी संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



छ.ग.मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारी संगोष्ठी (मिलन समारोह) का भव्य आयोजन कुर्मी भवन पाटन में युगल आडिल राजप्रधान मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र बंछोर अध्यक्ष आफिसर असोसिएशन भिलाई स्टील प्लांट, अध्यक्षता युगल आडिल राजप्रधान पाटन राज, विशिष्ट अतिथि कमल वर्मा संयोजक अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन छ. ग.एवं अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ, हेमंत वर्मा अपर आयुक्त छ. ग.गृह निर्माण मंडल जगदलपुर, विशेष अतिथि के रूप में क्रमशः सनत वर्मा उप कुलसचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. हेनुराम वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर आई आई टी भिलाई, मोहन वर्मा एच् ओ डी शंकराचार्य यूनिवर्सिटी भिलाई, सुनील वर्मा इनकमटैक्स आफिसर रायपुर, नकुल वर्मा उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग धमतरी, कृष्ण कुमार नायक अधीक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग, भूपेश वर्मा सहायक अभियंता विद्युत वितरण कंपनी उतई,मनोज वर्मा पूर्व लोक अभियोजक जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर, शैलेष आडिल डी जी एम भिलाई स्टील प्लांट, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के महापुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज, स्वामी आत्मानंद जी महाराज, डॉ. खूबचंद बघेल, के छायाचित्रों की पूजा अर्चना कर राजगीत एवं जातीय गौरव गीत के साथ किया गया। राजप्रधान युगल आडिल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा समाज एक बौद्धिक समाज है, जो सामाजिक बैठक कर प्रकरणों का निराकरण एवं अन्य गतिविधियों में तो कार्य करते है। हमारे समाज के युवक यु वतियो के सर्वांगीण विकास रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में कैसे आगे बढे इसी सोच को ध्यान में रखते हुए अधिकारी कर्मचारी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है मुझे आशा कि इस आयोजन का लाभ भविष्य में समाज के युवा पीढी को जरूर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि कमल वर्मा ने अपने उदबोधन में कहा हमारे पाटन राज के राजप्रधान युगल आडिल एवं राजमंत्री केदार कश्यप के अथक प्रयासों का यह परिणाम है कि पूरे छत्तीसगढ़ में पहली बार अधिकारी कर्मचारी संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया है।

# लैलूंगा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना लैलूंगा पुलिस ने दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में संवेदनशीलता बरतते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट 9 सितंबर 2024 को पीड़िता के परिजनों ने थाना लैलूंगा में दर्ज कराई थी। बालिका के पिता ने बताया कि बालिका उसके साथ रहती थी। 5 अगस्त 2024 को बालिका बिना बताये कहीं चली गई, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस दर्ज कर बालिका और संदेही की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि अपहृता बालिका रायगढ़ में देखी गई है। सूचना की तस्दीक पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां युवती को सुरक्षित दस्तयाब किया गया और विधिवत दस्तयाबी पंचनामा तैयार किया गया। इसके बाद महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का कथन कराया गया, जिसमें उसने बताया कि आरोपी सनमत साय पैकरा द्वारा लगातार शारीरिक संबंध बनाया गया। विवेचना में यह स्पष्ट होने पर कि पीड़िता के साथ बलात्कार किया गया है, प्रकरण में धारा 64, 65(1), 142 भारतीय न्याय संहिता 4,6 पॉस्को एक्ट जोड़ी गई। आरोपी सनमत साय पैकरा 24 साल को हिरासत में लेकर सुरक्षित रूप से थाना लाया गया, जहां पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसकी गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

# एम्बुलेंस चालक पर हमला करने वाले दो आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, चक्रधरनगर पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में आपातकालीन सेवा डायल-108 के एम्बुलेंस चालक से मारपीट और चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पीड़ित गिरजाशंकर लहरे पिता प्रहलाद लहरे उम्र 32 वर्ष, निवासी पंडित दीनदयाल कॉलोनी, थाना चक्रधरनगर ने 7 नवंबर को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने दोस्तों और कुछ अन्य एम्बुलेंस चालकों के साथ एमसीएच के आगे जंगल के भीतर आयोजित एक पार्टी में गया था। खाना खाने के बाद प्राइवेट एम्बुलेंस चालक सैय्यद ने निशुल्क मरीजों को ले जाने को लेकर विवाद शुरू किया और अपने रिश्तेदार अब्दुल अंसारी के साथ मिलकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। इसी दौरान सैय्यद ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर दिया, जिससे चालक के कान में गंभीर चोट आई। रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में धारा 296, 351 (3), 109 (1), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट एवं पीड़ित के बयान के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कल ही आरोपी सैय्यद अंसारी पिता यासीन अंसारी उम्र 32 वर्ष निवासी गांधी नगर वार्ड क्रमांक 33 थाना जुटमिल तथा अब्दुल कलाम उर्फ अब्दुल अंसारी पिता मो. इजराइल अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी रहमान गली गांधी नगर वार्ड क्रमांक 33 थाना जुटमिल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार चाकू एवं घटना के समय पहने गए कपड़े भी जब्त किए गए हैं। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने दी जिले में दो नई बस सेवाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया जो विकासखण्ड राजपुर के ग्राम नवकी एवं रामचन्द्रपुर के ग्राम डिण्डो में बस परिवहन सेवा शुरू की गई जिसे जिले के जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रामचन्द्रपुर अंतर्गत बस का संचालन रामानुजगंज से वाड्रफनगर तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत छतवा, लोधा, खुरा, बाहर चुरा, विमलापुर, डिण्डों, टाटीआथर, सलवाही,गोबरा, फुलीडूमर शामिल है। व्ही राजपुर के प्रतापपुर से पटना निर्धारित किया गया है,जो मकनपुर, गोपालपुर, राजपुर, शंकरगढ़, चलगली, महुवाडीह, डीपाडीह होते हुए पुनः पटना तक संचालित होगा।

## संपादकीय

# साइबर ठगी का जाल सुप्रीम कोर्ट सख्त

आत्मसात कर रहा है, उसी गति से अपराधियों ने भी अपने मंसूबों को नया रूप दे दिया है। इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और मोबाइल आधारित सेवाओं ने जहां जनजीवन को सरल बनाया है, वहीं इसी सुविधा का दुरुपयोग करते हुए साइबर अपराधी अब ऐसे तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं जिनमें आम नागरिक को यह समझ ही नहीं आता कि वह कब जाल में फंस गया। हाल के महीनों में सबसे भयावह रूप में उभरा डिजिटल अरेस्ट स्कैम न केवल लोगों की कमाई को चूस रहा है, बल्कि नागरिकों के भीतर कानून, सुरक्षा व्यवस्था और डिजिटल तंत्र के प्रति भय भी पैदा कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताते हुए इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है और केंद्र सरकार से इस खतरे की जड़ों तक पहुँचने और इसे खत्म करने का हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मुद्दा तब गंभीर रूप से उभरा जब अक्टूबर में स्वतः संज्ञान लिए गए इस मामले में गतिशील सुनवाई शुरू हुई और सामने आया कि डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम में भारतीयों से तीन हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की ठगी हो चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान का नहीं, बल्कि उस भरोसे के टूटने का भी है जो आम नागरिक देश की साइबर सुरक्षा प्रणाली से रखता है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम का तरीका बेहद खतरनाक और मनोवैज्ञानिक दबाव से भरा होता है। इसमें पीड़ित के मोबाइल पर किसी सरकारी अधिकारी, पुलिस, सीबीआई, ईडी या अदालत के नाम से कॉल आता है। कॉलर द्वारा दावा किया जाता है कि पीड़ित किसी अपराध में शामिल है और उसकी तुरंत डिजिटल गिरफ्तारी की जा रही है। इसके बाद उससे कहा जाता है कि वह अपने मोबाइल का कैमरा चालू रखे, किसी कमरे में बंद हो जाए और किसी से बात न करे। अपराधी इस दौरान पीड़ित पर डर, तनाव और शर्मिंदगी का इतना दबाव बना देते हैं कि वह बिना समझे अपने पैसे उनके खातों में भेज देता है। यह पूरा घटनाक्रम न केवल अपराधियों की मानसिक तकनीकों को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह बुजुर्ग और अकेले रहने वाले नागरिक ऐसे मामलों में आसानी से निशाना बन जाते हैं। 2025 में ही साइबर ठगी की 1.23 लाख शिकायतें दर्ज होना यह संकेत है कि साइबर अपराध अब सीमित दायरे की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय चुनौती का रूप ले चुकी है। इनमें से 17, 718 मामले केवल डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े पाए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन ठगी मामलों में सबसे ज्यादा निशाना 60 वर्ष से ऊपर के नागरिक बने हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि लगभग 82 प्रतिशत पीड़ित बुजुर्ग वर्ग से संबंधित हैं, जिनमें से अधिकांश तकनीक के उपयोग में अपेक्षाकृत कम सहज होते हैं और डिजिटल धमकियों या सरकारी नाम के पीछे छिपी धूर्तता को तुरंत समझ नहीं पाते। युवाओं को लेकर चल रहे साइबर जागरूकता अभियानों के बीच यह वर्ग अभी भी सुरक्षा कवच से बुरी तरह वंचित दिखाई देता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची शामिल हैं ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई भी नियम भारतीय कानून में अस्तित्व ही नहीं रखता। किसी व्यक्ति को केवल डिजिटल माध्यम से, वह भी बिना किसी विधिक प्रक्रिया के, अरेस्ट करना तो दूर, उसकी गतिविधियों को नियंत्रित करने का अधिकार भी किसी एजेंसी को नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जिस तरह से अपराधी सरकारी एजेंसियों का नाम लेकर आम जनता को भयभीत कर रहे हैं, वह स्थिति अत्यंत गंभीर है और केंद्र सरकार को दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय, वित्तीय क्षेत्र नियामकों और आईटी कंपनियों की संयुक्त जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अकेला देश नहीं है जो इस तरह के फिशिंग और धोखाधड़ी नेटवर्क का शिकार हो रहा है। म्यांमार, कम्बोडिया और लाओस जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में मौजूद साइबर ठगी के बड़े गिरोह इस तरह के अपराधों के प्रमुख स्रोत हैं।

# संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शन

**ललित गर्ग**




भारत की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। ''भगवान'' शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दर्शाता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- ''भारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन हो।'' उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है।

संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है।

आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग ''सबका हित और सबके साथ'' पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा। आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में ''भू-सांस्कृतिक मानचित्र'' की पुनर्स्थापना हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है। योग का विश्वदिवस घोषित होना, आयुर्वेद का पुनर्धर्म, ''माई लाइफ़ माई योगा'', ''पंचामृत'', ''लोकल टू ग्लोबल'', ''वोकल फॉर लोकल'', जी-20 की भारतीय दर्शन आधारित थीम ''वसुधैव कुटुम्बकम्'', मिशन लाइफ, प्राकृतिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा मंत्रालय, मंदिरों का पुनर्जीवन, सांस्कृतिक आत्मविश्वास का उदय-ये सब उस सनातन दृष्टि के शासन रूप हैं जिसे संघ वर्षों से साधता आया है। मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनयिक भूमिका आध्यात्मिक भाषा में उभर रही है, जहां युद्ध की भाषा की जगह सहजीवन की भाषा है, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भूमिका है। मोहन भागवत कहते हैं कि ''भारत को दुनिया में नेतृत्व अपने धर्म से मिलेगा, किसी वर्चस्व से नहीं।'' यही धर्म प्रकृति और संस्कृति के संतुलन का वह सिद्धांत है जिसने भारत को दार्शनिक राष्ट्र बनाया।

आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, महामारी, अकेलापन, मानसिक तनाव और युद्ध के बीच टूट रही है। पश्चिमी विज्ञान समाधान के लिए रोबोट, जीन इंजीनियरिंग या डिजिटल कृतक जीवन की ओर जा रहा है, जबकि भारतीय अध्यात्म कहता है कि समाधान भीतर है, प्रकृति के साथ है, समरस संस्कृति के साथ है। यही संघ का कथन है कि ''मानव को मनुष्य बनाना ही राष्ट्र निर्माण है।'' संघ का जीवन तंत्र व्यक्ति में यह भरोसा जगाता है कि वह सृष्टि से जुड़ा है, पंचमहाभूतों का अंश है, और उसका धर्म है कि वह प्रकृति और समाज दोनों का पोषण करे। संघ की शाखाओं में हर प्रार्थना ''नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे'' यह स्मरण दिलाती है कि भारत माता केवल प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति का योग है, जिसे जीना ही सनातनता है। संघ के लिए सनातन केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिक और सामाजित अनुशासन की ऊर्जा है। संघ स्वयंसेवक जब शाखा में प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योगासन और सामूहिक भाव-विन्यास करते हैं, तो वे भारतीय संस्कृति के मूल सूत्र ''प्रकृति-संस्कृति योग'' को साधते हैं।

मोहन भागवत यह भी कहते हैं कि भारत का मार्ग किसी पर थोपने का नहीं है बल्कि जगत को दिखाने का है कि शांति, समृद्धि और संतोष कैसे प्राप्त हो सकते हैं। उनके वक्तव्यों में स्पष्ट है कि सनातन जीवन-पद्धति ''ग्रहण और उपभोग'' नहीं बल्कि सहजीवन और पोषण सिखाती है। एक ओर पश्चिमी मॉडल शोषण, नियंत्रण का जीवन देता है, विज्ञान भी वहां सत्ता का औजार है; दूसरी ओर सनातन दर्शन अध्यात्म और विज्ञान को पूरक बनाता है, भौतिकी को आध्यात्मिक चेतना से संचालित करता है। यही अंतर भारत और विश्व को दिशा देता है। उनकी दृष्टि में भारत की समस्याओं का समाधान शिक्षा प्रणाली के पुनर्संयोजन में है, जिसमें ज्ञान केवल तकनीक न हो बल्कि जीवन विद्या हो। वे कहते हैं कि यदि भारत प्रकृति आधारित संस्कृति को पुनर्जीवित करेगा तो आरोग्य, आनंद और मोक्ष की दिशा में एक नई मनुष्यता जन्म लेगी। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए समाधान है क्योंकि विश्व के संकट का मूल मानव और प्रकृति के बीच का विभाजन है। आज संघ का शताब्दी वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह भारत के सनातन पुनरुत्थान का ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। संघ की जीवन शैली-साधारणता, संयम, समर्पण, समाज-धर्म, अनुशासन, सेवा और आत्मपरिष्कार, यह प्रकृति आधारित संस्कृति की आधुनिक अभिव्यक्ति है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन, संघ के जीवन तंत्र को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का राजनीतिक-राजनयिक रूप है। इसलिए आज के हिंसा और युद्धग्रस्त विश्व के लिए भारत का संदेश स्पष्ट है कि समाधान हथियार से नहीं, जीवन दर्शन से होगा; विकास भौतिक उपभोग से नहीं, समरस संस्कृति से होगा; और भविष्य उस सभ्यता का है जो प्रकृति को माता और संस्कृति को सृष्टि का धर्म मानकर चलती है। सनातन जीवन दृष्टि केवल विश्वास नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीवंत प्रस्ताव है।

संघ सरचालक मोहन भागवत का आग्रह इसी पर है कि भारत को अपने अक्षय ज्ञान पर पुनर्विश्वास करना होगा, क्योंकि वही वह शक्ति है जो संकटग्रस्त विश्व को दिशा दे सकती है। जब प्रकृति और संस्कृति का योग जीवन का आधार बनता है, तब व्यक्ति आरोग्यवान, समाज समृद्ध और राष्ट्र मोक्षपथगामी होता है। यही सनातन समृद्धि है और यही भारत का वैश्विक योगदान है, जिसकी उद्घोषणा संघ के शताब्दी वर्ष में अधिक स्पष्ट होती है कि ''विश्व बंधुत्व, प्रकृति सम्मान और मोक्ष-केंद्रित जीवन, यही भविष्य की सभ्यता है।''

# योगी की पातीः 2027 तक गरीबी मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प

**कांतिलाल मांडोत**

**योगी ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा -समानता, न्याय और बंधुत्व के अनुरूप समाज निर्माण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में बीता और आज वही चिंतन जीरो पावर्टी अभियान के रूप में सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बना हुआ है**




भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के भव्य अनावरण अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पाती के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 2027 तक गरीबी-मुक्त राज्य बनाने का संकल्प दोहराया। बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा -समानता, न्याय और बंधुत्व के अनुरूप समाज निर्माण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में बीता और आज वही चिंतन जीरो पावर्टी अभियान के रूप में सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में उल्लेख किया कि सरकार ने गरीबों, कमजोर वर्गों, श्रमिकों, महिलाओं और बच्चों तक विकास की हर योजना को तेज गति से पहुँचाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। आवास, श्रम योजनाएँ, पोषण व बाल-विकास कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएँ और सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ अब जमीनी स्तर तक पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचा रही हैं। योगी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के मार्गदर्शन में जीरो पावर्टी अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का राष्ट्रीय संकल्प है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षित आवास और सशक्त भविष्य का अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाला 6 दिसम्बर सिर्फ परंपरागत श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा को जीवन में उतारने का अवसर है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की कि वे समानता, न्याय और बंधुत्व को व्यवहार में अपनाकर एक समतामूलक, संवेदनशील और सहभागी व्यवस्था के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत में बाबा साहेब जैसी युगान्तरकारी विभूतियों का मार्गदर्शन न केवल संविधान में संरक्षित है, बल्कि समाज-व्यवस्था के हर आयाम में प्रेरणा बनकर खड़ा है। शोषितों और वंचितों को न्याय दिलाने का उनका जीवन संघर्ष आज भी सरकारी नीतियों, सामाजिक आंदोलनों और मानव-केंद्रित विकास के लिए पथप्रदर्शक है।

अपने संबोधन में योगी ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण, छात्रावास सुविधा और आर्थिक सहायता जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आत्मनिर्भरता के लिए ऐसी योजनाएँ लागू की हैं, जिन्होंने लाखों परिवारों को नई ऊर्जा और नया जीवन दिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पारदर्शी भुगतान व्यवस्था ने अनियमितताओं पर रोक लगाई है और सुनिश्चित किया है कि लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँचे। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में जनता दर्शन की भूमिका पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि आम नागरिकों से सीधा संवाद है। प्रतिदिन मिलने आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को सुनना, समाधान की दिशा में तुरंत कदम उठाना और प्रशासनिक मशीनरी को जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करना उनकी कार्यप्रणाली का मूल है। जमीनी विवादों, राजस्व मामलों, सामाजिक-न्याय से जुड़े प्रश्नों और पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है। योगी ने कहा कि जनता दर्शन में आने वाले लोगों को वे सिर्फ पीड़ित नहीं, बल्कि अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। उनकी पीड़ा को समझना, उनसे अपनत्व से बात करना और बच्चों को चॉकलेट देकर उनका मन हल्का करना इस मानवीय संवाद का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, वह सामाजिक न्याय और आर्थिक समावेशन की नींव पर टिकाकर बनाया गया है। बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया विकास मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति तब बढ़ती है, जब उसका सबसे कमजोर व्यक्ति भी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर महसूस करे। यही दृष्टि जीरो पावर्टी अभियान' के केंद्र में है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयास तभी सफल होंगे जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति संवेदनशीलता और समरसता को जीवन में उतारे। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल पर समानता और सम्मान का व्यवहार अपनाए। बाबा साहेब की शिक्षाएँ केवल किताबों में सिमटने के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाने के लिए हैं। यही सच्ची श्रद्धांजलि है और यही विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में पहला कदम। पाती के अंत में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 तक उत्तर प्रदेश गरीबी के चक्र से पूरी तरह मुक्त होकर एक नए सामाजिक-आर्थिक उछाल का अनुभव करेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना ऐसा समाज जहाँ किसी व्यक्ति को उसकी जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति के कारण पीछे न रहना पड़े। अब साकार होने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय पर आधारित विकास है, जो हर नागरिक को छूए, हर घर में मुस्कान लाए और हर व्यक्ति को अवसर दे। योगी आदित्यनाथ की यह पाती न केवल नीति-निर्देशक दस्तावेज है, बल्कि संवेदनशील शासन की झलक भी, जहाँ सत्ता का केंद्र जनता है, और उसका उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति का उत्थान। बाबा साहेब के सपनों को वास्तविकता में बदलने का यह संकल्प आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नया आत्मविश्वास देगा।

## आप की बात

### मतदाता पहचान और बीएलओ की मौतों पर बढ़ा राजनीतिक तनाव

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर (स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन) को लेकर संसद से लेकर सड़क तक जिस तरह का विवाद खड़ा है, वह एक आम पाठक के लिए कई सवाल छोड़ जाता है। दो दिन तक संसद का कामकाज ठप रहना, सरकार और विपक्ष का आमने-सामने खड़ा होना, और फिर मजबूरी में सरकार का चर्चा को तैयार होना—यह सब बताता है कि मामला सिर्फ तकनीकी नहीं है, राजनीतिक भी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया आखिर इतनी विवादित क्यों हो गई? 1 दिसंबर और 2 दिसंबर को संसद के दोनों सदनों को दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा इससे पाठक को यह एहसास होता है कि एसआईआर की गंभीरता सिर्फ चुनाव आयोग की प्रक्रिया भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है। पाठक के लिए मुख्य चिंता वहां से शुरू होती है, जहां सुप्रीम कोर्ट में यह सवाल उठता है कि क्या चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार है भी या नहीं? वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी का तर्क कि नागरिकता तय करना आयोग का काम नहीं है,सीधे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। इधर आयोग सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त नहीं कर पा रहा, उधर विपक्ष खासतौर पर राजद, कांग्रेस और एडीआर—लगातार दबाव बना रहे हैं। ऐसे में पाठक महसूस करता है कि एक संवैधानिक संस्था पर इतना भारी संदेह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं। पश्चिम बंगाल से आने वाली रिपोर्टें किसी भी आम नागरिक को विचलित कर सकती हैं। बीएलओ की मौतों के पीछे काम का अत्यधिक दबाव निर्धारित समय में गहन सत्यापन पूरा करने का तनाव जैसे कारण बताए जा रहे हैं। इससे एक साधारण पाठक के मन में यह प्रश्न उठता है—क्या मतदाता सूची बनाने वालों की जान की कीमत पर ह्यशुद्धिकरण' किया जाना चाहिए?

**अभिषेक सिंह, कानपुर**

### वन्देमातरम अखंड भारत की एकता का प्रतीक रहा

देश की आजादी के लिए "वन्देमातरम" कहते हुए स्वतंत्रता सेनानी शहीद हुए. हजारों कुर्बानियों के पश्चात अंग्रेजों के चंगुल से देश आजाद हुआ. बावजूद इसके स्वार्थपरक राजनीति के चलते व जाते-जाते एवं अपना वर्चस्व जमाते हुए अंग्रेजों ने "फूट डालो राज करो" की अपनी नीति के तहत 'स्वार्थी राजनीतिज्ञों" में भी बीज बो दिये. क्योंकि वे पहले भी बंगाल के दो हिस्से कर चुके थे. बाद में भी उन्होंने ऐसी लकीर खींची कि देश के भी दो भाग करवा दिए. देश की आजादी में अखंड भारत के हर देशभक्त ने भाग लिया जहाँ ना कोई राजनीति थी, न कोई जात-पांत और न कोई सम्प्रदायवाद। सिर्फ एक ही उद्देश्य था हर भारतीय देशभक्त का कि देश को आजाद कराना. एक ही जूनून था, एक ही झंडा था और एक ही नारा था "वन्दे मातरम्". और उसी को लेकर आजादी के हर दीवाने/परवाने (बच्चे-महिला-पुरुष) कई मुसीबतों को सहते/झेलते हुए "स्वतंत्रता संग्राम" में कूदे हुए थे. "वन्देमातरम" गीत ही नहीं बल्कि वो "स्वतंत्रता व स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक" के साथ ही वो धरती माता (भारत माता) के सभी प्राकृतिक स्वरूपों को भी दर्शाता है और उसे अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है. ताकि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय सदैव बना रहे. अतः वंदेमातरम्" पर राजनीति से ऊपर उठकर "देशभक्ति" को दर्शाते हुए स्वच्छ क्रिया-प्रतिक्रिया होनी चाहिए ताकि दुनिया में "मेरा देश और अधिक महान', ज्ञानवान व विश्वशांति का प्रतीक बनें और हर भारतीय को हार्दिक उम्मीद रहे कि फिर से वो प्राचीन स्वरूप "अखंड भारत" के रूप में उभरे और विश्वमार्यम का सन्देश सारी दुनिया को दे।

**शकुंतला महेश नेनावा, ५७, गिरधर नगर इंदौर (म.प्र.)**

### आरक्षण के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त सोच सत्य स्वीकारने की हिम्मत नहीं जुटा पाती

देश में आरक्षण पर विवाद जारी है। कोई जाति आधारित आरक्षण का विरोध कर रहा है, तो कोई दुर्बल आय वर्ग के आरक्षण का। कभी कभी जातीय आधार पर क्रीमीलेयर को मिलने वाले आरक्षण पर भी चर्चा हो जाती है, किन्तु आरक्षण के प्रति पूर्वाग्रह ग्रस्त सोच सत्य स्वीकारने की हिम्मत नहीं जुटा पाती। पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बी. आर. गंवई ने जब अनुसूचित जातियों में क्रीमीलेयर आरक्षण समाप्त करने की बात कही, तो उन्हें अपनी ही जाति के लोगों की आलोचना का शिकार होना पड़ा। श्री गंवई ने फिर कहा कि डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर की नजर में आरक्षण ऐसा था, जैसे किसी पिछड़ गए व्यक्ति को साईकिल देना, ताकि वह बाकी लोगों के बराबर पहुँच सके। इसका मतलब यह नहीं कि वह हमेशा साइकिल पर चलता रहे तथा औरों के लिए रास्ता बंद कर दे। वस्तुस्थिति यह है कि आरक्षण देश को अक्षम और विकलांग बनाए रखने का साधन भर रह गया है। ऐसे में आवश्यक है, कि आरक्षण की पुनर्समीक्षा हो, यह जातीय आधार पर न होकर उस वंचित व्यक्ति के लिए हो, जिसे किसी भी प्रकार से आगे बढ़ने का अवसर न मिला हो। देश को पूर्व सीजेआई श्री बी. आर. गंवई के सुझाव का भी सम्मान करना चाहिए।

**डॉ. सुधाकर आशावादी ब्रह्मपुरी, मेरठ**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# शिव ही आदि और अनन्त है : स्वामी ज्योतिर्मयानंद

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर के हृदय स्थल कृषि उपज मंडी परिसर में गौ प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का पांचवे दिन कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ लगे हुए है। शिवमहापुराण कथा का विस्तार से दण्डी स्वामी ज्योतिर्मया नंद सरस्वती ने वर्णन करते हुए कहा कि शिव ही आदि और अनंत है वह सृष्टि रचयिता हैं इसी क्रम में महात्मय के साथ देवराज जैसे पापी की कथा भी सुनाया। शिवमहापुराण सदाशिव की महिमा की विभिन्न कथाओं का वर्णन करता है यह इस बात का भी प्रमाण देता है कि ब्रम्हा, विष्णु और महेश सदाशिव की संतानें हैं। इन्हीं सदाशिव को शिवपुराण में काल कहा गया है। दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती नें कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि शिवमहापुराण पढ़ने के अनेक लाभ हैं मनोकामनाएं पूरी होना, पापों से मुक्ति, मानसिक शांति और भय मुक्ती इसके अलावा यह गंभीर बीमारियों को दूर करनें, कष्टों को कम करनें और अंत में मोक्ष प्राप्त करने में भी मदद करता है। सावन जैसे महिनें में इसका पाठ करनें से पुण्य कई गुणा बढ़ जाता है दण्डी स्वामी जी ने कहा कि शिव मंदिर में तीन बार ताली बजाने का महत्व को बताया पहली ताली भगवान शिव के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराना और उन्हें जगाना क्योंकि शिव जी हमेशा ध्यान में लीन रहते हैं। दुसरी ताली अपनी मनोकामनाएं, सुख, समृद्धि बनाएं रखनें की प्रार्थना करना तीसरी ताली स्वयं को पूरी तरह से शिव के चरणों में समर्पित करना, भूल चुक के लिए क्षमा मांगना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना दंडी स्वामी ने कथा स्थल में धर्म प्रेमी नगर के लोगों को शिव कथा विस्तार से



बताते हुए कहा कि जब आप अपनी परेशानियों को हंसते-हंसते झेल लेते हैं तो उसे शिवजी की ही कृपा माने। दंडी स्वामी ने कहा कि शिवजी पर बेलपत्र का उल्टा हिस्सा यानी बेलपत्र का चिकना हिस्सा शिवलिंग की तरफ होनी चाहिए। शिव महापुराण एवं अन्य धर्म ग्रंथो में उल्लेख मिलता है कि बेलपत्र के ऊपरी सतह पर मां लक्ष्मी का वास होता है जबकि निचली पर भगवान शिव का वास बताया गया है। अर्थात बेलपत्र को उल्टा चढ़ाने में भगवान शिव की प्राप्ति होती है और लक्ष्मी जी का भी आशीर्वाद बना रहता है। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर काले तिल अर्पित करने से सर्प दोष, शनि की साढ़ेसाती वह भैया का अशुभ प्रभाव कम होता है। शिवलिंग पर काले तिल अर्पित करने से व्यक्ति को हर तरह की परेशानियों से मुक्ति मिलती है और भगवान शंकर की कृपा प्राप्त होती है एवं मनोवांछितफल की प्राप्ति होती है भगवान शिव को शाश्वत संघारक सृष्टि करता और रूपांतारक कहा गया है। ऐसी कोई भी इच्छा नहीं है जिन्हें शिवजी पूरा नहीं करते, शिवजी पर पीली सरसों चढ़ने से शत्रुओं का नाश होता है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है,वातावरण शुद्ध होता है और बृहस्पति ग्रह के दोष शांत होते हैं।यह आर्थिक समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि करने वाला भी माना जाता है। अगर मनुष्य किसी रोग से ग्रस्त है तो शिवजी पर क्या चढ़ाएं इसके लिए शहद दूध घी शक्कर मिलाकर पंचामृत बनाकर चढ़ाने से विशेष लाभ होता है। खासकर महामृत्युंजय मंत्र के साथ अभिषेक करने से बड़ी-बड़ी बीमारियों में राहत मिलती है साथ ही शिवजी को भांग धतूरा अर्पित करना चाहिए और जल से अभिषेक करना चाहिए स्वास्थ्य के लिए यह सब उपाय लाभकारी है। आज के आयोजन में मुख्य रूप से बलराम दास वैष्णव खोजो राम वर्मा बिसाहू वर्मा राजू लाल साहू नरेश राम साहू भवानी मंडल नंदकिशोर पांडे सीताराम साहू अंगद साहू मनोज मिश्रा अजय मिश्रा कृष्णा दुबे एवं जानकी साहू प्रमिला पांडे अनीता मिश्रा नीति श्रीवास्तव हेमलता शर्मा मीनू पटेल नीति अग्रवाल माधवी शर्मा वर्षा गौतम हेमंत साहू गंगा सिंह सरस्वती साहू के साथ क्षेत्र से आए हुए गांड मारने नागरिक उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष की तानाशाही से दल्ली राजहरा का विकास अवरुद्ध

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के वर्तमान कार्यकाल को लगभग नौ माह बीत चुके हैं, परंतु अत्यंत खेद और आक्रोश के साथ यह बताना पड़ रहा है कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर के विकास और जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने हेतु सामान्य सभा की एक भी बैठक आयोजित नहीं की गई है। विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, नेता प्रतिपक्ष, एवं उपनेता प्रतिपक्ष संयुक्त रूप से इस अलोकतांत्रिक और मनमाने रवैये की कड़ी निंदा करते हैं। अधिनियम का उल्लंघन और संवैधानिक दायित्वों से पलायन, छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 35 के तहत यह स्पष्ट प्रावधान है कि नगर के विकास और सुचारू प्रशासन के लिए प्रत्येक दो माह में कम से कम एक सामान्य सभा की बैठक आयोजित किया जाना आवश्यक है। नौ माह बीत जाने के बावजूद, चार अनिवार्य बैठकों में से एक का भी आयोजन न करना स्पष्ट रूप से अधिनियम का उल्लंघन है और अध्यक्ष की ओर से अपने संवैधानिक दायित्वों से घोर पलायन है। विकास कार्य ठप, मनमर्जी से निर्णय नगर पालिका अध्यक्ष की यह निष्क्रियता और मनमानी शहर के विकास को गंभीर रूप से बाधित कर रही है, विकास कार्य ठप सामान्य सभा की बैठक आयोजित न होने के कारण शहर के लिए आवश्यक नई विकास परियोजनाओं पर चर्चा और उन्हें पारित करने की प्रक्रिया पूरी तरह से ठप है। अध्यक्ष विशेष मुद्दों को लेकर भी स्वयं अपनी मनमर्ज़ी से एकतरफ़ा निर्णय ले रहे हैं, जिसमें पार्षदों और जनता की राय को पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है। सामान्य सभा ही वह मंच है जहाँ विपक्ष और सत्ता पक्ष मिलकर जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं; इस बैठक का आयोजन न होना जनता के प्रति जवाबदेही को खत्म करने के समान है। हम, दल्ली राजहरा नगर पालिका के सभी विपक्षी जन प्रतिनिधिगण, नगर पालिका अध्यक्ष से तत्काल मांग करते हैं कि धारा 35 के तहत अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, अविलंब सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया जाए। पिछली नौ माह की अवधि में अध्यक्ष द्वारा लिए गए सभी मनमाने निर्णयों को सामान्य सभा में चर्चा और अनुमोदन के लिए रखा जाए। शहर के विकास को गति देने और जनता के हितों की रक्षा के लिए सामान्य सभा की बैठक का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। यदि अध्यक्ष द्वारा इस मांग पर त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हम जनता के हितों की रक्षा हेतु सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# नीतू कोठारी हुई राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गुजरात के वडोदरा में शाश्वत हिंदू जागृति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में बेमेतरा नगरपालिका के पार्षद नीतू कोठारी को समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बालब्रम्हचारी उपसर्ग विजयी आचार्य सूर्यसागर गुरुदेव के हाथों सम्मानित हुई। कोठारी को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने पर बेमेतरा के सिटी प्रेस क्लब संरक्षक महेश दुबे प्रकाश जैन अध्यक्ष दिनेश दुबे जिला मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश दत्त दुबे सहित पत्रकार आनंद साहु डाक्टर आशीष दानी कोमल



जैन राजेश दत्त दुबे गणेश माहेश्वरी नंदु राठी कवि रामानंद त्रिपाठी सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त किया है।

# आशा अभियान व मोटर वाहन अधिनियम के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नालसा द्वारा प्रकाशित नालसा (आशा, जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही) बाल विवाह को खत्म करने की दिशा में (100 दिवसीय अभियान) के तहत मिनीमाता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, कारेसरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा बताया की इस अभियान का उददेश्य हमारी बेंटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान कर सशक्त बनाना है इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए



विभिन्न प्रयास किये जा सकते है जिसके तहत बालिकाओं की शिक्षा व कौशल विकास एवं श्रम बल में समावेशन कर महिलाओं के लिए पोषण संबंधी परिणाम सुनिश्चित करना, महिलाओं के प्रजन्न स्वास्थ्य की देखभाल, महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षा (तस्करी रोधी), सामाजिक सुरक्षा, खेल व नेतृत्व की भावना जागृत करना तथा नालसा की स्कीम; नालसा टोल फ्री नंबर 15100, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, पॉक्सों एक्ट अधिनियम 2012, हिट एंड रन स्कीम 2022, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त यातायात विभाग के समन्वय से छात्र-छात्राओं के सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत यातायात विभाग से प्रधान आरक्षक दौलत वर्मा व आरक्षक कुलेश्वर साहू द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक लाइट और संकेतों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें, गति सीमा का ध्यान रखें, पैदल चलने वाले जेब्रा क्रांसिंग का इस्तेमाल करें और हमेशा अपनी लेन में चलें, ये सभी नियम आपको सुरक्षित रखते हैं। उक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा से अधिकार मित्र धरमू बारले, पंकज घृतलहरे, टूवेन्द्र वर्मा सहित स्कूल के शिक्षक गण उपस्थिति रहे।

# मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहें : प्राचार्य

## कालेज में विश्व मानव अधिकार दिवस पर गोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के शासकीय महाविद्यालय में विश्व मानव अधिकार दिवस प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो के सहयोग से गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकारों के अलावा हमारे कुछ मौलिक कर्तव्य भी हैं, हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी करना चाहिए। मानव अधिकार




दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में भाषण, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में बालशंकर प्रथम एमए राजनीति, चंद्रमुखी माली द्वितीय बी.एस सी प्रथम तथा आकाश बोरकर तृतीय बीए अंतिम वर्ष स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में योगिता प्रथम बीएससी प्रथम सेम, देविका द्वितीय बीकॉम तृतीय सेम तथा एकता तृतीय स्थान एमए राजनीति तृतीय सेम प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में दामिनी राजपूत बीएससी गणित प्रथम, ओमकार नायक बीएससी बायो द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर सात दिवसीय विशेष शिविर सहित आपदा प्रबंधन के प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण गौतम कुमार नेताम, काजल राजपूत, सारिका टंडन, जितेंद्र साहू, कमलेश साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में नंदकुमार साहू अतिथि व्याख्या राजनीति विभाग, संध्या मेश्राम अतिथि व्याख्याता राजनीति विभाग ने सहयोग प्रदान किया।

# भाजपा सरकार इकत्तीस सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदेगी इसे लेकर संदेह है : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने धान खरीदी में किये जा रहे भुगतान पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार ने चुनावी वर्ष में घोषणा किया था कि धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल कि दर से नगद राशि एक बार में ही भुगतान की जाएगी किंतु आज धान खरीदी में जो भुगतान किया जा रहा है वह न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर ही मात्रा किया जा रहा है और उसकी भी भुगतान की समय सीमा तय नहीं है किसानों को 15 से 20 दिनों के बाद भी धान के पैसे उनके खातों में नहीं आ रहे हैं सरकार की ओर से अब तक 31 सौ रुपए क्विंटल धान खरीदी को लेकर किसी प्रकार का कोई वक्तव्य नहीं दिया गया है और जिस प्रकार धान खरीदी में



हल हवाला किया जा रहा है सुनियोजित तरीके से जिस प्रकार रोडे अटकाए जा रहे हैं उससे जाहिर है कि सरकार 3100 क्विंटल में धान नहीं खरीदना चाहती पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने गुधेली सोसाइटी का निरीक्षण करते हुए यह बात कही पूर्व विधायक पहुंचने पर सोसाइटी में उपस्थित किसानों ने इस वर्ष हो रही धान बेचने को लेकर अपनी समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया साथ ही साथ किसानों ने बताया कि धान के तौल में अलग-अलग नाप किया जा रहा है किसानों को प्रति क्विटल 500 ग्राम से लेकर 1 किलोग्राम तक का चूना सोसाइटियों द्वारा लगाया जा रहा है सोसाइटी में अवस्था फैली हुई है टोकन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है टोकन मिल नहीं रहा है। ऑनलाइन व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है शान द्वारा प्रतिदिन खरीदने की जो लिमिट तय की गई है वह बहुत ही काम है जिसके कारण किसानों को लंबी लाइन का इंतजार करना पड़ रहा है किसानों के धाम सुख रहे हैं जिसके कारण वजन में कमी आ रही है लगभग मन भर से ऊपर हो चले हैं किसानों के धान खेतों से कटकर बड़ी में पड़े हुए हैं किंतु टोकन नहीं मिलने के कारण बेचने के इंतजार में धान सुख रहे हैं। इस अवसर पर रवि परगनिहा विवेक सिंह राजपूत आशीष परगनिहा राधे ध्रुव कमल साहु कुशाल नायक रामस्वरूप नायक राजु साहु खेलन यादव राजीव साहू तुलसी नायक नारायण पाल जितेंद्र जोशी नरेश साहू दाऊ लाल यादव भूपेंद्र ध्रुव भागीरथी साहू गजानंद ठाकुर सहित किसान उपस्थित रहे।

# जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने ब्लाक सहित सभी इकाइयों को किया भंग

**बेमेतरा।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष मंगत राम साहू के द्वारा ब्लॉक एवं समस्त



इकाइयों के पदाधिकारी को आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है अभी किसी भी प्रकार की कोई नियुक्ति नहीं की गई है बता दें कि बीते दिनों जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में मंगत राम साहू की नियुक्ति हुई थी उसके बाद से अभी किसान कांग्रेस कमेटी में और किसी को कोई पद पर नये नियुक्त नहीं किया गया है उम्मीद है कि शीघ्र ही नये पदाधिकारियों की नियुक्ति हो जायेगा।

# जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चश्मा वितरण

## मोतियाबिंद ऑपरेशन जिला चिकित्सालय बेमेतरा में निरंतर जारी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला नोडल (दृष्टिहीनता कार्यक्रम) डॉ. बाबूलाल राज और नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु अग्रवाल के मार्गदर्शन में धान खरीदी केंद्रों और धान कटाई-मिंजाई में कार्यरत लोगों के लिए निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत आंखों की देखरेख और नियमित जांच के लिए स्वास्थ्य शिक्षा भी दी जा रही है। बेमेतरा के कई धान खरीदी केंद्रों में नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को धान कटाई के समय आंखों में लगने वाले चोट से बचाव के लिए निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। असिस्टेंट नोडल विद्यासागर ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम बेमेतरा जिला में सभी विकासखण्ड साजा, खंडसरा, बेरला और नवागढ़ ब्लॉक में चलाया जा रहा है।

**जिला चिकित्सालय बेमेतरा में मोतियाबिंद ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध**

सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन जिला अस्पताल में निरंतर जारी है, और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंशु अग्रवाल की उपस्थिति में आम लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

# तांबे के पाईप चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

तांबे के पाईप चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और आरोपी के कब्जे से चोरी किये गये 08 नग तांबे के पाईप व एक नग लोहे के रॉड जप्त कर बरामद किया गया। प्रार्थी संदीप कुमार ताम्रकार उम्र 55 वर्ष, पता वार्ड नं. 05 थान खम्हरिया थाना थानखम्हरिया जिला बेमेतरा ने लिखित आवेदन प्रस्तुत किया कि अपने घर में पुजा करने बैठा था इसी दौरान घर में लगे बर्फ फैक्ट्री के आईस मशीन के पाईप से गैस रिशने की तेज आवाज आयी, जिसे सुनकर घर से बाहर निकल कर घर के पीछे गया तो आईस मशीन के तांबा पाईप लाईन टुटा हुआ था। कुलिंग गैस निकल रहा था मशीन के नीचे बने सीमेंट टंकी देखा तो वार्ड कमांक 13 थानखम्हरिया के उत्तम सिन्हा टंकी में छिपकर बैठा था एवं चोरी करने के नियत से आईस मशीन के कुलिंग पाईप को तोड़कर हाथ में रखा था। कुलिंग मशीन के तांबा पाईप को चोरी करने के लिये तोडने से व कुलिंग गैस निकलने से करीबन 25,000/- रूपये का नुकसान हुआ है। जिस पर से थाना थान



खम्हरिया में आरोपी उत्तम सिन्हा के विरूध्द धारा 303(2), 324(4), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी उत्तम सिन्हा के कब्जे से चोरी किये गये 08 नग तांबे के पाईप व एक नग लोहे के रॉड को जप्त कर बरामद किया गया है। आरोपी उत्तम सिन्हा पिता फतू सिन्हा उम्र 37 वर्ष, पता वार्ड नं. 13 थाना खम्हरिया, थाना थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि कृष्णा क्षत्रिय, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक सौरभ सिंह, बलदेव निषाद, लोकेश सिंह एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कड़ी मेहनत और संघर्ष से एक साथ दो पदों पर चयनित हुई सिंगारपुर के किसान की बेटी धनेश्वरी निषाद

## नगर सैनिक के बाद अब छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक के पद पर हुई चयनित



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

रख हौसला वह मंजर भी आएगा प्यासे के पास चलकर समंदर भी आएगा थककर ना बैठ ये मंजिल के मुसाफिर मंजिल मिलेगी और मिलने का मजा भी आएगा। यह पंक्ति को ठीक चरितार्थ किया है, बालोद जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर के एक किसान की बेटी धनेश्वरी निषाद ने। धनेश्वरी निषाद पिता संजू राम निषाद (22) ने पहले नगर सैनिक (होम गार्ड) के पद पर चयनित होकर पूरे जिले गांव समाज परिवार और अपने माता-पिता गुरू जनों का नाम रोशन किया था। लेकिन अब यह खुशी दोहरी हो गई है क्योंकि अब उनका चयन छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक के पद पर चयनित हो चुका है। एक साथ कड़ी मेहनत और संघर्ष से दो पदों पर उन्हें सफलता मिली है। नगर सेना और छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक पद पर में चयनित धनेश्वरी निषाद ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गांव के प्राथमिक शाला सिंगारपुर में कक्षा पहिली से पांचवीं और कक्षा छठवीं से आठवीं तक की पढ़ाई शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगारपुर में किया। उसके बाद कक्षा नवमी से बारहवीं की हाईस्कूल की शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरदफोड़ में अध्ययन किया। उसके बाद उच्च शिक्षा के लिए शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में बीए में स्नातक तक की पढ़ाई पूरी की।

**माता पिता और गुरू जनों को दिया सफलता का श्रेय**

धनेश्वरी निषाद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता संजू राम निषाद और माता रजनी बाई निषाद, अपने भैया रोहित निषाद, उकेश निषाद सीआरपीएफ, मामा गजानंद निषाद जिला पुलिस बल और गुरू जनों को अपनी सफलता का श्रेय दिया।

**2019 से तैयारी शुरू कि 2025 में मिली सफलता**

धनेश्वरी निषाद ने बताया कि वह कक्षा दसवीं में थी तभी से तैयारी शुरू कर दिया था। वह प्रतिदिन सुबह उठकर दौड़ने के लिए दूसरे गांव में जाकर सुबह-शाम रोज पसीना बहाती थी। और स्वयं ही तैयारी करने के लिए संसाधन जुटाकर मेहनत करती। कई बार आर्मी भर्ती में प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली कुछ ना कुछ कमी के कारण सलेक्शन के लिए चुक जाती थी। लेकिन कभी निराश और हिम्मत नहीं हारी वो लगातार अपनी तैयारी में लगी रही। हर एक्जाम में प्रयास करती। जानकारी के लिए वो यूट्यूब और इंटरनेट का उपयोग करती थी। चाहे भर्ती आए या ना आए उन्होंने हमेशा तैयारी करना कभी नहीं छोड़ा। लगातार कड़ी मेहनत के साथ अभ्यास और प्रयास करती रही और आखिरकार 2025 में उनका नाम नगर सेना में नगर सैनिक के रूप में पूरे बालोद जिले में मेरिट लिस्ट में प्रथम नंबर पर उनका नाम चयनित होकर आया। उसके बाद अब दिसंबर में छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक पद पर उन्हें दूसरी बार सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अब बेटियों भी किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। वो आज हर क्षेत्र में अपनी सेवाएं और योगदान दे रही है। स्कूल और कालेज में शुरू से ही खेल में भी हमेशा प्रथम आती थी। उन्होंने अपने मन में ठान लिया था कि चाहे कुछ भी हो जाए मैं हार नहीं मानूंगी और आखिरकार उनका सपना पूरा हुआ।

**गांव की तीन बेटियां भी केन्द्रीय बलों में दे रही सेवाएं**

गांव की तीन बेटियां जिसमें सभी केन्द्रीय बलों में अपनी सेवाएं दे रही है। जिसमें भुनेश्वरी बोरकर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), दिव्या बोरकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), मनीषा पाल छत्तीसगढ़ पुलिस जिला बल में आरक्षण के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है।

**सफलता का कोई शार्ट-कट नहीं होता**

धनेश्वरी निषाद ने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती लेकिन एक दिन जरूर मिलती है। सफलता के लिए कड़ी मेहनत समर्पण बलिदान धैर्य संयम अनुशासन और लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में मेहनत करने से अवश्य सफलता मिलती है। सफलता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। बचपन से ही वर्दी पहनने का जुनून और जज्बा से आज वर्दी पहनने का सपना पूरा हुआ। वर्दी पहनने का कुछ अलग ही फिलिंग है। यह मेरे गौरवशाली पल है।

**बिना त्याग के कुछ भी जीवन में नहीं मिल सकता**

धनेश्वरी निषाद ने बताया कि जो भी युवा या लड़कियों सेना या कोई सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। वो लोग अपनी सेहत का अच्छे से ध्यान रखें और नशा से दूर रहें। साथ ही सोशल मीडिया से भी दूरी बनाकर रखें। कड़ी मेहनत करने और कभी भी निराशा या हताश नहीं होने को कहा लगातार कोशिश और मेहनत करते रहे सफलता एक दिन जरूर मिलेगी। कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी बहुत जरूरी है। बिना त्याग के कुछ भी जीवन में नहीं मिल सकता। लड़कियों को भी आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। ताकि अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। जो लोग मुझसे बात नहीं करते थे वहीं लोग मुझे बधाई और अपने स्टेटस में स्टोरी लगाकर बधाई दे रहे हैं। सफलता मिलने के बाद जीवन में बहुत कुछ बदलाव आ गया है। घर वाले हमेशा शादी के लिए दबाव बनाए लेकिन जब तक सफल नहीं होऊंगी तब तक शादी नहीं करने का जिद पर अड़ी रही।

# भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत मुआवजा वितरण के कार्यों को करे पूर्ण : कलेक्टर रोहित व्यास

## राजस्व अधिकारी प्रतिदिन धान खरीदी केंद्रों का करे निरीक्षण, एसआईआर के कार्यों को समय सीमा में करे सुनिश्चित

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर व्यास ने भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण के प्रभावितों को मुआवजा वितरण के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने तकनीकी दिक्कतों को दूर करते हुए प्रभावितों को मुआवजा की राशि वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए तेजी से संपादित करने को कहा। उन्होंने कहा कि मुआवजा वितरण के कार्य सुनिश्चित होने से भूमि का भौतिक आधिपत्य एनएच को प्रदान करने की कार्रवाई की जाएगी। जिससे कुनकुरी पत्थलगांव सड़क निर्माण का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सके, इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। कलेक्टर ने बैठक में जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस दौरान बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, जिले के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए।

### धान खरीदी पर नजर

कलेक्टर ने धान खरीदी के मद्देनजर राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी सक्रिय एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में पंजीकृत किसानों से सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। जिले में कही भी अवैध धान की खरीदी या बिक्री नहीं होनी चाहिए। वाहनों के परिवहन पर लगातार नजर बनाए रखे। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार अपने अधीनस्थ अमलों के साथ प्रतिदिन धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करे। आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा ले। इसके अलावा राइस मिलो का भी निरीक्षण करे। कही भी अव्यवस्था एवं गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता दल लगातार गश्त करे तथा चेकपोस्ट का भी निरीक्षण करे। कही भी अवैध धान के खरीदी, बिक्री एवं भंडारण की सूचना मिलने पर प्रकरण तैयार कर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही अवैध धान एवं संबंधित वाहन को जप्त करने की भी कार्यवाही करे। उन्होंने जिले में बनाए गए चेकपोस्ट पर अंतर्जिला वाहनों की बेहतर निगरानी के लिए सीसीटीवी सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

# स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

## पत्रकारों को सम्मानित कर उनके कार्य और जिम्मेदारियों की सराहना की

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन जिला इकाई मुंगेली के सातवा स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान पत्रकारों को सम्मानित कर उनके कार्य और जिम्मेदारियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब मुंगेली के अध्यक्ष अनिल सोनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन रायपुर के अमित गौतम ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक सुजीत कुमार सिंह, यूनियन के महासचिव कन्हैया गोयल, प्रेस क्लब सचिव योगेश शर्मा, पत्रकार प्रमोद पाठक, जयकुमार ताम्रकार, सुशील शुक्ला, सुनील नार्गव सहित जिले के सभी मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ** - अतिथि वक्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल सोनी ने पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकार सिर्फ खबरें नहीं लिखते, बल्कि समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक जिम्मेदारी है और इसे ईमानदारी व समर्पण के साथ निभाया जाना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने पत्रकारों को समाज की आवाज बताते हुए कहा कि पत्रकारों के माध्यम से जिले में हो रही गतिविधियों की जानकारी मिलती रहती है। उन्होंने कहा कि मीडिया हमें अपडेट रखती है और समस्याओं को उजागर कर समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रदेशाध्यक्ष अमित गौतम ने यूनियन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में जुड़े सभी सदस्यों को एकजुट होकर भाईचारे के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी साथी को परेशानी आती है तो पूरी यूनियन उसके साथ खड़ी रहेगी। जिला जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक सुजीत कुमार सिंह ने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि यह ऐसा क्षेत्र है जिसमें कभी ठहराव नहीं आता। पत्रकारिता सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें निरंतर सीखने और अपने ज्ञान को निखारने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार और प्रशासन के बीच संवाद एवं समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्रेस क्लब सचिव योगेश शर्मा ने पत्रकारों के हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पत्रकार निष्पक्ष कार्य करते हुए कई चुनौतियों का सामना करते हैं। उन्होंने फील्ड में जाकर खबरें संकलित करने वाले सभी पत्रकारों की मेहनत की सराहना की।

# गूंज-6: सीबीएसई जिंदल वर्ल्ड स्कूल में बच्चों ने दिखाई सांस्कृतिक प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर के जिंदल वर्ल्ड स्कूल में वर्ष 2025 के एनुअल डे गूंज 6 का आयोजन धूमधाम से किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के जस्टिस संजय अग्रवाल ने बच्चों के उत्साहवर्धन के साथ कहा, आप सबमें असीम प्रतिभा है। मेहनत और ईमानदारी से प्रयास करें, सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व की क्षमता को विकसित करते हैं। द्वितीय दिवस में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बच्चों और शिक्षकगण को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षक और अभिभावक बच्चों के लिए मार्गदर्शक होते हैं। आपका व्यवहार और मार्गदर्शन उनके व्यक्तित्व और संस्कारों पर गहरा प्रभाव डालता है। इसीलिए बच्चों के साथ हमेशा सकारात्मक और प्रेरक व्यवहार करें। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर विनोद अग्रवाल, रवि अग्रवाल, ट्विंकल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल एवं प्राचार्य आर वेंकट भी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना की और शिक्षकों के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत, नृत्य, नाट्य और खेल-कौशल की प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन में उपस्थित अतिथिगण और विद्यालय परिवार ने बच्चों को प्रोत्साहित किया, जिससे यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजक बल्कि उनके शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास का भी माध्यम बना।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र सिवनी का किया निरीक्षण



**चांपा** । कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सिवनी (च) स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान की नमी की जांच की तथा खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारी को अलग-अलग किस्मों के धान की स्टैकिंग अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को टोकन संबंधी किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अवैध धान की खरीदी किसी भी स्थिति में न की जाए और केवल पंजीकृत किसानों से ही धान लिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और छाया एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम चांपा पवन कोसमा, समिति प्रबंधक ललित देवांगन, समिति अध्यक्ष प्रमोद देवांगन, जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# टीआई नरेंद्र यादव के सक्रियता से जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



बाराद्वार पुलिस थाने के टीआई नरेंद्र यादव की सक्रियता से इन दोनों जहां अपराधियों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, तो वहीं पुलिस की सक्रियता एवम सजगता से आए दिन होने वाली घटनाओं के आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में पुलिस सफलता हासिल कर रही है, थाना बाराद्वार जिला सक्ती(छ.ग.) के अपराध क्रमांक 263/25 धारा के तहत शराब पीने के लिये पैसा मांगने पर नही देने से अश्लील गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं चुड़ा मारकर चोट पहुंचाने वाले 02 आरोपी गिरफ तार कर जेल भेजा गया है, आरोपीगाण- 01. प्रभुदयाल यादव पिता संपत लाल यादव उम्र 23 साल 02. राजेश महंत पिता जगदीश महंत उम्र 29 साल निवासी दुरपा थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) थाना बाराद्वार-प्रार्थी रामधन यादव पिता संतोष यादव उम्र 30 साल निवासी दुरपा थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20.10.25 के शाम करीबन 07.00 बजे गांव की बस्ती से अपने घर आ रहा था तथी तुलसी हाता मेन रोड दुरपा के पास प्रभुदयाल यादव एवं राजेश महंत के द्वारा शराब पीने के लिये 200 रूप्यें मांग करने पर नही देने से अश्लील गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं चुड़ा मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

# बाप पर हमला करने वाले कलयुगी बेटे को किया पुलिस ने गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) के अपराध के तहत पिता को अश्लील गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर पेचकस से मारकर चोट पहुंचाने वाले 01 आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल, आरोपी सूरज कुमार यादव पिता पूनमचंद यादव उम्र 31 साल वार्ड क्रमांक 06 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) थाना बाराद्वार प्रार्थी पूनमचंद यादव पिता ननकी राम यादव उम्र 31 साल वार्ड क्रमांक 06 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10.09.25 के रात्रि 12.00 बजे घर के अंदर उसका बेटा आरोपी द्वारा अपने पत्नि को मारपीट कर रही था जिसे छुड़ाने पर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर पेचकस मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक पफुल्ल कुमार ठाकूर (भापुसे),अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रापुसे), उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता सक्ती से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर प्रकरण के घटना कारित फरार आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था फरार आरोपीयो की अपने सकुनत वार्ड क्रमांक 06 बाराद्वार में आने की मुखबीर से सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया है, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सउनि. यशंवत राठौर, प्रआर.राजेश पैकरा, आर. टकेश्वर कटकवार, आर. रतन विश्वकर्मा का योगदान रहा।

# नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव के मुख्य आतिथ्य में सीसी सड़क का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय एमसीबी के नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक 16 में लंबे समय से चली आ रही नागरिकों की मांग पूर्ण हुई। अधोसंरचना मद से 17.56 लाख रू. की लागत से दुर्गा मंदिर टीव्ही टॉवर रोड़ से मिशन स्कूल तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम मनेन्द्रगढ़ नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चना कर विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे वार्ड में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया एवं आशा जताई कि आगे भी वार्ड में इसी तरह विकास कार्य निरंतर होते रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव तथा क्षेत्रीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में शहर के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निकाय की सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कें अच्छी हो तो हर सुविधाएं पहुंचती है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, पार्षद दयाशंकर यादव, सपन महतो, सुनैना विश्वकर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, जमील साह, सुशीला सिंह, कृतिका जैन, इमरान खान, मुकेश अग्रवाल, किरण कुजूर, स्वप्निल सिन्हा, पूर्व पार्षद अजमुद्दीन अंसारी, प्रमिता पटवा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित वर्मा, रामचरित द्विवेदी, विनीत जायसवाल, विवेक अग्रवाल, राजेश विश्वकर्मा, रामधुन जायसवाल, रवि जैन, नपा इंजीनियर विकास मिश्रा, अजय पैकरा सहित अत्यधिक संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# कांग्रेस का प्रदर्शन और डी एफ ओ का विरोध, दोनों की नौटंकी जनता को गुमराह करने की असफल कोशिश : भाजपा

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों और हालिया डी एफ ओ प्रकरण पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राम चरित द्विवेदी ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा आंदोलन अब मुद्दों पर नहीं, बल्कि नाटकबाज़ी पर आधारित हो गया है। जनता सब जानती है–जब कांग्रेस राजनीतिक रूप से खाली हो जाती है, तब वह प्रशासन को निशाना बनाकर और झूठे विरोध करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश करती है, उन्होंने कहा। भाजपा मीडिया प्रभारी के अनुसार कांग्रेस का हालिया प्रदर्शन पूर्णतः प्रायोजित और एजेंडा-आधारित था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को विकास, जनहित और नीतिगत फैसलों से कोई मतलब नहीं है। भाजपा सरकार निरंतर काम कर रही है। जिले में सड़क, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, पेयजल और रोजगार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। कांग्रेस को यह विकास दिखाई नहीं देता, क्योंकि उनकी राजनीति शिकायत और झूठ पर चलती है, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा की बढ़ती जनस्वीकृति मंजूर नहीं, इसलिए वह हर मुद्दे को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करती है। कांग्रेस के नेताओं को पता है कि जनता अब उनके पुराने झूठों के जाल में फंसने वाली नहीं है। इसलिए वे सड़क पर शोर मचाकर मीडिया का ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं।

**डीएफओ का विरोध सिर्फ दिखावा, कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाने में लगी**

बयान में मीडिया प्रभारी राम चरित द्विवेदी ने विशेष रूप से कांग्रेस द्वारा डीएफओ के खिलाफ किए गए विरोध पर भी तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ओर प्रशासनिक पारदर्शिता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने अधिकारियों को निशाना बनाती है। वन विभाग नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार काम करता है। कांग्रेस को यह पता है, लेकिन फिर भी वह भावनात्मक माहौल बनाकर भ्रम फैलाना चाहती है, उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के नेताओं का यह विरोध जनहित से बिल्कुल नहीं जुड़ा, बल्कि पूरी तरह कल्पित मुददों पर आधारित है। डीएफओ के खिलाफ विरोध सिर्फ दिखावा है। कांग्रेस को न वन संरक्षण की चिंता है, न आदिवासी हितों की। असल में उन्हें चिंता अपनी खो चुकी राजनीतिक जमीन की है, उन्होंने जोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता स्वयं अपने कार्यकाल में वन विभाग के नाम पर भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड रखते हैं, लेकिन आज वही लोग नैतिकता का ढोंग रच रहे हैं। कांग्रेस की राजनीति वही है–गलतियां खुद करें और दोष दूसरों पर मढ़ दें।

## रात्रि में हुई थी, एक हुंडई आई 20 कार व ट्रेलर की आमने सामने भिड़ंत

# दुलदुला क्षेत्र के ग्राम पतराटोली में हुई दुर्घटना का आरोपी ट्रेलर चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



6 दिसंबर व 7 दिसंबर के दरम्यानी रात थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोरो से पतराटोली के मध्य नेशनल हाइवे 43 पर पंडरी पानी मोड़ पर एक ट्रेलर व एक - 20 कार की आपस में टक्कर होने की सूचना पर घटना स्थल से ग्रामीणों की सहायता से, कार सवार सभी 05 घायलों को निकाल कर एम्बुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां जांच उपरांत डॉक्टरों के द्वारा सभी पांचों व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के द्वारा सभी शवों का डॉक्टर से पोस्ट मार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया था। मृत व्यक्तियों की पहचान इस प्रकार थी- अंकित तिग्गा पिता स्व. दिलीप तिग्गा, उम्र 16 वर्ष, राधेश्याम यादव पिता रामप्रसाद यादव उम्र 26 वर्ष, उदय चौहान पिता कृष्णा राम चौहान उम्र 18 वर्ष, दीपक प्रधान पिता अमर प्रधान उम्र 18 वर्ष, सागर तिर्की पिता राफेल तिर्की उम्र 22 वर्ष। सभी ग्राम खटंगा, थाना दुलदुला के निवासी थे व सभी 20 कार में बैठे हुए थे। मामले में पुलिस के द्वारा ट्रेलर क्रमांक एनएल- 01- एबी 5953 के चालक के विरुद्ध थाना दुलदुला में बीएनएस की धारा 281,106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। प्रकरण का आरोपी वाहन चालक घटना के बाद से ही फरार था जिसकी पुलिस के द्वारा पतासाजी की जा रही थी।

पुलिस के द्वारा आरोपी ट्रेलर चालक रियाजुद्दीन उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम भंडारों, थाना बरही, जिला हजारीबाग (झारखंड) को दुलदुला क्षेत्र से ही हिरासत में ले लिया गया है, व उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रेलर को भी जप्त कर लिया गया है। पूछताछ पर पुलिस को पता चला कि आरोपी ट्रेलर चालक मुंबई से लोहे- सीमेंट की इंडस्ट्रियल पाइप को लेकर पश्चिम बंगाल जा रहा था, इसी दौरान थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंडरी पानी मोड़ के पास, उसके द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए, सामने से आ रही, आई 20 कार को ठोकर मार दी गई थी। पुलिस के द्वारा आरोपी ट्रेलर चालक रियाजुउद्दीन के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर, अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मामले की कार्यवाही व आरोपी ट्रेलर चालक को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, आरक्षक अलेक्सियूस तिग्गा व अकबर चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

> दुलदुला क्षेत्र में हुई दुर्घटना के आरोपी ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, विधि सम्मत कार्यवाही की जा रही है.
> **-शशि मोहन सिंह, एसएसपी जशपुर**

# चेम्बर नेता अशोक ने कहा-शासन की नई ट्रेड लाइसेंस नीति व्यापारी विरोधी

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा व्यापारियों के विरुद्ध लाई गई नई ट्रेड लाइसेंस नीति का पुरजोर विरोध किया है साथ ही इस नीति को व्यापारियों के साथ छलावा बताया है। क्योंकि व्यापारी पहले ही अपनी दुकानों का संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) शासन की नीति के अनुसार चुकाते है अब उसी दुकान का पुनः स्क्वायर फीट के हिसाब से ट्रेड लाइसेंस लेने की दोबारा क्या आवश्यकता पड़ गई। शासन द्वारा व्यापारियों से दुबारा शुल्क वसूल करना किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नहीं है। देखा जाएं तो वर्तमान में छोटे-बड़े सभी व्यापारी मंदी की मार झेल रहे है और ऑनलाइन व्यापार ने व्यापारियों का आधा व्यापार खत्म कर दिया है ऐसे कठिन समय में सरकार को व्यापारियों के आंसू पोछने चाहिएं न की उनपर टैक्स लगाकर अनावश्यक बोझ डालना चाहिए। चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा है कि हम सरकार के विरोधी नही है हम विकास के साथी है किंतु अपने स्वाभिमान की कीमत पर अन्याय नही सहेंगे। इन्होंने व्यापारी जगत से आवाहन करते हुए प्रदेश स्तर जिला स्तर एवं स्थानीय स्तर पर जितने भी व्यापारिक संगठन है सबसे आग्रह किया है की एक मंच पर आकर अपनी एकता दिखाएं और शासन के इस अव्यावहारिक निर्णय का विरोध करें।

# जैव चिकित्सा अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी: आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी

## राज्य स्तरीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (संशोधित 2021) के प्रभावी अनुपालन और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन आज नवा रायपुर में हुआ। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण तथा योजना एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित प्रबंधन केवल स्वास्थ्य संस्थानों की नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जैव चिकित्सा अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान सार्वजनिक स्वास्थ्य से सीधे जुड़ा विषय है, इसलिए नियमों का कड़ाई से पालन अत्यंत आवश्यक है। चौधरी ने स्वास्थ्य संस्थानों से अपील की कि वे नियमों को स्पष्ट रूप से समझकर उनका शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला इसी उददेश्य से आयोजित की गई है ताकि सभी संस्थान नियमों को बेहतर समझ सकें, अपनी समस्याएं निसंकोच साझा कर सकें और समाधान पर सामूहिक रूप से कार्य किया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आपसी संवाद, सहभागिता और सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन में एक आदर्श राज्य के रूप में उभरेगा। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव एवं मण्डल के अध्यक्ष अंकित आनंद ने कहा कि जैव चिकित्सा अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य संस्थानों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब तक नियमों को सही रूप में नहीं समझा जाएगा, उनका प्रभावी कार्यान्वयन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मण्डल की यह कार्यशाला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जहां सभी संबंधित हितधारकों को विस्तृत जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला के आरंभ में मण्डल के सदस्य सचिव राजू अगसिमनि ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान, सुरक्षित परिवहन, पृथक्करण, भंडारण और उपचार की प्रक्रियाओं को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के वैज्ञानिक अनुप चतुर्वेदी तथा यादवेन्द्र यादव, अधिवक्ता (सीपीसीबी, भोपाल) ने जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस राज्य स्तरीय कार्यशाला में मण्डल के अधिकारियों सहित प्रमुख अस्पतालों, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब, डायग्नोस्टिक सेंटर्स, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, नर्सिंग होम एसोसिएशन, चिकित्सा प्रकोष्ठ तथा विभिन्न स्थानीय निकायों के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन पर आधारित एक मार्गदर्शिका पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

# बालको में 'उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान' समारोह का आयोजन, 528 कर्मचारी हुए सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◂ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शानदार उत्पादन प्रदर्शन और अनुशासन, उत्पादकता और टीमवर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान' समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में कुल 528 बालको कर्मचारियों एवं व्यवसायिक साझेदारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि में विभिन्न यूनिट्स की अहम भूमिका रही। कार्बन यूनिट से 151, पॉटलाइन-1 से 115, पॉटलाइन-2 से 171 तथा रोल्ड प्रोडक्ट्स (आरपी) से 91 कर्मचारियों एवं साझेदारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान बालको की विभिन्न इकाइयों ने उत्कृष्ट उत्पादन प्रदर्शन कर संगठन की उपलब्धियों में उल्लेखनीय योगदान दिया। पॉटलाइन-1 के 115 कर्मचारियों को उत्पादन लक्ष्य, प्रचालन अनुशासन और समन्वयपूर्ण कार्यशैली में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेतृत्व टीम ने उनके सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पॉटलाइन-1 ने प्रदर्शन मानकों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं पॉटलाइन-2 से सर्वाधिक 171 कर्मचारियों को गौरवान्वित किया गया, जो उनकी अनुशासित कार्यप्रणाली, उच्च उत्पादन क्षमता और बेहतर समन्वय का स्पष्ट प्रमाण है। इसके साथ ही कार्बन यूनिट के 151 सदस्यों को उत्पादन, गुणवत्ता और संचालन में निरंतर अनुशासन बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया, जिनके प्रयासों से प्रचालन दक्षता को मजबूती मिली और उत्पादन प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। इसी तरह रोल्ड प्रोडक्ट्स यूनिट से 91 कर्मचारियों को उत्पादन, गुणवत्ता और प्रचालन दक्षता के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मान से नवाज़ा गया। यह आयोजन बालको की सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय उत्पादन संस्कृति को दर्शाता है। किसी भी संगठन की असली ताकत कर्मचारी ही होते हैं। उत्कृष्ट उत्पादन उपलब्धियाँ केवल तकनीक का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि इसके पीछे कर्मठ कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और टीम भावना होती है। 'उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान समारोह' का उद्देश्य ऐसे ही समर्पित प्रयासों को पहचान देना और कर्मचारियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

# भारी मात्रा में कोचियों को शराब देने वाले सेल्समैन को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी रोड में घेराबंदी कर स्कूटी के माध्यम से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों पंकज डहरिया एवं आशीष धृतलहरे को गिरफ्तार कर आरोपी शराब कोचियों से 41,400 कीमत मूल्य का 414 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी क्र. सीजी04 एनटी2697 जप्त किया गया था। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 772/2025 धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। मामले में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से विस्तृत एवं गहन पूछताछ कर, भारी मात्रा में शराब देने वाले आरोपी के संबंध में जानकारी जुटाया गया जिसमें पता चला कि आरोपियों द्वारा ग्राम अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान से सेल्समैन खोगेश्वर प्रसाद साहू से सांठगांठ कर उक्त शराब को लेकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए भाटापारा शहर लाया लाया जा रहा। कि प्रकरण में आरोपियों से पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान के सेल्समैन खोगेश्वर प्रसाद साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा अवैध रूप से लाभ अर्जित करने के लिए अर्जुनी कंपोजिट शराब दुकान से भारी मात्रा में दोनों आरोपियों को शराब देना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समाज प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 99.33 प्रतिशत के क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ बढ़त बनाई

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छह महीनों में 99.33% का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो देश की टॉप लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में सबसे ज्यादा है। खास बात यह है कि बिना जाँच वाले दावों का भुगतान करने में कंपनी ने औसतन सिर्फ 1.1 दिन का समय लिया। इसी अवधि में कंपनी ने कुल 893.38 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम भी सेटल किए। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर अमिश बैंकर ने कहा, हमारी क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए डिज़ाइन की गई है और हम हर क्लेम को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2026 के शुरुआती छः महीनों में हमारा क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.33% रहा और बिना जाँच वाले क्लेम के लिए हमारा औसत क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम सिर्फ 1.1 दिन था। इसके अलावा, इसी अवधि में हमने 893.38 करोड़ रुपए से अधिक के डेथ क्लेम सेटल किए। हमारा ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और डिजिटलाइजेशन पर मजबूत फोकस हमें क्लेम जल्दी सेटल करने में सक्षम बनाता है, जिससे परिवारों को ज़रूरत के समय समय पर आर्थिक सहारा मिल सके। मोबाइल ऐप, व्हाट्सऐप, चैटबॉट और वेबसाइट जैसे सुविधाजनक प्लेटफॉर्म के जरिए दावेदार आसानी से क्लेम दर्ज कर सकते हैं।

# किआ ने भारत से वैश्विक प्रीमियर में पेश की ऑल-न्यू सेल्टोस–बड़ी दमदार, प्रोग्रेसिव और सेगमेंट को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

किआ इंडिया ने ऑल-न्यू किआ सेल्टोस का भारत से वैश्विक प्रीमियर किया, जो बड़े आकार, उन्नत सेफ्टी और अत्याधुनिक नवाचारों के साथ मिड-एसयूवी सेगमेंट में एक बार फिर से मानक स्थापित करने को तैयार है। भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी में से एक, नई सेल्टोस अब और भी बोल्ड डिज़ाइन, प्रीमियम इंटीरियर्स और विविध पावरट्रेन विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी। ग्राहक 11 दिसंबर की आधी रात से 25,000 की शुरुआती रकम के साथ बुकिंग करा सकेंगे। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ग्वांगगू ली ने कहा: ऑल-न्यू किआ सेल्टोस सिर्फ नेक्स्ट-जनरेशन नहीं, बल्कि हमारे सेगमेंट को पुनर्परिभाषित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपनी शुरुआत से ही यह एक कैटेगरी-डिफाइनिंग एसयूवी रही है, और नई सेल्टोस अपने बोल्ड डिज़ाइन, एडवांस्ड सेफ्टी और अत्याधुनिक तकनीक के साथ नए मानक स्थापित करती है। भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई यह एसयूवी वैश्विक मानकों से समझौता किए बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदान करती है। नई किआ सेल्टोस अपने सेगमेंट में सबसे लंबे 4,460 मिमी और 1,830 मिमी चौड़े आयामों के साथ मजबूत और प्रभावशाली प्रेज़ेंस प्रदान करती है। 2,690 मिमी का व्हीलबेस केबिन स्पेस और ड्राइविंग स्थिरता को और बेहतरीन बनाता है।

# सेबी और आईईपीएफए ने जयपुर में चौथा निवेशक शिविर आयोजित किया



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) और मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के तहत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने मिलकर राजस्थान के जयपुर में चौथा 'निवेशक शिविर' आयोजित किया। इस इन्वेस्टर आउटरीच पहल का उद्देश्य शेयरधारकों को बकाया लाभांश और बिना दावा किए गए शेयर्स की वापसी में मदद करना और इस तरह सिस्टम में बिना दावे वाली निवेशक परिसंपत्तियों की संख्या को कम करना है। यह शिविर प्रमुख मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन्स (एमआईआई)- एनएसई, बीएसई, सीडीएसएल और एनएसडीएल, तथा रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए)- केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बिगशेयर सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, कैम्स और पूर्वा शेयरगिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सेबी के जनरल मैनेजर बिनोद शर्मा, आईईपीएफए के जॉइंट डायरेक्टर रुवित कुमार, आईईपीएफए की डीजीएम समीक्षा लाम्बा और एनएसई के एसवीपी आविष्कार नाइक सहित सेबी, आईईपीएफए, एमआईआई और आरटीए के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोको ने लॉन्च किया सी85 5जी: 12के सेगमेंट में लेकर स्टाइल, परफॉर्मेंस और सबसे बढ़िया बैटरी का अनुभव

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने अपना नया स्मार्टफोन पोको सी85 5जी लॉन्च किया है। इसी के साथ पोको बजट स्माटफोन सेगमेंट को एक बार फिर से धमाल मचाने के लिए तैयार है। यह स्मार्टफोन भारत के डायनैमिक युवाओं के लिए बनाया गया है, जिन्हें बाहर रहते हुए भी हमेशा भरोसेमंद साथ चाहिए। यह फोन जबरदस्त बैटरी बैकअप और शानदार लुक के साथ 12 हजार रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में बेहतरीन वैल्यू देता है। जबर्दस्त बैटरी अनुभव के लिए तैयार पोको सी85 5जी में 6000एमएच की बैटरी है जो दो दिनों से अधिक की पावर प्रदान करती है। 33वाट फास्ट चार्जिंग के साथ, आफ लगभग 28 मिनट में 50% चार्ज प्राप्त कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि आप कभी स्लो ना हों। वहीं, 10वाट वायर्ड रिवर्स चार्जिंग डिवाइस को मोबाइल, टीडब्ल्युएस ईयरबड्स, स्मार्टवॉच और अन्य एक्सेसरीज़ के लिए एक पोर्टेबल पावर बैंक के रूप में भी काम करने की सुविधा देता है। भारत की हमेशा चलती-फिरती लाइफस्टाइल के लिए यह स्मार्टफोन एक स्लीक, आधुनिक डिज़ाइन और एक क्वाड-कर्व्ड बैक, एक स्लिम 7.99एमएम प्रोफाइल के साथ आता है।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने एडवांस्ड हर्निया एवं सर्जिकल ऑपरेटिव वर्कशॉप का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने एडवांस्ड हर्निया एवं सर्जिकल ऑपरेटिव वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें सर्जनों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक दिन की गहन शल्य चिकित्सा शिक्षा और क्लिनिकल एक्सपोज़र में भाग लिया। वर्कशॉप में डॉ. संदीप दवे (रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन) और उनकी विशेषज्ञ सर्जिकल टीम द्वारा ऑपरेटिव प्रत्यक्ष प्रदर्शन की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को आधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीकों की महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसका उद्देश्य सर्जिकल कौशल को निखारना और प्रमाण आधारित अभ्यास के माध्यम से रोगियों के परिणामों में सुधार करना था। वर्कशॉप की प्रमुख विशेषता इसका सहयोगात्मक और केस-आधारित प्रारूप रहा। क्षेत्रभर से सर्जनों ने अपने जटिल और चुनौतीपूर्ण मामलों को पंजीकृत किया, जिनका संचालन रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में अनुभवी पैनल–डॉ. संदीप दवे (सीनियर रोबोटिक सर्जन), डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर (सीनियर कंसल्टेंट सर्जन), डॉ. जाव्वाद नक़वी (सीनियर कंसल्टेंट सर्जन), डॉ. विक्रम शर्मा (कंसल्टेंट जनरल सर्जन), और डॉ. शमीक दवे (जनरल सर्जन)–द्वारा किया गया। ऑपरेटिव प्रक्रियाओं के दौरान रेफरिंग सर्जनों की उपस्थिति ने सक्रिय चर्चा, पीयर लर्निंग और गहन क्लिनिकल समझ को बढ़ावा दिया। वर्कशॉप के दौरान कुल 15 विभिन्न सर्जिकल केस रोबोटिक और लैप्रोस्कोपिक तकनीकों के माध्यम से निष्पादित किए गए। इनमें कई प्रकार की हर्निया सर्जरी शामिल थीं–हर्निया, वेंट्रल हर्निया, इन्सीजनल हर्निया, इंफ्राअम्बिलिकल इन्सीजनल हर्निया–साथ ही अन्य उन्नत लैप्रोस्कोपिक प्रक्रियाएँ जैसे हिस्टेरेक्टॉमी, बी/एल सिस्टेक्टॉमी, कोलेसिस्टेक्टॉमी और अपेंडेक्टॉमी। केसों की विविधता ने हर्निया तथा जनरल लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी दोनों का व्यापक एक्सपोज़र सुनिश्चित किया। वर्कशॉप में लगभग 100 सर्जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की प्रगतियों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

# महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा हुआ व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में फोटो केमेस्ट्री विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्रोत वक्ता के रूप में अनिता पटेल (सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं प्रभारी प्राचार्य) डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा मंचासीन रहे। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने कार्यशाला के उददेश्य एवं पृष्ठभूमि के बारे में बताया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने इस आयोजन के लिए विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग्यताएं कर्म से पैदा होती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को आत्म अनुशासन, संयम एवं कठोर परिश्रम को अपनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। स्रोत वक्ता अनिता पटेल ने इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से डार्क रिएक्शन, थर्मल रिएक्शन, लॉ ऑफ़ फोटोकेमेस्ट्री, प्राइमरी एवं सेकेंडरी प्रोसेस तथा क्वांटम दक्षता के बारे मे बताया। विद्यार्थियों के जिज्ञासा एवं शंकाओं के परिपेक्ष में सारगर्भित टिप्स दी गई। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन पीतांबर बाघ तथा आभार प्रदर्शन अनिल गुप्ता ने किया।

# कालिंगा विश्वविद्यालय में ऑपरेशनल एक्सीलेंस विद सिक्स सिग्मा विषय पर एक दिवसीय मास्टरक्लास का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर के करियर एंड कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर ने 28 नवंबर को ऑपरेशनल एक्सीलेंस विद सिक्स सिग्मा पर एक दिवसीय मास्टरक्लास का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम का उददेश्य प्रतिभागियों को आधुनिक उद्योग-मानक उपकरणों और कार्यप्रणालियों का उपयोग करके गुणवत्ता प्रबंधन, प्रक्रिया सुधार और लागत दक्षता के संबंध में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। मास्टरक्लास की शुरुआत सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन और कालिंगा कॉर्पोरेट वीडियो की प्रस्तुति के साथ हुई। इसके बाद कुलपति डॉ. आर. श्रीधर द्वारा विश्वविद्यालय परिचय संबोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने नवाचार-प्रधान और उद्योग-संलग्न शिक्षा में विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया। इसके उपरांत, कॉर्पोरेट एंड करियर रिसोर्स सेंटर के निदेशक पंकज तिवारी ने कार्यक्रम की उदघाटन रूपरेखा प्रस्तुत की, सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और दिनभर की कार्यसूची साझा की। मास्टरक्लास के तकनीकी सत्रों का संचालन सुबोध जैन द्वारा किया गया, जो एक लीन सिक्स सिग्मा मास्टर ब्लैक बेल्ट हैं और मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव रखते हैं। उनके सत्र वास्तविक जीवन के केस स्टडी, व्यावहारिक उदाहरणों और इंटरैक्टिव चर्चाओं से समृद्ध थे। कवर किए गए प्रमुख विषयों में सिक्स सिग्मा बेल्ट्स और सर्टिफिकेशन प्रक्रिया, मोटोरोला केस स्टडी, लीन सिद्धांत, 3डी मॉडल, 5एस मेथडोलॉजी, 7 क्यू/सी टूल्स, डीएमएआईसी फ्रेमवर्क, सर्टिफिकेशन मूल्यांकन परीक्षण शामिल थे। रियल एस्टेट, इंजीनियरिंग, स्टील, स्वास्थ्य सेवाएँ, पेंट, रसायन और शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की समृद्धि को और बढ़ाया, जिससे यह संवाद और ज्ञान-विनिमय के लिए एक वास्तविक बहुविषयक मंच बन गया। दिन का समापन समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों को सिक्स सिग्मा येलो बेल्ट प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। धन्यवाद प्रस्ताव टीम की बंगारु ज्योत्स्ना द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन एक गर्मजोशी भरे और सकारात्मक माहौल के साथ समूह तस्वीर और जलपान के साथ हुआ।



## नाम परिवर्तन

मैं राहुल प्रजापति पिता केशव प्रसाद प्रजापति, निवासी टंकी दफाई, नार्थ झगराखंड, जिला-एम.सी.बी., छत्तीसगढ़ का निवासी हूँ। मेरे ड्रायविंग लायसेंस में भूलवश मेरे पिता का नाम मूलचंद प्रजापति दर्ज हो गया है। यह कि मेरे पिता का नाम केशव प्रसाद प्रजापति है। इसे मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में सुधार कर पिता का नाम केशव प्रसाद प्रजापति दर्ज किया जाए। इस सूचना का प्रकाशन मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम केशव प्रसाद प्रजापति करने के लिए किया गया है।

**आवेदक**
**राहुल प्रजापति**
पिता-केशव प्रसाद प्रजापति,
टंकी दफाई,नार्थ झगराखंड,
जिला-एमसीबी छत्तीसगढ़

## शपथ पत्र

मैं सुशिला भंडारी, आयु 35 वर्ष, निवासी लोहारपारा कोतापाल, बोरजे, पोस्ट बीजापुर, तहसील बीजापुर, जिला बीजापुर, छ.ग. पिन नं. 494444 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करती हूँ कि :-

1. यह की मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा नाम सुशिला भंडारी पति रामन्ना भंडारी रहा है जो कि मेरे मतदाता प्रमाण-पत्र में अंकितानुसार सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम सुशिला चंद्रय्या आदे पिता चंद्रय्या आदे अंकित है।
4. मेरा विवाह होने के उपरांत मेरा नाम रीति-रिवाज एवं परंपरानुसार सुशिला भंडारी हो गया है। अतः मैं विवाह के पश्चात अपने नए नाम को आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुशिला चंद्रय्या आदे पिता चंद्रय्या आदे के स्थान पर मेरा वास्तविक व सही नाम सुशिला भंडारी पति रामन्ना भंडारी कर अंकित करवाना चाहती हूँ।
5. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ पत्र बनाया है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपर्थकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 04/12/122025 को स्थान बीजापुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

## न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202512310800612/च-124/2025-26
साकिन जैजैपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बरतलाल साहू पिता काशीराम साकिन जैजैपुर तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) ने अपने पुत्री तन्नु साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 24/10/10 के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 29/12/2025 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**जैजैपुर**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**// उद्घोषणा //**

प्र.क्रं 202512091000006 अ-2 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम आरी, प.ह.न. 22, रा.नि.मंडल आरी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक टिकेश्वर साहू आ. केवलदास साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम मनेरी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम आरी, प.ह.नं. 22, तहसील डोंगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 7/11 रकबा 0.030 हेक्टेयर को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 19/12/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 19/12/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक- 05/12/2025
सुनवाई दिनांक-19/12/2025

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगांव**
**जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

# रायपुर नगर पालिक निगम ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए आईआईटी खड़गपुर-परिक्षित 'प्रमिति' तकनीक को अपनाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर पालिक निगम ने राजधानी शहर रायपुर की वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर द्वारा विकसित और परिक्षित अभिनव तकनीक प्रमिति को रायपुर नगर पालिक निगम ने आधिकारिक रूप से अपनाया है। इस तकनीक का शुभारंभ रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे द्वारा सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य गायत्री सुनील चंद्राकर, मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, भोलाराम साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि संतोष हियाल सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, अधीक्षण अभियंता इमरान खान, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता संविदा बी.एल. चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, अंशुल शर्मा जूनियर, सहायक अभियंता योगेश कडु, उप अभियंता रमेश पटेल सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में दो वाटर मिस्ट व्हीकल को हरी झंडी दिखाकर रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के समक्ष किया गया, शुभारम्भ करते हुए महापौर मीनल चौबे ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजधानी शहर रायपुर में जहां पर आमजनों की आवाजाही अधिक होती है, उन स्थानों पर वाटर मिस्ट व्हीकल प्राथमिकता के साथ चलवायी जाये। छत्तीसगढ़ पर्यावरण एवं संरक्षण बोर्ड (सीईसीबी) और आईआईटी खड़गपुर के बीच राज्य में वायु प्रदूषण कम करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया था। इस समझौते के अंतर्गत आईआईटी खड़गपुर ने रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में वायु प्रदूषण के कारकों पर विस्तृत अध्ययन किया। अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि शहर के कुल वायु प्रदूषण का लगभग 30 प्रतिशत केवल सड़क की धूल से उत्पन्न होता है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए संस्थान ने प्रमुख यातायात चौराहों पर वॉटर मिस्ट/फॉगिंग सिस्टम लगाने, निर्माण स्थलों को ढकने तथा उपलब्ध स्थानों पर वृक्षारोपण करने जैसे उपाय सुझाए गए थे। इसी दिशा में तैयार की गयी कार्ययोजना (एक्शन प्लान) के अनुसार वॉटर मिस्ट व्हीकल का क्रय किया गया है, ताकि धूल कणों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके। यह तकनीक सामान्य वॉटर कैनन की तरह केवल पानी नहीं छिड़कती, बल्कि अल्ट्रा-फाइन माइक्रो ड्रॉपलेट्स उत्पन्न करती है जो हवा में मौजूद पीएम10, पीएम2.5 और पीएम1 कणों के साथ बंधकर उन्हें तुरंत नीचे बैठा देती है। यह तकनीक अत्याधुनिक, पूर्णतः स्वचालित प्रदूषण-नियंत्रण प्रणाली शहर में धूलकणों को कम करने और स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक पेटेंट-आधारित, अत्याधुनिक, पूर्ण स्वचालित वायु-प्रदूषण नवीन तकनीक है, जिसे भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से विकसित किया गया है। इस वैन में इन-बिल्ट जनरेटर, स्टेनलेस स्टील (स्टेनलेस स्टील) पानी भंडारण टैंक, उच्च क्षमता वाले पंप, डुअल फिल्टर सिस्टम और इंटरवल-आधारित स्वचालित टाइमर वाला कंट्रोल पैनल लगा है। दिल्ली की 1.6 किलोमीटर लंबी व्यस्त सड़क पर इस तकनीक के फील्ड-टेस्ट आईआईटी खड़गपुर की निगरानी में किए गए, जिसके परिणाम अत्यंत प्रभावी और उत्साहजनक रहे– पीएम10 में 23% की कमी, पीएम2.5 में 59% की कमी, पीएम1 में 70% की कमी (सबसे अधिक सुधार)।विशेष रूप से पीएम1 जैसे अति सूक्ष्म कणों में 70% तक की गिरावट दर्ज की गई, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये कण फेफड़ों तक गहराई में प्रवेश करते हैं। ये परिणाम सिद्ध करते हैं कि हाई-प्रेशर माइक्रो मिस्टिंग केवल दृश्य प्रभाव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, त्वरित और प्रभावी तकनीक है। रायपुर नगर पालिक निगम का लक्ष्य स्पष्ट है– नगरवासियों को स्वच्छ हवा मिले, प्रदूषण को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित किया जाए,और रायपुर शहर को एक हरित, स्वस्थ और भविष्य-उन्मुख शहर के रूप में विकसित किया जाए। प्रमिति तकनीक का शहर में 15वे वित्त आयोग द्वारा संचालन शुरू होने के साथ ही रायपुर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक नया, प्रभावी और प्रमाणिक समाधान अपनाने वाला अग्रणी शहर बन गया है। रायपुर आगे बढ़ रहा है – स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवन और सतत विकास की दिशा में।

## शहीद वीर नारायण सिंह के 168वें बलिदान दिवस पर गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने किया नमन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह का 168वें बलिदान दिवस पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के स्मृति स्थल (लोक भवन चौक) में रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने गणमान्यजनों और सामाजिक कार्यकर्त्ताओं सहित सादर नमन किया।

### राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की पुण्यतिथि 12 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर के जलविहार कॉलोनी उद्यान परिसर स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 3 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

## रायपुर में 'प्रोजेक्ट रचना': जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की पहल, रायपुर नगर निगम का क्रियान्वयन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की दूरदर्शी पहल पर रायपुर नगर पालिक निगम ने एक अभिनव परियोजना 'प्रोजेक्ट रचना' को सफलतापूर्वक लागू किया है। इस परियोजना का उद्देश्य बेकार पड़ी फ्लेक्स शीट्स को रिपरपोज कर आर कांस्पेटस-रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल, रिपरपोज के तहत उपयोगी संसाधन में बदलना और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और रोजगारोन्मुखी कौशल विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर जिला प्रशासन, रायपुर नगर पालिक निगम और आईटीआई सड्डू के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों ने अब तक 2000 से अधिक उपयोगी एवं कलात्मक वस्तुएँ तैयार की हैं। इनमें चटाइयाँ, बोतल कवर, कैरी बैग, कंप्यूटर एवं सिलाई मशीन कवर सहित वेस्ट-टू-आर्ट की आकर्षक रचनाएँ शामिल हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को इन रिपरपोज्ड फ्लेक्स शीट्स से निर्मित नई चटाइयाँ और बोतल कवर प्रदान किए गए। बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई।रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह वेस्ट मिनिमाइजेशन की दिशा में लगातार नए प्रयास कर रहे हैं, ताकि रायपुर को स्वच्छ, हरित और सतत विकासशील शहर बनाया जा सके। 'प्रोजेक्ट रचना' यह संदेश देता है कि कचरा भी संसाधन बन सकता है, यदि उसे सही दिशा दी जाए। यह पहल परिपत्र अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकॉनामी) को बढ़ावा देने के साथ-साथ कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभिनव पहल को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने अपने राष्ट्रीय सोशल मीडिया हैंडल से साझा करते हुए रायपुर की इस उपलब्धि की सराहना की। इससे रायपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नवाचार और सतत विकास के लिए एक आदर्श शहर के रूप में पहचान मिली है। रायपुर प्रशासन नवाचार और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए शहर को स्वच्छ और भविष्य-उन्मुख बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## स्ट्रीक्स ने अपने 'मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट' कैंपेन के लिए जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर बनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई) के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊर्जावान नए कैंपेन मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है। जसप्रीत बुमराह– अपनी स्पीड, उच्च प्रदर्शन और निरंतरता के लिए मशहूर– स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के स्पीड और गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के वादे का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी अनुशासित पर्सनैलिटी और व्यापक अपील उन्हें ऐसे उत्पाद की आवाज़ बनाती है जो क्विक, असरदार और उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों पर आधारित है। कैंपेन का नया टीवी विज्ञापन, विचार मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट पर आधारित है, जो इस दर्शन को एक तेज-तर्रार, परफॉर्मेंस-ड्रिवन कहानी के रूप में प्रस्तुत करता है। बुमराह के साथ यह नैरेटिव सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहता–बल्कि स्मार्ट ग्रुमिंग सुपीरियोरिटी और आधुनिक, आसान स्टाइल को नया बेंचमार्क देता है। स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर जिसकी कीमत केवल 15 रूपए से शुरू होती है, शैंपू की तरह लगाने में आसान है और सिर्फ 5 मिनट में बालों को कलर करता है।

## कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में फराह खान और दिलीप ने बढ़ाया पहले स्वाद चैलेंज का तड़का



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अपनी चुटकियों और ट्रेडमार्क तड़के के साथ फिल्ममेकर फराह खान इंटरनेट फेवरेट दिलीप के साथ कलर्स के मंगल लक्ष्मी में एक स्पेशल एपिसोड के लिए पहुंचीं, जहाँ किचन डांस और अनोखे कुकिंग टास्क से जीवंत हो गया। चल रहे ट्रैक में 'पहला स्वाद' प्रतियोगिता अपने सबसे निर्णायक चरण में है – टिकट-टू-फिनाले चैलेंज – जहाँ नई हेड शेफ भाभीजी (नीलू वागेला) मंगल और सौम्या को अप्रत्याशित कुकिंग टेस्ट में लगा देती हैं। जैसे ही फराह और दिलीप एक रोमांचक 'जोड़ी चैलेंज' पेश करते हैं, सौम्या आदित के साथ टीम बनाती है और मंगल को अकेले ही मुकाबला करना पड़ता है। अब, फिनाले साफ नजर आने के साथ सवाल यह है – क्या मंगल ऐसा डिश दे पाएगी जो न सिर्फ जजों के दिल जीत ले बल्कि प्रतियोगिता में उसकी जगह पक्की कर दे। कलर्स के मंगल लक्ष्मी के एक खास एपिसोड की शूटिंग के दौरान फराह खान ने कहा, अरे भाई, जब किचन का महायुद्ध हो रहा हो मंगल लक्ष्मी में, मुझे तो आना ही था! मैं सुपर एक्साइटेड हूँ 'पहला स्वाद' टिकट-टू-फिनाले चैलेंज जज करने के लिए – यहाँ खाने का टेस्ट भी होगा और कंटेस्टेंट्स का पेशन्स भी।

## एचडीएफसी बैंक ग्रुप ने 'एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स- 2025' सफलतापूर्वक पूरा किया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एचडीएफसी बैंक ग्रुप ने 'एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स 2025' के चौथे संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें छह सेक्टर के 10 विजेताओं और उभरती महिला फाउंडर्स के लिए दो स्पेशल रिकग्निशन अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स-2025 को एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी कैपिटल और एचडीएफसी एएमसी ने मिलकर आयोजित किया था, जिसमें ग्ररुप की दूसरी कंपनियों एचडीएफसी लाइफ, एचडीएफसी एर्गो, एचडीएफसी सिक्योरिटीज और एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज़ ने भारत के तेज़ी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को सपोर्ट किया। इस एडिशन में देश के 290 से ज़्यादा शहरों के 1,600+ स्टार्टअप्स ने रूचि दिखाई थी। स्टार्टअप इकोसिस्टम को सपोर्ट करने के लिए बनाया गया, एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स स्टार्टअप्स के लिए एक रिकग्निशन प्लेटफॉर्म देता है और एचडीएफसी बैंक ग्रुप की कंपनियों को प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस के जॉइंट डेवलपमेंट में शामिल होने और उन्हें एक्सप्लोर करने में मदद करता है। यह पहल शुरुआती स्टेज के स्टार्टअप्स को पहचान देती है, जो एंटरप्रेन्योरशिप के सफर को बढ़ावा देने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस बनाते हैं। इस साल की शुरुआत में एचडीएफसी बैंक ने एनयू लैब्स में इन्वेस्टमेंट की घोषणा की, जो फुल-स्टैक एंड-टू-एंड क्वांटम-सेफ साइबर सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म में अग्रणी है।

## अमेजन 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को सशक्त बना रहा है, 2030 तक भारत में 35 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन के छठे संस्करण के 'संभव समिट' में जारी की गई कीस्टोन स्ट्रैटेजी की एक आर्थिक प्रभाव रिपोर्ट से पता चलता है कि 2010 से भारत में अमेजन का 40 बिलियन डॉलर का संचयी निवेश, जिसमें कर्मचारियों को मुआवजा और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है, ने भारत के 'आत्मनिर्भर' विजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कीस्टोन के अनुसार, इन निवेशों ने अमेजन को भारत में सबसे बड़े विदेशी निवेशक, ई-कॉमर्स निर्यात के सबसे बड़े प्रवर्तक और देश के शीर्ष नौकरी सृजनकर्ताओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। कंपनी ने पूर्ति केंद्रों, परिवहन नेटवर्क, डेटा केंद्रों, डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी विकास सहित भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कीस्टोन रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन ने 12 मिलियन से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है और कुल ई-कॉमर्स निर्यात में 20 बिलियन डॉलर सक्षम किया है, जबकि 2024 में भारत में विभिन्न उद्योगों में लगभग 2.8 मिलियन प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, प्रेरित और मौसमी नौकरियों का समर्थन किया है। इसी मंच पर, अमेजन ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और घोषणा की कि वह 2030 तक देश में अपने सभी व्यवसायों में 35 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बना रहा है।

## इस सर्दी में अपनी त्वचा की देखभाल करें कैलिफोर्निया बादाम के साथ : ऋतिका समद्दार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड, डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली ने बताया सर्दियाँ अपने साथ सुकून भरी रातें और त्योहारों का उत्सव लेकर आती हैं, लेकिन कई लोगों के लिए यह एक परिचित चुनौती भी पेश करती हैः शुष्क, बेरंग और संवेदनशील त्वचा। ठंडी हवा त्वचा से नमी खींच लेती है, जिससे यह रूखी और जलनशील हो जाती है। टॉपिकल स्किनकेयर मदद कर सकता है, लेकिन लंबे समय तक पोषण शरीर के अंदर से ही शुरू होता है। न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की देखभाल का सबसे प्रभावी तरीका सही खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर को पोषण देना है। वह बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की सूखापन केवल स्किनकेयर का मुददा नहीं है, बल्कि यह पोषण से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन ई और ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया, जैसे फैटी फिश और कैलिफोर्निया बादाम। रोज़ाना बादाम को अपने आहार में शामिल करने से त्वचा को भीतर से पोषण मिलता है और यह कठोर मौसम में भी मुलायम, हाइड्रेटेड और स्वस्थ बनी रहती है। बादाम आवश्यक पोषक तत्वों का एक शक्तिशाली स्रोत हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य को कई तरीकों से समर्थन प्रदान करते हैं। यह विटामिन ई के सबसे समृद्ध प्राकृतिक स्रोतों में से एक हैं, जो एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है और त्वचा को क्षति से बचाता है।

## निगम स्वास्थ्य विभाग ने दुकानों की गंदगी नाली में बहाये जाने पर कुल 5700 रूपये का किया जुर्माना




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर पालिक निगम में प्राप्त गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत वस्तुस्थिति की जानकारी लेने किये गए औचक निरीक्षण के दौरान स्थल पर सही मिलने और नगर निगम जोन 5 अंतर्गत पण्डित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 के क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण इडली और कामाख्या भोजनालय द्वारा दुकानों की गन्दगी नाले में बहाये जाने पर और पान और फल दुकानों में गंदगी पाए जाने पर कुल 5700 रूपये का जुर्माना स्थल पर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देशानुसार जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी की उपस्थिति में वसूला गया। इसमें कामाख्या भोजनालय पर 2000 रूपये, दक्षिण इडली सेंटर पर 1000 रूपये, 3 पान दुकानों पर 1500 रूपये और फल ठेला दुकानों पर 1200 रूपये इस प्रकार कुल 5700 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए किया गया और गन्दगी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

## 14 दिसंबर को होगा गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य का रायपुर आगमन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सनातन धर्म के सार्वभौम धर्मगुरू गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से 15 दिनों के लिए रायपुर प्रवास में आ रहे है। जिनके आगमन को ले कर सुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम रावाभाटा में जोरो से तैयारियां चल रही है। इनके आगमन को ले कर पूरे प्रदेश में उनके शिष्यों में बहुत उत्साह है। छत्तीसगढ़ का परम सौभाग्य है कि पूरी शंकराचार्य जी आगमन छत्तीसगढ़ में होते रहता है और उनका आशीर्वाद ही है जिसके कारण आज छत्तीसगढ़ बहुत तीव्र गति से विकास कर रहा है। पुरी के शंकराचार्य सनातन धर्म के प्रतीक मान बिन्दुओं, आदर्श एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए पूरे भारतवर्ष में अपने आदि गुरू शंकराचार्य की तरह भ्रमण कर रहे हैं। वे भारत की अखण्डता, भारत की सीमाओं की रक्षा, गौरक्षा, महिला जागरण, पर्यावरण रक्षा एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के संदर्भ में अपने मौलिक विचारों से जन-जिज्ञासा को शांत कर रहे हैं। देश के बुद्धिजीवी उनके तर्कों एवं विचारों से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ रहे हैं। पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है, जो राष्ट्र को नई दिशा देने में समर्थ होगी। वे समाज को सुबुद्ध, स्वावलम्बी और सत्यसहिष्णु बनाना चाहते हैं। उन्होंने अन्यों के हित का ध्यान रखते हुए हिन्दुओं के अस्तित्व और आदर्श की रक्षा तथा देश की सुरक्षा और अखण्डता के पावन उद्देश्य से 'पीठपरिषद्' और उसके अन्तर्गत 'आदित्य वाहिनी' एवं 'आनन्द वाहिनी' नामक संस्थाओं की स्थापना की है।

## 1.2 किलोग्राम का ट्यूमर निकालकर आईएलएस अस्पताल ने सर्जरी को सफल बनाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईएलएस अस्पताल ने एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि हासिल करते हुए 1.5 वर्ष के बच्चे पर जटिल लीवर सर्जरी सफलतापूर्वक की है। नियमित देखभाल के दौरान पेट में उभार दिखने पर बच्चे को जांच के बाद लीवर ट्यूमर विशेषज्ञ डॉ. अजीत मिश्रा के पास भेजा गया, जहाँ पता चला कि उसे एम्ब्रायोनल मेसेन्काइमल हैमार्टोमा नामक दुर्लभ ट्यूमर है। मुख्य सर्जन डॉ. मिश्रा और उनकी टीम–डॉ. राकेश, डॉ. अभिनव और डॉ. धीरज–ने उन्नत तकनीक से लगभग 1.2 किलोग्राम का ट्यूमर निकालकर सर्जरी को सफल बनाया। बेहद कम रक्तस्राव के साथ हुए इस ऑपरेशन के बाद बच्चा केवल छह घंटे में तरल आहार लेने लगा और 48 घंटे में डिस्चार्ज हो गया। परिवार ने अस्पताल और टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुभवी डॉक्टरों और आधुनिक सुविधाओं के कारण इतनी जटिल सर्जरी संभव हो पाई।

## 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ एवं कलश यात्रा निकाली गई



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पी.पी. स्टील प्रांगण, खोलवा रोड में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित शक्ति संवर्धन विराट 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में नगर के विभिन्न वार्डों से आईं माता-बहनों, श्रद्धालुओं एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। संपूर्ण यात्रा मार्ग श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी अधिक दिव्य एवं ऐतिहासिक बन पड़ी। इस अवसर पर क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण, नैतिक मूल्यों के प्रसार तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संकल्प के साथ महायज्ञ की शुरुआत की गई, जो आगे आने वाले दिनों में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठानों और सामूहिक प्रार्थनाओं के साथ संपन्न होगा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि गायत्री महायज्ञ जैसे आयोजन समाज में सदभाव, शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## लालपुर के निस्तारी तालाब को लेकर पंकज शर्मा के साथ लालपुर निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



लालपुर के निस्तारी शीतला तालाब को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर भ्रष्टाचार एवं मनमानी करने तथा राजस्व त्रुटि को सुधार करने को लेकर लालपुर के निवासियों ने पंकज शर्मा के साथ कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इस दौरान स्थानीय निवासियों को कलेक्टर ने आशवस्त करते हुये कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने बताया कि लालपुर स्थित शीतला तालाब की कैफियत कॉलम में वर्ष 1925-26 से 2000-2001 तक तालाब तथा तालाब पार दर्ज है। वर्ष 2002-03 में त्रुटिवश उक्त तालाब को राजस्व अभिलेखों में निजी व्यक्ति की कृषि भूमि के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। उक्त तालाब वार्डवासियों के आम निस्तारी का साधन है तथा शीतला मंदिर भी इसी तालाब से जुड़ा हुआ है एवं समस्त वार्डवासी शीतला माता मंदिर में पूजा-पाठ के साथ-साथ तालाब का संरक्षण एवं देखभाल भी कर रहें है। यह एक आस्था से जुडा हुआ मामला है। राजस्व अभिलेखों में निजी व्यक्ति का नाम दर्ज होने पर उनके द्वारा अनाधिकृत रूप से स्थानीय निवासियों पर दबाव बनाकर बलपूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके कारण स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। राजस्व अभिलेखों में जिस प्रकार से जानबूझकर त्रुटि की गई है उसे सुधार करने के लिये आज लालपुर निवासियों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। स्थानीय लोगो का कहना है कि शीतला तालाब को मिलीभगत कर भू-माफियाओं के द्वारा ग्रामवासियों से छल-कपट कर व्यक्तिगत नाम से राजस्व अभिलेखों दर्ज करा लिया गया है। तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिये हम सभी संघर्ष करते रहेंगे। प्रदेश सरकार एक ओर तालाब के संरक्षण की बात कहती है वहीं सरकार में बैठे कुछ लोग अधिकारियों से सांठगांठ कर लालपुर के तालाब को निजी हाथों में बेचकर भारी भ्रष्टाचार कर रहें रहें है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार मेनन, कृपाराम साहू, मनोज साहू, बलीराम साहू, तीरथ यादव, सुरेश धीवर, बंशी सागरवंशी, मुकेश साहू, तीरथ साहू, धीरज जैन, मोनू साहू, हरिचंद साहू, दयाराम यादव, लीलाधर साहू, केशव साहू, लकेश्वर साहू हिम्मत साहू, विजय साहू, नेतराम साहू, तुलसी साहू, अयोध्या साहू, जितेन्द्र साहू, भुनेश्वर कुमार, टीकाराम साहू, धनीराम साहू आदि उपस्थित थे।

## शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज द्वारा दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहीद वीर नारायण चौक पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जननायक शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं गणमान्यजनों ने उपस्थित होकर राष्ट्र के इस वीर सपूत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शहीद वीर नारायण सिंह ने अन्याय, अत्याचार और दमन के विरुद्ध जिस अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया, वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उनका त्याग, राष्ट्रनिष्ठा और जनसेवा का आदर्श चरित्र सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की शौर्य-परंपरा के उज्ज्वल प्रतीक हैं।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव सम्पन्न : सांस्कृतिक रंगों और प्रतियोगिताओं में दमक उठी युवा प्रतिभा

**भारत की संस्कृति और समृद्ध इतिहास को आगे ले जाने में युवा वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: विधायक रायमुनी भगत**

## महोत्सव बना यादगार, 400 से अधिक युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले में सोमवार को सामुदायिक भवन जशपुर में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन में लगभग 400 युवाओं ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। युवा उत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया, वहीं भाषण, चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपनी प्रतिभा से सबको आश्चर्यचकित किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रायमुनी भगत सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विधायक रायमुनी भगत ने अपने उद्बोधन में सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत की संस्कृति और इतिहास सदैव समृद्ध रहे हैं, और इस समृद्ध परंपरा को आगे ले जाने में युवा वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति सबसे बड़ी आधारशिला होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि सभी युवा निपुण हो और सभी को सामान अवसर मिले। इसलिए युवाओं को निखारने कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने युवाओं से मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया तथा शिक्षकों से युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन देने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष जशपुर अरविंद भगत ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि युवा ठान लें तो हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है और इस युवा प्रदेश में अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं को नशापान से दूर रहने की अपील भी की।

**युवा उत्सव में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता-उपविजेता का किया गया पुरूस्कृत-** युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। एकल प्रतियोगिता -वाद-विवाद स्पर्धा में फरसाबहार की रोशनी विश्वकर्मा विजेता और उपविजेता पत्थलगांव की किरण निषाद रहीं। इसी प्रकार से कहानी लेखन में विजेता श्रद्धा विश्वकर्मा जशपुर एवं उपविजेता देवकी यादव कांसाबेल, चित्रकला में विजेता समीर कश्यप जशपुर एवं उपविजेता सोनिया बाई कुनकुरी, कविता लेखन में विजेता अवि कुमार बड़ाईक पत्थलगांव एवं उपविजेता दीपिका बेहरा फरसाबहार, हस्तशिल्प में विजेता निशा बाई मनोरा एवं उपविजेता सत्यानंद राम कुनकुरी, हैंड क्राफ्ट में विजेता सना अख्तर कुनकुरी, कृषि उत्पाद में विजेता कुनकुरी, भाषण प्रतियोगिता में विजेता सरस्वती सिदार कांसाबेल एवं उपविजेता अभिलाषा एक्का कुनकुरी, व्यक्ति गत लोकगीत में विजेता जशपुर एवं उपविजेता कुनकुरी, व्यक्ति गत लोकनृत्य में विजेता कुनकुरी एवं उपविजेता कांसाबेल, पारंपरिक वेशभूषा में विजेता बगीचा एवं उपविजेता कांसाबेल। इसी प्रकार सामूहिक वर्ग - लोकनृत्य में विजेता कांसाबेल एवं उपविजेता कुनकुरी, सुआ नृत्य में विजेता कांसाबेल, करमा नृत्य में विजेता पत्थलगांव एवं उपविजेता दुलदुला, लोकगीत में विजेता जशपुर एवं उपविजेता कांसाबेल, विज्ञान मेला में विजेता कुनकुरी एवं उपविजेता मनोरा, राऊत नाचा में विजेता बगीचा और नाटक में विजेता कांसाबेल रहा।

# विधायक एवं कलेक्टर ने सेतगंगा में गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



गुरुघासीदास जयंती के सफल, सुव्यवस्थित और गरिमामय आयोजन को सुनिश्चित करने मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर कुन्दन कुमार ने ग्राम सेतगंगा में पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित आगमन को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र और प्राथमिकता के साथ पूरी करने के निर्देश दिए। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कोई भी व्यवस्था अधूरी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने हेलीपैड क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और वहां पहुंच मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग, हेलीपेड और भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुसार जल्द दुरुस्त किया जाए। सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए तैयारी समय पर पूर्ण करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर साहू, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, वरिष्ठ नागरिक मानिकलाल सोनवानी, जनपद सदस्य तरुण पाटले, ग्राम के सरपंच जय देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# एसडीएम प्रवीण भगत की चौकसी, अवैध धान परिवहन पर लगातार जांच, सख्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धान खरीदी का मौसम इन दिनों अपने चरम पर है। वहीं किसान उम्मीदों की गठरी लेकर केंद्रों की ओर बढ़ रहे हैं और शासन-प्रशासन पूरी तत्परता से व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में जुटा हुआ है। खरीदी केंद्रों में टोकन व्यवस्था लागू की गई है, किंतु तकनीकी खामियों के कारण सर्वर डाउन होने से किसानों को थोड़ी असुविधा भी झेलनी पड़ी। इधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने इस बार फर्जी धान बिक्री और बिचैलियों पर शिकंजा कसने का स्पष्ट संदेश दे दिया है। राज्यभर में एसडीएम, तहसीलदार, जिला एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी से लेकर जांचदूनिगरानी समितियों तक को इस अभियान में सक्रिय कर दिया गया है। इसी क्रम में धरमजयगढ़ एसडीएम प्रवीण कुमार भगत सख्त रुख अपनाए हुए हैं। धान खरीदी केंद्रों से लेकर ब्लॉक और जिला सीमा तक वे लगातार दौरा कर रहे हैं, वाहन चेकिंग कर रहे हैं और अवैध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीएम भगत की टीम ने कापू क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कापू सीमा स्थित गोलबुड़ा के पास सीतापुर (सरगुजा) से किलकिला-नारायणपुर मार्ग की ओर ले जाए जा रहे धान से भरे एक ट्रैक्टर को रोककर जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान चालक कोई भी वैध दस्तावेजकृन खेत संबंधी कागजात, न परिवहन अनुमति, और न ही खरीफ उपज ले जाने का अधिकार पत्र प्रस्तुत कर पाया। तत्पश्चात वाहन को कापू थाने में जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। और वहीं धान खरीदी के इस सीजन में प्रशासन पूरी सक्रियता से दबिश दे रहा है। धान की अवैध-बिक्री और बिना दस्तावेज परिवहन पर सख्ती बढ़ा दी गई है। वहीं एसडीएम प्रवीण भगत की कार्यशैली और त्वरित कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। उनकी सतर्कता से अवैध कारोबारियों में खौफ तो किसानों में भरोसे का संचार देखने को मिल रहा है। बहरहाल धरमजयगढ़ में इस बार धान का मौसम केवल फसल का ही नहीं, बल्कि कानून और व्यवस्था की कसौटी का भी बन गया है।

# हंसल एकैडमी एवं लाइब्रेरी से 50 लोगों का पुलिस में चयन

## पुलिस में चयन होने से हंसल एकैडमी की बल्ले बल्ले

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



हंसल एकैडमी एवं लाइब्रेरी जैजैपुर में संचालित है। जहां पर लोगों को उच्च पदो के लिए शिक्षा दिया जाता है। हंसल एकैडमी के संचालक सुरेश साहू ने यह बताया कि हमारे द्वारा पुलिस परीक्षा के लिए मार्गदर्शन कराया जाता है जहां पर बड़ी संख्या में दूर-दूर से लोग हमारे यहां आकर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसी का परिणाम सामने आया है। जिसमें हंसल एकैडमी से छत्तीसगढ़ में 50 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिन्होंने अपने अथक परिश्रम एवं संचालक के मार्ग बताएं परिश्रम के वजह से 50 लोगों का पुलिस में चयन होने की जानकारी से पूरे नगर पंचायत जैजैपुर में एक विशाल रैली निकाली गई फटाका एवं पुष्प हार से सभी चयनित पुलिस का स्वागत किया गया। इस तरह से अब हंसल एकैडमी का पहला कारवा अग्रसर हुआ और आने वाले समय में न जाने क्या-क्या पदो में चयन होता है वह तो समय ही बताएगा सभी पुलिस वाले ने अपने माता-पिता तथा हंसल अकैडमी को धन्यवाद अर्पित किए। जिनके बदौलत आज पुलिस में हम लोगों का चयन हुआ। पूरे नगर पंचायत जैजैपुर में खुशी का माहौल दिखाई पड़ा।

# गीताजंली एक्सप्रेस से महिला बैग की चोरी

## नगदी रकम समेत हजारों का सामान ले उड़े अज्ञात चोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गीताजंली एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला का लेडिस पर्स चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने नगदी रकम समेत लगभग 24 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। प्रार्थिया की शिकायत के बाद रायगढ़ जीआरपी पुलिस अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रतना शोमेन से ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह एम 448 टीबी टाउनशीप पंचशायर एसओ कोलकाता से 13 नवंबर को गीताजंली एक्सप्रेस के कोच नंबर ए-2 सीट नंगर 19, 21 में हावड़ा से नासिक के लिये सफर कर रही थी। सफर के दौरान 14 नवंबर की रात साढ़े 3 बजे रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास उसकी नींद खुलने पर उसने देखा कि उसके लेडिस बैग के अंदर रखे पर्स जिसमें सैमसंग कंपनी का मोबाईल, एटीएम कार्ड के अलावा नगदी रकम 1 हजार रूपये को मिलाकर कुल लगभग 24 हजार की अज्ञात चोर ने चोरी कर फरार हो चुका था। प्रार्थियां ने घटना की रिपोर्ट जीआरपी थाना नासिक रोड में दर्ज कराई जहां से मामला रायगढ़ जीआरपी थाना आने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

# जिला पंचायत में प्लास्टिक बोतल मुक्त परिसर अभियान का शुभारंभ

## सामान्य सभा की बैठक में पर्यावरण संरक्षण को मिली नई दिशा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कई महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत प्लास्टिक बोतल मुक्त जिला पंचायत अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जागरूक किया गया तथा प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर कांच व स्टील की बोतलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, सभी सदस्यगण, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान को पहले जिला पंचायत परिसर में नियमित रूप से संचालित किया जाएगा और आगे चलकर इसे गांव-गांव तक विस्तार दिया जाएगा। यह अभियान जिले में स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने प्लास्टिक बोतलों का उपयोग न करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## नगरीय प्रशासन विभाग ने एमसीबी जिले को विकास कार्यों के लिए दी 19 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

**मनेन्द्रगढ़।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा एमसीबी जिले में विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 19 करोड़ रुपए से अधिक राशि की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि में नगर पालिक निगम चिरमिरी को 9 करोड़ 72 लाख रुपए, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ को 6 करोड़ 48 लाख रुपए तथा नगर पंचायत झगराखंड को 3 करोड़ रुपए शामिल हैं। यह राशि क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, रोशनी तथा अन्य बुनियादी ढांचा विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के विकास के लिए मिली स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार प्रकट किया है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाः सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बना उपाध्याय परिवार

## रूफटॉप सोलर प्लांट से बिजली बिल हुआ लगभग शून्य

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आम नागरिकों को सस्ती, स्वच्छ और निरंतर बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इस योजना ने जिले के अनेक परिवारों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। सरल प्रक्रिया और आकर्षक सब्सिडी के कारण नागरिक तेजी से सौर ऊर्जा अपनाकर आर्थिक बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के ग्राम करही निवासी चंद्रशेखर उपाध्याय ने अपने घर की छत पर 05 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट संचालित होने के बाद अब उनका घर पूरी तरह सौर ऊर्जा से रोशन रहता है। इससे उनके मासिक बिजली बिल में भारी कमी आई है तथा उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है, जिससे आर्थिक राहत मिली है। उपाध्याय ने बताया कि पहले हर महीने बिजली बिल को लेकर वित्तीय चिंता रहती थी, लेकिन अब वह पूरी तरह निश्चिंत हैं। उन्होंने शासन के इस प्रयास को आमजन के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित इस योजना से आम नागरिकों को वास्तविक ऊर्जा प्राप्त हो रही है। सब्सिडी और सरल प्रक्रिया के कारण सोलर प्लांट लगाना आसान हुआ है और इससे हमारे घर के साथ-साथ पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिल रहा है।

### आकर्षक सब्सिडी बनी योजना की बड़ी ताकत

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत शासन द्वारा दी जा रही आकर्षक सब्सिडी बड़ी ताकत बन रही है। रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने पर उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा उच्च स्तर की आर्थिक सहायता (सब्सिडी) प्रदान की जा रही है। 01 किलोवाट पर 45 हजार रुपये, 02 किलोवाट पर 90 हजार रुपये और 03 से 04 किलोवाट तक पर अधिकतम 01 लाख 08 हजार रुपये सब्सिडी दी जाती है। इसके साथ ही बैंक के माध्यम से आसान किस्तों पर वित्त सुविधा उपलब्ध है।



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

## सतत् प्रगति पथ पर
# छत्तीसगढ़



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### बस्तर में बदलाव की बयार
- बस्तर में नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार
- बस्तर में 24,000 करोड़ का निवेश विकास की नई उड़ान
- जांगला (बीजापुर) देश का पहला हेल्थ वेलनेस सेंटर, आयुष्मान भारत की सौगात
- नगरनार स्टील प्लांट राष्ट्र को समर्पित
- रावघाट जगदलपुर नई रेल लाइन परियोजना से विकास को नई रफ्तार
- 50,000 करोड़ की बोधघाट बहुउद्देशीय परियोजना बिजली, सिंचाई, रोजगार और पेयजल का मिलेगा लाभ

### महिलाओं का सम्मान
- 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ
- 36 लाख महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन
- आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के लिए सभी पंचायत में 'महतारी सदन' का निर्माण

### बेहतर भविष्य की आधारशिला
- राजधानी रायपुर में एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित जंगल सफारी
- भिलाई इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण व आईआईटी भिलाई की आधारशिला
- 30 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता का विकास
- 32 हजार मेगावाट क्षमता के बिजली घरों के लिए एमओयू

### कृषक कल्याण
- छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का सर्वाधिक दाम
- 20 माह में 1.25 लाख करोड़ सीधे किसानों के खाते में
- 26 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि

### आवास और सामाजिक सुरक्षा
- 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास
- 40 लाख से अधिक परिवारों को स्वच्छ पेयजल
- राज्य के शत्-प्रतिशत् गांवों का विद्युतीकरण
- खनिज क्षेत्रों में विकास हेतु डीएमएफ फंड की सौगात

### सुगम आवागमन
- 47,000 करोड़ की रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन
- 32 रेल्वे स्टेशनों का वर्ल्ड क्लास उन्नयन
- 40 हजार करोड़ से अधिक लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास
- रायपुर-विशापट्टनम एवं रायपुर-रांची-धनबाद एक्सप्रेस-वे
- जगदलपुर-रायपुर व अंबिकापुर-रायपुर हवाई सेवा प्रारंभ

### जनजातीय सशक्तिकरण
- पीएम जनमन योजना 59 हजार परिवार लाभान्वित व 2,449 किमी सड़कें स्वीकृत
- धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान 6,691 ग्राम लाभान्वित



हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

**सुशासन से समृद्धि की ओर**

Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Samvad-44464/6


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403